खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30° C
न्यूनतम : 15° C

मुरादाबाद, मंगलवार 10 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 204 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट: नायडू पेज 2



ओलंपिक गोल्ड जीतना है अगला लक्ष्य : सूर्यकुमार खेल टाइम्स



टी-20 क्रिकेट : टीम इंडिया का वर्चस्व सम्पादकीय



पश्चिम एशिया संकट गहराने से शेयर बाजार धड़ाम पेज 2

# धामी सरकार ने किया 1.11 लाख करोड़ का बजट पेश

## गंगा कॉरिडोर समेत कई नई योजनाओं का ऐलान, बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**गैरसैंण।** गैरसैंण। उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में चल रहा है, जिसके तहत सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 के लिए 1,11,703.21 करोड़ रुपये का बजट सदन में पेश किया। बजट में नई योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है।

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने साल 2026-27 का बजट सदन में पेश किया, इस बार राज्य का कुल बजट आकार 1,11,703.21 करोड़ रुपये यानी एक लाख 11 हजार 703 करोड़ रुपये का रखा गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 10.41 फीसदी ज्यादा है। सरकार ने इस बजट को विकास, रोजगार, पर्यटन और आधारभूत ढांचे -शेष पृष्ठ दो पर

### हरिद्वार व ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़

धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना और ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए 10-10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### आपदा सखी योजना के लिए 19 करोड़ रुपये प्रस्तावित

आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 'आपदा सखी' योजना के लिए 2 करोड़ रुपये और रेस्क्यू सेंटर के लिए 19 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम प्रहरी योजना के लिए 5 करोड़ रुपये रखा गया है।

### साइबर सिक्योरिटी और एआई पर भी विशेष फोकस

तकनीकी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए साइबर सिक्योरिटी के क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ और इमरजिंग टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए 10.50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य: सीएम

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प ज्ञान मॉडल के माध्यम से राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है। इस मॉडल में गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण को विकास के चार प्रमुख स्तंभ के रूप में रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज -शेष पृष्ठ दो पर

## 20वां रोज़ा

### रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है



बीसवां रोज़ा दरअसल मगफिरत के अशरे की आखिरी कड़ी है। जैसा कि पहले भी बयान किया जा चुका है कि ग्यारहवें रोज़े से शुरू होकर बीसवें रोज़े तक के बीच के दस दिनों की रोज़ेदार की परहेजगारी, इबादत, तिलावते-कुरआन और तकवा के साथ अल्लाह की फर्मांबरदारी ही मगफिरत की रोशनी का मुस्तहिक बनाती है। बीसवें रोजे की तश्बीह कुछ इस तरह होगी। रोज़ा रूहानी काउंटर है। तकवा तराज़ू है। पाकीज़गी और परहेजगारी पलड़े हैं। सब्र इस तराज़ू की डंडी या ग्रिप है। अल्लाह पर ईमान इसका बाट है। मगफिरत सामान है। यों भी कहा जा सकता है कि रोज़ा सब्र का प्याला और मगफिरत का उजाला है। सवाल यह उठता है कि मगफिरत का यह उजाला नसीब कैसे हो? इसका जवाब कुरआने-पाक की सूरह आले इमरान की आयत नंबर सत्तावन में इस तरह है- और जो ईमान लाए और अमल-ए-नेक करते रहे उनको खुदा पूरा-पूरा सिला देगा।

# इजरायल ने ईरान पर फिर किए ताबड़तोड़ हमले

## तेहरान-इस्फहान समेत कई शहरों को बनाया निशाना

### ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर की जा रही एयरस्ट्राइक

### ईरान ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं

### पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका - इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का सोमवार को दसवां दिन था। इजरायल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इजरायली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक की जा रही हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है और ईरान निर्णायक जवाब देने पर ध्यान दे रहा है। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं। इस बीच टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को तेल भंडार ठिकानों पर इजरायली हमलों के बाद फैला तेल शहर की नालियों में पहुंच गया है। इससे सड़कों के किनारे आग की नदी जैसे हालात बन गए। ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने कहा है कि जो देश ईरान के खिलाफ युद्ध और दुश्मनी का रवैया रखते हैं, उन्हें अब समझ आ गया है कि ईरान की व्यवस्था मजबूत है और आगे भी कायम रहेगी। लारीजानी ने यह भी कहा कि नए नेतृत्व से देश में उम्मीद और एकजुटता बढ़ेगी। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की। अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजरायल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजरायल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है, जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया। अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं। अराघची ने कहा कि किसी भी देश में ऐसा करना देशद्रोह जैसा माना जाएगा।



### ईरान ने इजरायली-अमेरिकी ठिकानों पर बरसाए क्लस्टर बम

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने सोमवार को पश्चिमी एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर नए हमले किए। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों व क्लस्टर बम का भी इस्तेमाल किया गया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' पूरी तरह सफल रहा। इसके तहत क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजरायल कब्जे वाले उत्तरी क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया गया। बताया गया है कि इस ऑपरेशन में रणनीतिक ड्रोनों के अलावा खुर्रमशहर, फतह और खैबर मिसाइलों का उपयोग किया गया। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि ये हमले नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई के चुनाव के साथ ही किए गए। इस बीच, बहरीन के नेशनल कम्युनिकेशन सेंटर ने बताया कि ईरानी हमले के बाद मामीर गांव में बहरीन पेट्रोलियम कंपनी (बापको) के एक केंद्र में आग लग गई।

# दिल्ली शराब नीति केसः हाईकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

- सीबीआई अफसरों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक
- मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई नहीं करने का आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले। ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

### शरजील इमाम को कोर्ट ने दी10 दिन की अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट से सोमवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने शरजील को 20 मार्च से 30 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है। शरजील इमाम ने अदालत में अर्जी देकर 10 दिनों की अंतरिम रिहाई की मांग की थी। उनकी ओर से वकीलों ने दलील दी कि उनके सगे भाई की जल्द ही शादी होने वाली है, ऐसे में परिवार में उनकी मौजूदगी जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि उनकी मां की तबीयत काफी खराब है और उनकी देखभाल करने वाला कोई दूसरा नहीं है। इन परिस्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने मानवीय आधार पर राहत देते हुए शरजील इमाम को 10 दिनों के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति दे दी।

### ममता बनर्जी के धरने का चौथा दिन, रवींद्र संगीत सुनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरना स्थल पर ममता ने रवींद्र संगीत दल के साथ गाना गाया। ममता ने आरोप लगाया कि उनके धरना स्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियां पर्चे बांट रहे हैं। ममता ने टीएमसी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पर्चे बांट रहे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दें। पर्चों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली रैली का प्रचार किया जा रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष का हंगामा

- लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पाई चर्चा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के कारण पश्चिम एशिया के बिगड़े हालात पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

इसके कारण आज की कार्यसूची में होने के बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी। एक बार के स्थगन के बाद अपरान्ह तीन बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होते ही विपक्षी सदस्य पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग को लेकर फिर से हंगामा करने लगे। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरगुल करने लगे। अपनी मांगों के समर्थन में कई सदस्य तख्तियां भी लिए हुए थे। कई सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी कर रहे थे। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने हंगामे के बीच ही कहा कि 50 लाख से अधिक भारतीय खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं, जो एक बहुत गंभीर मुद्दा है और इस पर तत्काल चर्चा कराई जानी चाहिए। कुछ सदस्य कह रहे थे कि पेट्रोल और डीजल का संकट शुरू हो गया है, अतः इस मुद्दे पर चर्चा कराना जरूरी है। इससे पहले इसी मांग को लेकर हंगामे के कारण दोपहर 12 बजे कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आज की कार्यसूची में दर्ज थी, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित होने से इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकी।

# ईरानी युद्धपोत पर भारत की भूमिका को लेकर सरकार ने दी सफाई

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा: फर्जी वीडियो के जरिये लोगों को भ्रमित कर रहा है पाकिस्तान
- सेना प्रमुख द्विवेदी ने कथित वीडियो को फर्जी करार दिया



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है, जिसमें यह दावा किया गया है कि भारत ने श्रीलंका के निकट हिन्द महासागर में अमेरिकी हमले में नष्ट किए गए ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना की सटीक स्थिति इजरायल के साथ साझा की थी।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक में सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र ने इस वीडियो में डिजिटल रूप से बदलाव किया है और यह एआई जनित डीपफेक वीडियो है, जो फर्जी है। जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि पाकिस्तानी दुष्प्रचार अकाउंट भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का डिजिटल रूप से बदला हुआ वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें यह झूठा दावा किया गया है कि जब ईरानी जहाज अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में गया तो इजरायल के रणनीतिक सहयोगी के रूप में उसका सटीक स्थान बताना हमारा कर्तव्य था। सावधान रहें! यह एक एआई-जनित डीपफेक वीडियो है, जिसे जनता को गुमराह करने के लिए साझा किया गया है। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। सरकार ने कहा है कि आधिकारिक भाषणों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने वाली एआई-जनित सामग्री का प्रसार दुर्भावनापूर्ण तत्वों द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने का प्रयास है। सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के अनुसार एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य है और डिजिटल प्लेटफॉर्म से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे दिशानिर्देशों का पालन करें ताकि बदली हुई मीडिया सामग्री के प्रसार को रोका जा सके। पाकिस्तान ने जनरल द्विवेदी के ऑपरेशन सिंदूर पर एक मूल वीडियो में एआई से फेरबदल किया है और इस फर्जी वीडियो को लोगों को भ्रमित करने के लिए सोशल मीडिया पर जारी किया है।




## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में प्याज-लहसुन को तामसिक मानने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने 5 पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल)/जनहित याचिका फाइल की थीं। इनमें से एक में कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है या नहीं इसके लिए रिसर्च की मांग की गई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा कि आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या? सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वकील की पांचों पीआईएल अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। पिटीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था। सीजेआई बोले- आप जैन समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाना चाहते हैं।

एक नजर

## बसंती माता मंदिर पर मेला



**नजीबाबाद।** आज प्रात: छह बजे से दोपहर तीन बजे तक बसंती माता मंदिर व शीतला माता मंदिर पर मेला आयोजित हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शीतला माता मंदिर में होली त्यौहार के बाद पड़ने वाले पहले सोमवार को मेला आयोजित हुआ। मंदिर प्रशासन ने मेले को लेकर व्यापक तैयारियां की । मंदिर परिसर में पेयजल की उचित व्यवस्था कराई गई। शीतला माता की विशेष पूजा-अर्चना पंडित नीलम गिरि महाराज द्वारा की गई।

## पुलिस ने हत्यारोपी दबोचा



**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा वाला में पुलिस ने हत्या के आरोपी दो सगे भाइयों में से एक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। विवाद में एक व्यक्ति की मौत हुई थी और पुलिस द्वारा मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के सशक्त और संवेदनशील नेतृत्व में पुलिस टीमों द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास तेज हैं। इसी क्रम में नगीना थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले के दो में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामला तीन मार्च 2026 का है। फरियादी जयराम सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके ही गांव के नेतराम व चेतराम पुत्रगण निहाल सिंह द्वारा जयराम के पुत्र के साथ लाठी-डन्डों से मारपीट की गयी, जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना नगीना पर मुकदमा अपराध संख्या 59/2026 धारा 105 बीएनएस पंजीकृत किया गया। सोमवार को थाना नगीना पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त नेतराम पुत्र निहाल सिंह निवासी ग्राम बूढावाला थाना नगीना को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मदीना मस्जिद में इफ्तार पार्टी



**नजीबाबाद।** क्षेत्र से जहां ग्राम राहुखेड़ी कोरा राजारामपुर आजाद चौक के पास मदीना मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मदीना मस्जिद में हर साल की तरह इस साल भी मौहल्ला आजाद नगर के लोगों ने इफ्तार पार्टी कराई। इस इफ्तार में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। मौहल्ला आजाद नगर के लोगों ने इफ्तार में आए रोजेदारों का दिल से स्वागत किया और मगरिब की अजान होने पर रोजेदारों का रोजा खुलवाया। इफ्तार पार्टी में सड़क पर जा रहे राहगीर जो वक्त पर अपने घर नहीं पहुंच पाए व ग्राम राजारामपुर व मौहल्ला आजाद नगर के लोगों ने रोजा इफ्तार किया। इस रोजा इफ्तार पार्टी को मौहल्ला आजाद नगर के रहने वाले लोगों के सहयोग से किया गया जो कि हर साल किया जाता है। जिसमें शाहिद मुल्तानी, वसीम अहमद, आकिफ हुसैन अक्की, मकबूल रिजवी, आदिल राजपूत, इरशाद, तलमीश अहमद, फुरकान खान, समीर, सलमान, कारी सनव्वर व अन्य काफी लोगों ने इस प्रोग्राम को सहयोग कर आयोजित किया।

## डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स में डिजिटल मार्केटिंग 'ब्राण्ड बनाना सीखें' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में मार्केटिंग के नये अवसरों, तकनीक तथा करियर संभावनाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ आज के मुख्य वक्ता सुधांशु कुमार अभ्युदय योजना उ.प्र. सम्बद्ध ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. के. गुप्ता, डॉ. सर्वेश कुमार शीतल डीन स्कूल आर्फ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स द्वारा माॅ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अपने संबोधन में कुलपति डॉ. एन.के.गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक ने व्यवसाय और विपणन के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किये हैं। डिजिटल मार्केटिंग आज प्रत्येक संगठन की आवश्यकता बन चुकी है जिसमें करियर की अपार संभावनाएं हैं। कार्यषाला में मुख्य वक्ता श्री सुधाांषु कुमार ने डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं जैसे सोशल मीडिया मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेट मार्केटिंग, ई.कॉमर्स और ऑनलाईन ब्राडिंग के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल प्लेटफार्म व्यवसाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से कंपनियां कम लागत में अधिक ग्राहकों तक पहुंच सकती है। कार्यशाला में बिजनेस स्टडीज के छात्र कनिष्क गर्ग, सारा फातिमा, वंश शर्मा, इंन्सा जैदी, हुदा नाज एवं आदित्य आदि ने रोल प्ले एवं मैनेजमेंट गेम्स के माध्यम से सहभागिता की। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार शीतल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल तकनीक तथा करियर के अवसरों से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक कार्यक्रम छात्रों के ज्ञान में वृद्धि करेंगे।

# अवैध चिकित्सालयों पर छापेमारी

## कई नामचीन संचालक ताले लगाकर हुए रफूचक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से जब पत्रकारों ने नगीना में चल रहे अवैध चिकित्सालयों के बारे में प्रश्न पूछे तो स्थिति जानकर डीएम हतप्रभ रह गईं और उन्होंने क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित सभी चिकित्सालयों के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश जारी कर दिए।

डीएम के आदेश पर आज क्षेत्रीय नोडल अधिकारी ब्लॉक कोतवाली देहात प्रमोद देशवाल ने नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा एवं श्याम सुन्दर बैस की उपस्थिति में तहसील के चिकित्सालयों एवं पैथोलॉजिक का निरीक्षण उप जिला अधिकारी नगीना के सुपरविजन में एवं पुलिस बल के साथ किया।

इस दौरान उन्होंने 12 चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जी.के. अस्पताल निकट एसडीएम कोर्ट, ,खत्रियान नगर नगीना में डा. आकाश अग्रवाल एम.डी., मेडीसन उपस्थित मिले एवं साफ-सफाई एवं स्टाफ उपस्थित मिला जहां 5 आईसीयू बैड थे। डा. कौशिक कुमार पुत्र मदन पाल सिंह आर्शीवाद एवं मेटरनिटी अस्पताल फ्रेण्डस कॉलोनी निकट गोयल पब्लिक स्कूल में डा. कौशिक कुमार एवं स्टाफ भी उपस्थित था। रोनक नर्सिंग होम धामपुर रोड नगीना बन्द मिला। अलका हेल्थ केयर सेन्टर धामपुर रोड नगीना में डा. अलका एवं डा. शीशराम सिंह उपस्थित मिले। इनका अस्पताल में उचित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं थी, 02 आईसीयू बैड बताये गये तथा आईसीयू से सम्बन्धित कोई उपकरण नहीं था। 20 बैड के लिए न समुचित स्थान था और न ही बेडों पर सफेद बैड शीट थी। जबकि अस्पताल आयुष्मान योजना में रजिस्ट्रर्ड है। डा. अलका की विदेश से अण्डर एग्रजेंट डिग्री है, जिसको एम.डी. प्रदर्शित किया जा रहा है। अत: अलका अस्पताल को जब तक पूर्ण सुविधाएं न कर ली जाती है, निलम्बित अथवा निरस्त करने की संस्तुति की गई है तथा डा. शीशराम सिंह अपनी कोई डिग्री नहीं दिखा सके। लीलावती अस्पताल नहटौर रोड पर निरीक्षण किया गया जहां डा. एन. श्रीवास्तव अधिकृत चिकित्सक को वैष्णों देवी मन्दिर जाना बताया गया। सफाई व्यवस्था एवं बैड की स्थिति दयनीय थी। अत: समुचित सुविधाएं न होने तक निलम्बित की संस्तुति की गई है। लव अस्पताल नहटौर रोड में भी डा. मनोज चार दिन से अनुपस्थित थे, रजिस्ट्रर्ड प्रमाण पत्र सांय तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से लाने का आश्वासन दिया गया, यदि नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो अस्पताल सील कर वाद दायर किया जाना होगा। सहमति की दशा में अनुमति होगी। स्टाफ ट्रैन्ड नहीं था। मुदित नर्सिंग होम में डा. सोनिका सिंह अधिकृत चिकित्सक उपस्थित नहीं थी। इसलिए मुदित नर्सिंग होम को निलम्बित करने की संस्तुति की गई है। डा. जुबैर अंसारी पुत्र जफर अहमद रायपुर बढ़ापुर बाईपास क्षेत्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा रजिस्ट्रर्ड था, जहां तीन बैड में मरीज भर्ती एवं आई/वी फ्लूड दिया जा रहा था, जिसके लिए अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। डा. अर्थ हुसैन अंसारी बीएएमएस नोवल अस्पताल नयी बस्ती कलालान में अधिकृत चिकित्सक उपस्थित नहीं मिले। अस्पताल में मरीज भी कोई नहीं था, अधिकृत चिकित्सक द्वारा दूरभाष पर श्याम सुन्दर बैंस नायब तहसीलदार को अवगत कराया, कि वो दिसम्बर 2025 से नोवल अस्पताल नहीं गए। अत: अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की संस्तुति की गई है। फईम पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया गया। 10 मिनट इन्तजार करने पर भी संचालक नहीं आये। संचालक द्वारा मोबाईल बन्द कर लिया गया, इसलिए टीम द्वारा पड़ोस के मेडिकल स्टोर वाले को नोटिस प्राप्त करा दिया गया है, जिसकी अजब सिंह नायव तहसीलदार एव पुलिस की उपस्थित में वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कर ली गयी। हरेवली रोड पर नर्सिंग होम का भी नायब तहसीलदार की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। वह नर्सिंग नहीं चल रहा था, ना ही कोई बैड आदि था। आईजेपी अस्पताल बढ़ापुर रोड का निरीक्षण किया गया, जहां डा. संदीप सिंह पुत्र रामाश्रेय सिंह एमबीबीएस उपस्थित मिले अन्य 02 चिकित्सक सप्ताह में 02 दिन ऑन कॉल आते है। बुधवार एवं बृहस्पतिवार को साफ-सफाई व्यवस्था उच्च कोटि की मिली तथा स्टाफ अपनी ड्रेस में उपस्थित मिला।

डॉ. प्रमोद देशवाल ने बताया कि 03 अस्पतालों जी.के. अस्पताल, आर्शीवाद मेटरनिटी अस्पताल एवं आईजेपी अस्पताल को छोड़कर समस्त चिकित्सालय में जब तक अधिकृत चिकित्सक अपनी ओपीडी का समय एवं 24 घंटे ऑन कॉल का शपथ पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नहीं उपलब्ध कराते, तब तक के लिए समस्त चिकित्सालयों को निलम्बित अथवा रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की संस्तुति की गई है, ताकि जनहित में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर प्रदान की जा सकें।

## भाकियू की मासिक पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत सहकारी गन्ना समिति परिसर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता छत्रपाल सिंह व संचालन ऋषिपाल सिंह ने किया।

पंचायत को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पंचायत के समय का पालन करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि किसानों को बिजली, गन्ना खाद या किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह लिखकर लाएं ताकि अधिकारियों को लिखित रूप में समस्याओं से अवगत कराया जा सके। ताकि अधिकारियों द्वारा दिए गए समस्याओं के निस्तारण के समय के बाद उनसे समस्याओं के विषय में जानकारी ली जा सके। पंचायत में किसानों की समस्याओं क्षेत्र के ग्राम बीरबलपुर में रास्ते के बीच में खड़े बिजली की पोल को हटाने, ग्राम शादपुर गुलाल में बंदरों व आवारा पशुओं से निजात दिलाने, ग्राम हुकूमतपुर में टेलिफोन के पोल पर चल रहे बिजली के पोल को हटाने व ब्लॉक क्षेत्र के गांवों को आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाने व मच्छरों की दवाई का छिड़काव कराने। ग्राम टंडेरा में बिजली के नए कनेक्शनों के केबिलों को दुरुस्त करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं में चल रही मुंहपका बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण करने की मांग की। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, शीशपाल सिंह, समरपाल यादव, दुष्यंत यादव, लोकेश कुमार, नगर अध्यक्ष कफील सैफी, अशफाक खान, डॉ. इशरत अली वारसी, कल्याण सिंह, पीयूष कुमार, मा. रो. हताश सिंह, विनीत धनकड़, हरवीर सिंह, अशोक कुमार, गौतम सिंह समेत दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

## पटरी बदलने के कारण 12 मार्च तक बंद रहेगा नहटौर रेलवे फाटक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रेलवे द्वारा ट्रैक बदलने के कार्य के चलते धामपुर का नहटौर रेलवे फाटक 12 मार्च तक बंद रहेगा। फाटक बंद रहने से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ेगा।

धामपुर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर आलोक कुमार के अनुसार सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे चार घंटे का ब्लॉक लिया गया था, जिसके दौरान इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों की गति करीब 20 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों द्वारा पटरी बदलने का कार्य किया गया।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक बदलने का कार्य आगामी 12 मार्च तक लगातार जारी रहेगा। इस कारण नहटौर रेलवे फाटक से आवागमन फिलहाल बंद रहेगा। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को जैतरा मार्ग या ओवरब्रिज के रास्ते से होकर जाना होगा।

फाटक बंद होने के कारण क्षेत्र के लोगों को रोजाना आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी 15 नवंबर को रेलवे फाटक बंद किया गया था। उस समय रेलवे की ओर से चार दिन का नोटिस जारी किया गया था, लेकिन फाटक करीब दस दिन बाद खोला गया था। उस दौरान रेलवे द्वारा स्लीपर बदले गए थे। अब एक बार फिर फाटक बंद होने से लोगों में सवाल उठ रहे हैं कि यदि लाइन ही बदलनी थी तो उसी समय यह कार्य क्यों नहीं किया गया। फिलहाल रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रैक बदलने का कार्य जारी है और लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की गई है।

# यूपीएससी पास करने वाले असद अकील का स्वागत

### विधायक मनोज पारस ने फूलमाला पहनाकर दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला छिप्पीपाडा निवासी असद अकील अंसारी के यूपीएससी परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण होने पर सोमवार को विधायक मनोज पारस ने उनके आवास पर पहुंचकर उनसे व उनके परिवार से मुलाकात कर इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

असद अकील ने अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 321वीं रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नगर का नाम रोशन किया है। समाजवादी पार्टी से नगीना विधायक मनोज पारस ने उनके आवास पहुंचकर यूपीएससी में चयनित असद अकील का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

यूपीएससी में 321वीं रैंक लेकर आईएएस बने असद अकील के स्वागत और सम्मान के लिए सियासी व सामाजिक सरोकारों से जुड़े जिले के अनेक लोग शुभकामनाएं देने असद के मौहल्ला छिप्पीपाडा स्थित निवास पर पहुंच रहे हैं। सोमवार को अपराह्न विधायक मनोज पारस भी असद के घर पहुंचे और उन्हे शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व सांसद चंद्रशेखर आजाद, अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील आदि ने घर जाकर उन्हे बधाई दी।

इस मौके पर विधायक मनोज पारस के साथ हाजी रोशन, यामीन अंसारी उर्फ मिन्ना, शिवकुमार गोस्वामी, काजी सुहैल इकबाल, इकबाल कुरैशी, असलम सदर, आरिफ सिद्दीकी, काकू अंसारी, डॉ. साजिद अंसारी, सलीम अहमद, नदीम अहमद, शफीक अहमद , मौ आबिद, शाहिद मंसूरी, मास्टर धर्मवीर सिंह, दीपक चौधरी, जैदी मिर्जा, अदनान अहमद आदि भी मौजूद रहे।

एक नजर

## गुरमत समागत कार्यक्रम



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम टांडा साहूवाला के गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा नानक दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को 71वां सालाना गुरमत समागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ की गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को गुरुद्वारा से ग्राम में नगर कीर्तन निकाला गया। कीर्तन में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। सोमवार को गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार व मेले का आयोजन कर कार्यक्रम समापन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान अजीत सिंह, दलवीर सिंह, रुस्तम सिंह, सन्नी सिंह, दिवान सिंह, सुरेंद्र सिंह, आंनद सिंह, रवींद्र कुमार आदि मौजूद करे।

## मानदेय का भुगतान न होने पर नाराजगी



**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में मनरेगा से जुड़े कर्मचारियों ने लंबे समय से मानदेय का भुगतान न होने पर गहरी नाराजगी जताई और प्रशासन से शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। इस संबंध में कर्मियों ने एडीओ आईएसबी अजयपाल सिंह के माध्यम से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में मनरेगा कर्मियों ने बताया कि जनपद में कार्यरत रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुरूप लगातार योजनाओं का संचालन कर रहे हैं और विभागीय दायित्वों का नियमित निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें लगभग एक वर्ष से मानदेय का भुगतान नहीं मिल पाया है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष जबर अहमद, रोजगार सेवक अशोक कुमार, पवन कुमार, गोविंद, प्रमोद कुमार, बिशनलाल, राकेश कुमार, राजेंद्र सिंह, देवराज सिंह, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, मुनेंद्र सिंह, श्रवण कुमार और सुषमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## हम वेलफेयर ने कराया रोजा इफ्तार



**शेरकोट।** मौहल्ला इमामबाड़ा स्थित पुरानी जामा मस्जिद में हम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और रोजा खोलने के बाद देश में अमन-चैन, भाईचारे और शांति के लिए दुआ की गई। संस्था के अध्यक्ष हाजी शादाब अहमद ने बताया कि उनकी संस्था समय-समय पर सामाजिक और जनहित के कार्य करती रहती है और भविष्य में भी इसी तरह समाजसेवा के कार्य जारी रहेंगे। इस दौरान रोजा इफ्तार के आयोजन में संस्था के अध्यक्ष मौ शादाब , डॉ. सौहराब, नदीम इदरीसी, मौहम्मद रागिब, अब्दुल मुतल्लिब, मनोज शर्मा, नबील सिद्दीकी, मौ. आरिफ, मौ. आसिम, मौ. सुल. ेमान, मौ. कैफ सहित कई कार्यकर्ता और असलम कुरैशी पूर्व चेयरमैन शेरकोट, फुरकान महमूद अंसारी, डॉ. नईम, विशाल एडवोकेट, डॉ. शाहनवाज, शुऐब कमरूल इस्लाम, इमरान नवाज, अदनान राइन, सुहैल इदरीसी वरिष्ठ पत्रकार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रिक्शा यूनियन की बैठक संपन्न



**नजीबाबाद।** नगर पंचायत सहानपुर में रिक्शा यूनियन की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस दौरान नई कमेटी में बनाए गए पदाधिकारियों के द्वारा नए किराए की धनराशि तय की गई। नियमों का पालन करने के लिए सभी को कहा गया, जो रिक्शा चालक नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ यूनियन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। यूनियन के संरक्षकों में तासिम राईन, वसीम, यूनियन का अध्यक्ष मौ. यूसुफ मलिक को बनाया गया तथा उपाध्यक्ष फिरोज बनाए गए है। शुभम देशवाल, मयंक राजपूत, नौशाद, अजह को महामंत्री बनाया गया। इस्माइल, नौशाद, सोनू, कामेश को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष और कमेटी के पदाधिकारियों की सहमति से निर्णय लिया गया। साहनपुर से नजीबाबाद का रिक्शा किराया 15 रुपए कर दिया गया है। पहले रिक्शा का किराया 10 रुपए था। पांच रुपए की वृद्धि किराए में की गई है। साहनपुर से जुम्मेरात बाजार जलालाबाद का किराया 20 रुपए किया गया है। सभी बढ़े हुए किराए पर ही रिक्शा में अपनी सवारी लेकर जाएंगे। इस दौरान काफी संख्या में रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...** को मजबूत करने पर केंद्रित बताया है। सरकार ने इस बजट में विभिन्न विभागों की पूंजीगत योजनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण धनराशि का प्रावधान किया है। शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 542.84 करोड़ रुपये, उच्च शिक्षा विभाग के लिए 146.30 करोड़ रुपये और तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 98.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 195.46 करोड़ रुपये और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए 126.37 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पेयजल विभाग को 1,827.91 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास विभाग को 1,642.20 करोड़ रुपये और शहरी विकास विभाग को 1,401.85 करोड़ रुपये का प्रावधान दिया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 1,609.43 करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग के लिए 2,501.91 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे सड़क और अन्य आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलेगी। इसके अलावा सरकार ने कई नई योजनाओं की भी घोषणा की है। कुंभ मेले के लिए अवस्थापना विकास के लिए भारत सरकार से 1,027 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन के लिए 705.25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्भया फंड के लिए 112.02 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए अवस्थापना निर्माण के लिए 100 करोड़ बजट रखा गया हैं। इसके अलावा महक क्रांति योजना के लिए 10 करोड़ रुपये, हाउस ऑफ हिमालयाज के लिए 5 करोड़ रुपये और उत्तराखंड एवं भारत दर्शन योजना के लिए 4.50 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, सरयू और अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।इसके साथ ही युवाओं और गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर स्टेडियम निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नशा मुक्ति केंद्रों के लिए 4.50 करोड़ रुपये और पुस्तकालय निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट भी प्रस्तावित किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विदेश रोजगार प्रकोष्ठ के लिए 3.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं के माध्यम से राज्य में पर्यटन, रोजगार, तकनीक और सामाजिक विकास को नई गति दी जाएगी।

**उत्तराखंड को...** के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उत्तराखंड को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी दृष्टि से बजट में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को उत्तराखंड के भविष्य का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये का यह बजट विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाता है और विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**दिल्ली शराब नीति...** कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एजेंसी फिलहाल डिस्चार्ज आदेश पर रोक नहीं चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को प्रभावित न करे। हाईकोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी केस की जांच करने वाले सीबीआई ऑफिसर के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन लेने के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगा दी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 100 फीसद ओडीएफ प्लस राज्य बना उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, वार्ता**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तर प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य बनने का कीर्तिमान हासिल किया है। वहीं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतें स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल बन रही हैं और सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण में प्रदेश को पहले ही 100 प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया जा चुका है। इस चरण में उत्तर प्रदेश में 2.74 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया, जिससे राज्य देश में सर्वाधिक शौचालय निर्माण करने वाला प्रदेश बनकर उभरा। मिशन के दूसरे चरण में ओडीएफ की स्थिति को स्थाई बनाए रखने के साथ-साथ ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 95,767 गांवों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था के साथ स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है, जबकि 94,723 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिल चुका है। दूसरे चरण के तहत अब तक 57,25,291 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 59,165 साम. ुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया गया है।

**■ सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर काम करती रहेगी**

## इस साल के अंत तक आ जाएगी अहमदाबाद विमान हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किजरापू ने सोमवार को कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में पिछले साल 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। नायडू ने राज्यसभा में मे बताया कि एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेजी से की जा रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय जांच में जुटे हवाई दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) को सभी जरूरी संसाधन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी अंतिम रिपोर्ट इस साल के अंत तक आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही उड़ान संख्या एआई171 पिछले साल 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।



20वां रोजा वक्त इफ्तार 10 मार्च शाम 6:25
21वां रोजा वक्त सहरी 11 मार्च सुबह 5:08





# अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

## बिना लेआउट पास कराए बेचे जा रहे थे प्लाट




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिना लेआउट पास कराए अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों पर आज प्रशासन की गाज गिर ही गई। जिससे अवैध रूप से कॉलोनियां काट कर अरबों रुपए की कमाई करने वाले एवं प्लाट खरीदने वालों को परेशानी में डालने वाले भूमाफियाओं में हड़कम्प मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसडीएम सदर रितु रानी ने आज दल-बल के साथ अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने के लिए अभियान चलाया। वह जेसीबी लेकर इन कॉलोनियों में पहुंच गई। कस्बा बिजनौर के गाटा संख्या 3291 व 3292 में शहजाद पुत्र युसूफ व शमशाद अहमद पुत्र मौहम्मद शमीम के द्वारा बिना लेआउट पास कराए अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही थी। जेसीबी से वहां पर हुए निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया। ग्राम शहबाजपुर खाना में गाटा संख्या 109 मी. इरशाद अहमद पुत्र इस्लामुद्दीन आदि के नाम अंकित है। यहां पर भी बिना लेआउट पास कराए अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही थी। जेसीबी से यहां पर हुए निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया। ग्राम फतेहपुर नौआबाद में गाटा संख्या 282 राजे पुत्र बिहारी आदि, गाटा संख्या 276 नफीसा पत्नी हबीब आदि, गाटा संख्या 278 शमीमा बेगम पत्नी अब्दुल वाहिद, गाटा संख्या 280 खुर्शीद व तसलीम अहमद पुत्रगण अब्दुल हमीद, गाटा संख्या 281 नफीस पत्नी हबीब आदि, गाटा संख्या 211 इमरान अली पुत्र अहसान अली आदि, गाटा संख्या 212 असगर व बाबू पुत्रगण अब्दुल मजीद, गाटा संख्या 217 इस्लामुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन, गाटा संख्या 218 मौहम्मद इस्माइल पुत्र सत्तार आदि एवं गाटा संख्या 197 ख, 156 ख, 155 ख, 154 ख, 170 ख, 162 ख, 160 ख, 161 ख, 159, 176, 153 ख व 158 ख, मौहम्मद ईनाम पुत्र अब्दुल वहीद के नाम अंकित है। यहां पर बिना लेआउट पास कराए अवैध रूप से कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा था। एसडीएम रितु रानी ने इन अवैध कॉलोनियों में हुए निर्माण को ध्वस्त करा दिया। जैसे ही अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों को प्रशासन की टीम के आने के बारे में पता चला, तो उनमें हड़कम्प मच गया और वह भाग गए। जनपद में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से कॉलोनियां काटी जा रही है।

## एक नजर

### लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में अज्ञात चोरों ने एक मकान की दीवार फांदकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित ने लाखों की चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पीड़ित पुखराज सिंह ने बताया कि अपने पुराने मकान के पास एक मकान बनवाया है। लेकिन परिवार अभी पूरी तरह से नए मकान में नहीं गया है। बीती रात वह पूराने मकान में खाना खाने के बाद सोने चले गए थे। अज्ञात चोरों ने बेखौफ होकर उनके घर में घुसकर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ कर चोरों ने अलमारी से एक टीका, गले की चेन, दो चुड़ी, तीन अंगूठी, एक जोड़ी झूमकी और सोने चांदी के जेवरात को चुरा लिया। सुबह उठने पर पुखराज सिंह ने देखा कि अलमारी का सामना बिखरा पड़ा हुआ था। लाखों रुपए के कीमत सामान गायब थे यह मंजर देख कर पुखराज सिंह के पैरों की जमीन खिसक गई। ग्राम में लाखों की चोरी की घटना से खलबली मच गई। थाना प्रभारी विकास कुमार ने घटना की खबर सुनकर घटना की बारीकी से जांच कर चोरी का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से दहशत का माहौल बना हुआ है। अब तक पुलिस चोरी की किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।

### हत्या में योगेश को उम्र कैद

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे सप्तम ने नजीबाबाद थाने के मुकदमा अपराध संख्या 489/19 धारा 302 व 201 आईपीसी में अभियुक्त योगेश पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खुशहालपुर मड़का को आजीवन कारावास एवं दो लाख दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना नजीबाबाद में वादी ने 23 सितम्बर 2019 को तहरीर दी थी कि अभियुक्त उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी।











































## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम कायमनगर दोदराजपुर निवासी कावेंदर कुमार पुत्र रामचंद्र सिंह ने दर्ज कराए केस में आरोप लगाया कि उसका भाई जोगेंद्र पास के ग्राम बेनीपुर से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में छोटे लाल, सूरज व मुकेश ने जोगेंद्र को घेरकर मारपीट की। विरोध करने पर इन लोगों ने घर पर आकर कावेंद्र, उसकी भाभी दीपा, मां चमन देई व पिता रामचंद्र के साथ मारपीट की। वहीं दूसरी ओर ग्राम दोदराजपुर निवासी बीना पत्नी मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि पीड़िता की बेटी घर के बाहर बैठी हुई थी। तभी ग्राम का ही जोगेंद्र वहां आकर पेशाब करने लगा। पीड़िता के बेटे जोगेश ने जब विरोध किया, तो जोगेंद्र, कावेंद्र, दीपू व सुरेंद्र पुत्रगण रामचंद्र सिंह ने घर पर आकर मारपीट शुरू कर दी। गाली-गलौज कर लाठी-डंडे से मारपीट की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के तीन व दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारत की ऐतिहासिक जीत पर जश्न



**बिजनौर।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की शानदार जीत के बाद पूरे देश के साथ शहर में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शहर के मौहल्ला शम्भा बाजार में एलसीडी लगाकर फाइनल मैच देखा और लोगों ने जीत का भव्य जश्न मनाया। इस दौरान क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल की थाप पर थिरकते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। उत्साहित युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने शहर में जुलूस निकालकर टीम इंडिया की जीत का स्वागत किया। जश्न के मौके पर अंकित खन्ना, बबीता खन्ना, अनुभव अग्रवाल, अरुण खन्ना, राहुल शर्मा, ईशान खन्ना, हर्षित खन्ना, सोनू वर्मा, आकांक्षा खन्ना, आलोक जैन, आशीष जैन, राहुल खन्ना, अनिल अग्रवाल, हनी राजवंशी, हर्षित अग्रवाल, बंटी चाचा, राजू खन्ना, गर्वित खन्ना, आशीष बंसल, विक्की अग्रवाल तथा धर्मेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# चंद्रवाहिनी चौधरी का सम्मान

## यूपीएससी में 662वीं रैंक पाने पर स्कूल में अभिनंदन समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यूपीएससी 2025 की परीक्षा में 662वीं रैंक हासिल करने वाली पूर्व छात्रा चंद्रवाहिनी चौधरी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। चंद्रवाहिनी चौधरी नांगल जट हल्दौर निवासी अरुण कुमार चौधरी और पूनम चौधरी की पुत्री हैं।

विद्यालय प्रांगण में हुए इस समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र चौधरी, झालू चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धामपुर लीना सिंघल, स्कूल अध्यक्ष डॉ. आशीष सिंघल और प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने संयुक्त रूप से उन्हें बुके, प्रशस्ति पत्र और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चंद्रवाहिनी चौधरी ने सभी अतिथियों, विद्यालय परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लगन और मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और सभी को अपने लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और साथियों को दिया।

मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. हरि सिंह ढिल्लों और जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र चौधरी ने चंद्रवाहिनी चौधरी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने ऑक्सफोर्ड परिवार के प्रबंधन की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऑक्सफोर्ड के छात्र क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश और देश में रोशन करते रहेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोकेन्द्र चौधरी और राकेश चौधरी ने भी चंद्रवाहिनी को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंध निदेशिका और पूर्व चेयरमैन धामपुर लीना सिंघल ने चंद्रवाहिनी चौधरी की सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए कामना की कि इसी प्रकार हर वर्ष छात्र विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल और अपने क्षेत्र का नाम ऊंचा करते रहें।

# डीएम व एसपी का निरीक्षण आज



## थाने व सरकारी विभागों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जिलाधिकारी के संभावित निरीक्षण की सूचना मिलते ही किरतपुर के सरकारी दफ्तरों में अचानक हलचल तेज हो गई है। सरकारी अस्पताल, नगर पालिका कार्यालय और खंड विकास कार्यालय में इन दिनों फाइलों की धूल झाड़ी जा रही है। महीनों से लंबित पड़े कागजों को आनन-फानन में पूरा किया जा रहा है और दफ्तरों की साफ-सफाई भी युद्ध स्तर पर कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण कार्यक्रम की भनक लगते ही संबंधित विभागों के कर्मचारी और अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। जिन फाइलों पर लंबे समय से कार्रवाई नहीं हुई थी, उन्हें अचानक प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं कार्यालय परिसरों में साफ-सफाई और व्यवस्था सुधारने का काम भी तेजी से किया जा रहा है, ताकि निरीक्षण के दौरान सब कुछ दुरुस्त दिखाई दे। स्थानीय लोगों का कहना है कि आम दिनों में इन दफ्तरों की स्थिति ठीक इसके विपरीत रहती है। कई जरूरी कार्य महीनों तक लंबित पड़े रहते हैं और आम नागरिकों को अपने काम के लिए बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं। लेकिन जैसे ही किसी बड़े अधिकारी के दौरे की सूचना मिलती है, वही दफ्तर अचानक सक्रिय और व्यवस्थित नजर आने लगते हैं।

यह स्थिति कई सवाल खड़े करती है कि क्या सरकारी कार्यालयों में व्यवस्था सुधारने के लिए किसी बड़े अधिकारी का दौरा जरूरी है? यदि रोजमर्रा के कामकाज में भी यही तत्परता दिखाई जाए तो आम जनता को राहत मिल सकती है और सरकारी व्यवस्था पर लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा।

## एक नजर

### धार्मिक संस्थाएं एन्यूटी के लिए करें दावे

**बिजनौर।** प्रभारी अधिकारी (सीलिंग) ने जनपद बिजनौर की समस्त धार्मिक संस्थाओं को सूचित करते हुए बताया कि एन्यूटी भुगतान के लिए पात्र जनपद की समस्त धार्मिक संस्थाएं जो जनपद के एन्यूटी रजिस्टर में दर्ज हो और राजस्व परिषद से डीबीटी प्रणाली के अन्तर्गत एन्यूटी प्राप्त करना चाहती है वे इस विज्ञप्ति की प्रकाशन की तिथि से अगले 2 सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण (इच्छा पत्र, बैंक खाता विवरण- कैंसिल चैक/पास बुक की प्रमाणित छायाप्रति संस्था विवरण) जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न करने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि सबन्धित धार्मिक संस्था एन्यूटी लेने की इच्छुक नहीं है और उसकी सूचना शून्य मानी जायेगी।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर।** पुलिस ने गाली-गलौज का विरोध करने पर एक व्यक्ति का अंगूठा काटने के आरोप में मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह घटना 6 मार्च 2026 को चांदपुर थाना क्षेत्र के सब्दलपुर खुर्द गांव में हुई थी। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार आवेदक ओमप्रकाश पुत्र मिखान सिंह ने बताया कि 6 मार्च को संजय, पवन और पुष्पेंद्र आपस में गाली-गलौज और झगड़ा कर रहे थे। जब ओमप्रकाश ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो तीनों ने ओमप्रकाश के साथ भी गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान, अभियुक्त पुष्पेंद्र ने ओमप्रकाश के बाएं हाथ का अंगूठा दांतों से काटकर अलग कर दिया। इस संबंध में चांदपुर थाने में मु.अ.सं. 111/2026 धारा 115(2)/352/118(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आज वांछित अभियुक्त पुष्पेंद्र पुत्र छतरपाल को ग्राम बास्टा से गिरफ्तार कर लिया। मामले में शामिल शेष दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पुष्पेंद्र पुत्र छतरपाल, निवासी सब्दलपुर खुर्द, चांदपुर, बिजनौर के रूप में हुई है।

### लाठीचार्ज की कार्रवाई निंदनीय : चंद्रहास



**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने पंजाब सरकार द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारी पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एनएमओपीएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखजीत सिंह के नेतृत्व में विधान सभा घेराव के वक्त पंजाब सरकार द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर लाठी चार्ज, आंसू गैस और पानी की बौछार कर आंदोलन को कुचलने का कुचक्र किया गया। यह सरकार का निंदनीय कृत्य हैं, जिसकी संगठन घोर भर्त्सना करता है। पुरानी पेंशन देश के लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा। पंजाब विधानसभा चुनाव के वक्त सरकार के घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को रखा गया था और पुरानी पेंशन बहाली की भरपूर वकालत करते हुए शिक्षकों एवं कर्मचारियों से पुरानी पेंशन वाली का वादा किया था। सरकार बने लंबा समय हो जाने के बाद भी पंजाब सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली न करना अत्यंत खेदजनक है।

### पर्यावरण एवं स्वच्छता पर जोर



**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस को पर्यावरण एवं स्वच्छता को समर्पित किया गया। सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवक एवं स्वंयसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन किया। तत्पश्चात सभी ने अपने-अपने चयनित क्षेत्र में सफाई का कार्य किया। मध्याह्न में भोजन के उपरांत द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महिपाल सिंह ने पर्यावरण विषय पर अपना विस्तृत व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के विषय में बात की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए एवं उनको संरक्षण प्रदान करना चाहिए। प्रतिदिन उनकी देख-रेख करनी चाहिए। मुख्य वक्ता ने अपनी वक्तव्य में सभी प्रकार के प्रदूषण की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सभी को इन प्रदूषणों को कम करने के लिए कार्य करना होगा और अपने पर्यावरण को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाना होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को योगदान देना चाहिए, जिससे हमारा भविष्य सुरक्षित हो सके। संगोष्ठी में अल्फिया इमरान और देव सैनी ने भी पर्यावरण संरक्षण के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। छात्र इकाई के सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राज. कुमार एवं छात्रा इकाई की सहायिका कार्यक्रम अधिकारी पूजा राजपूत ने सभी स्वंयसेवक एवं स्वंयसेविकाओं से अनुशासित तरीके से कार्य कराने में अपना विशेष योगदान दिया।

# समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी : मरियम




## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कॉलेज की अध्यक्षा श्रीमती मरियम साईम ने नारी सम्मान और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा साहब ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना बहुत आवश्यक है, ताकि वे अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सकें और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. फारेहा ईरम द्वारा किया गया। वहीं कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती नीति सिरोही ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और समाज के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रुपेश त्यागी, श्रीमती शेबी शाकिर, श्रीमती कुकन देवी, कु. सोनी परवीन और श्रीमती सुमैया खान का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर अरूबा, मंतशा, असमा, नाजमीन, अनुशा, मनीशा, जोली, शगूफी सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शुऐब अंसारी समाज सेवा में निभा रहे अहम भूमिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम अलादीनपुर निवासी शुऐब अंसारी ने अपने व्यवहार, मेहनत और समाज सेवा के माध्यम से गांव और आसपास के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वह लगातार ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहते हैं।

शुऐब अंसारी समय-समय पर गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के साथ-साथ गांव में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य भी करते रहते हैं। सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण गांव के लोगों में उनके प्रति सम्मान और विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शुऐब अंसारी हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं और किसी भी जरूरत के समय मदद के लिए आगे आते हैं। चाहे किसी को प्रशासनिक कार्य में सहयोग चाहिए हो, सरकारी योजनाओं की जानकारी लेनी हो या सामाजिक कार्यक्रमों में व्यवस्था करनी हो वह हर काम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और लोगों की मदद करने की कोशिश करते हैं।

बताया जाता है कि शुऐब अंसारी गांव के युवाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करते रहते हैं और उन्हें एकजुट होकर गांव के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। गांव में होने वाले धार्मिक सामा. जिक और सामुदायिक कार्यक्रमों में भी उनकी सक्रिय भूमिका देखने को मिलती है।

गांव के बुजुर्गों का भी कहना है कि ऐसे युवाओं की वजह से गांव में एक सकारात्मक माहौल बनता है और लोगों के बीच आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उनका मानना है कि अगर युवा इसी तरह समाज के लिए आगे आते रहेंगे तो गांव का विकास और तेजी से होगा। शुऐब अंसारी की इसी सक्रियता के चलते क्षेत्र में उनकी पहचान एक जागरूक और समाजसेवी युवा के रूप में बनती जा रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि आने वाले समय में भी वह इसी तरह गांव और समाज के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे और लोगों के बीच सहयोग, एकता और भाईचारे की भावना को आगे बढ़ाते रहेंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर**
**(बिजनौर)**

पत्रांक:- 87/न.पं.बढ़ापुर/2025-26 दिनांक:- 09.03.2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भवन/भूमि का निम्नानुसार नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुआ है। यदि किसी व्यक्ति को नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर लिखित में कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, एक माह के पश्चात कोई सुनवाई नहीं होगी।

क्र. सं. 1. क्रेता का नाम श्री मौ. अरसद पुत्र मौ. अख्तर निवासी मौहल्ला झोझियान, कस्बा बढ़ापुर, विक्रेता का नाम श्री शरीफ पुत्र मौ. सद्दीक निवासी मौहल्ला झोझियान, कस्बा बढ़ापुर। क्रय भूमि का मौहल्ला झोझियान। 2. क्रेता का नाम श्री मौ. युसूफ पुत्र वलीउद्दीन निवासी मौहल्ला लालसराय, कस्बा व परगना बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्री नईम अहमद पुत्र श्री मेहन्दी हसन निवासी मौहल्ला लालसराय कस्बा व परगना बढ़ापुर। क्रय भूमि का मौहल्ला लालसराय बढ़ापुर। 3. क्रेता का नाम श्रीमती राजेश्वरी पत्नी श्री शंकर सिंह पुत्र श्री बसंता सिंह निवासी मौहल्ला ठाकुरान, कस्बा व परगना बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्री नत्थू सिंह पुत्र मंगू सिंह निवासी मौहल्ला ठाकुरान, कस्बा व परगना बढ़ापुर। क्रय भूमि का मौहल्ला/स्थान मौहल्ला ठाकुरान, बढ़ापुर। 4. क्रेता का नाम श्री नसीम अहमद पुत्र मौ. इस्माईल निवासी मौहल्ला पक्काबाग, कस्बा व परगना बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्री राजकुमार गुप्ता पुत्र स्व. देवेन्द्र दत्त गुप्ता, हाल निवासी एच-5 महरानीबाग नई दिल्ली। क्रय भूमि का मौहल्ला पक्काबाग, बढ़ापुर। 5. क्रेता का नाम श्रीमती नसीमा खातून पत्नी मौ. कय्यूम निवासी मौहल्ला लालसराय, कस्बा व परगना बढ़ापुर। विक्रेता का नाम श्री हाजी इसरार कुरैशी पुत्र जमीर अहमद निवासी मौहल्ला काजीसराय नगीना व मौ. साजिद अनवर शम्सी पुत्र अ. माजिद निवासी मौहल्ला लुहारी सराय नगीना, जिला बिजनौर। क्रय भूमि का मौहल्ला भजड़ावाला, बढ़ापुर।

**अधिशासी अधिकारी**

# दम्माम में शेरकोट के व्यक्ति की हार्टअटैक से मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सऊदी अरब के दम्माम शहर में कार्यरत शेरकोट के एक व्यक्ति की हार्ट अटैक से अचानक मौत हो जाने की खबर से परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

मोहल्ला कोटरा निवासी मोहम्मद इंतेखाब (47) पुत्र इंतजार रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब गए हुए थे और दम्माम की एक कंपनी में काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि सोमवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उनके साथ मौजूद साथियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक के कारण हुई। मृतक के भांजे शाकिब अहमद ने बताया कि मौहम्मद इंतेखाब जून 2025 में नौकरी के लिए सऊदी अरब गए थे और तब से वहीं कार्य कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। विदेश में मौजूद उनके साथी और परिचित लगातार एक-दूसरे के संपर्क में हैं तथा शव को भारत लाने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। मौहम्मद इंतेखाब अपने पीछे तीन बेटियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा भारत : इंदिरा ठाकुर



## बिजनौर आई मॉरीशस की पूर्व मंत्री ने रखे विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉरीशस की पूर्व महिला, परिवार कल्याण एवं बाल विकास मंत्री इंदिरा सावित्री ठाकुर ने कहा कि विश्व स्तर पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में व्यापक कार्य हो रहा है और भारत इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हालांकि, इस दिशा में अभी और गति देने की आवश्यकता है, ताकि महिलाओं को उनका उचित स्थान और अधिकार मिल सकें।

बिजनौर के घेर रामबाग स्थित समाजसेवी जिम्मी सिंह के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। वह किसी प्रतिस्पर्धा में नहीं, बल्कि समान अधिकार और अवसर की हकदार हैं। इंदिरा सावित्री ठाकुर ने कहा कि राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर देने की जरूरत है। महिलाओं में अदम्य साहस और अपार प्रतिभा है, जिससे वह कठिन से कठिन कार्यों को भी सफल बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं ऐसे कार्य करती दिखती हैं, जो पुरुषों के लिए भी आसान नहीं होते, तो उन्हें गर्व महसूस होता है।

उन्होंने कहा कि समाजसेवी जिम्मी सिंह समाज में जो कार्य कर रही है वो सराहनीय है और समाज और महिलाओं को नए आयाम दे रही है जिम्मी सिंह देश दुनिया में सम्मानित हो चुकी है। जिससे बिजनौर का नाम रोशन हुआ है। इंदि. रा सावित्री ठाकुर मॉरीशस में मनोवैज्ञानिक, मंत्री और राजनयिक (डिप्लोमैट) के रूप में सेवाएं दे चुकी हैं तथा मॉरीशस लेबर पार्टी से जुड़ी रही हैं।

इस अवसर पर हनुमंत अलवर दैवीय स्थल ट्रस्ट की ट्रस्टी और समा. जसेवी जिम्मी सिंह ने कहा कि महिलाओं को समाज में समान अधिकार और सम्मान मिलना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक सहयोग और सकारात्मक माहौल जरूरी है। जिम्मी सिंह ने बताया कि इंदिरा सावित्री ठाकुर मेरे जन्मदिन के अवसर पर भारत आई थीं और 25 मार्च को मॉरीशस वापस लौटेंगी। भारत आने पर उन्होंने उनका आभार प्रकट किया और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सीरवासुचन्द, विकास खण्ड अफजलगढ़ (बिजनौर)**

पत्रांक:- मीमो /ग्रा. पं./ विकास कार्य/ 2025-26 दिनांक: 09.03.2026

**-: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 में स्वीकृत राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/ उपलब्ध धनराशि से निम्नांकित विवरणानुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | स्वीकृत कार्य का विवरण | मद का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जोगेन्द्र के घर से धर्मेन्द्र के घर तक सीसी रोड व दोनों ओर नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 325000 | 100 | 2 प्रतिशत |
| 02 | सुनील के घर से शीशपाल के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 250500 | 100 | 2 प्रतिशत |
| 03 | मेन रोड से गुरमीत के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 225500 | 100 | 2 प्रतिशत |
| 04 | कारी इमरान के घर से नसीम के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 240600 | 100 | 2 प्रतिशत |
| 05 | मितान के घर से चामुण्डा देवी मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | 185800 | 100 | 2 प्रतिशत |

अत: इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार कार्य दिवस में सचिव (ग्रा.पं.) से निविदा क्रय कर निर्धारित अन्तिम तिथि 16.03.2026 को 1:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दें। निविदा को उसी दिन 03 बजे उपस्थित टेन्डर दाताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव में निहित है। निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार को अपेक्षित शपथ पत्र देना होगा। भुगतान से पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एवं जमानत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी। निविदा सम्बंधि जानकारी पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पुक्खेवाला, विकास खण्ड अफजलगढ़ (बिजनौर)**

पत्रांक:- मीमो /ग्रा. पं./ विकास कार्य/ 2025-26 दिनांक: 09.03.2026

**-: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 में स्वीकृत राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/ उपलब्ध धनराशि से निम्नांकित विवरणानुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | स्वीकृत कार्य का विवरण | मद का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | धर्मपुर में सिंह सभा गुरुद्वारा के सामने मजार से गुरुद्वारा दक्षिण तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं खड़ंजा मरम्मत कार्य। | राज्यवित्त/ 15वां वित्त | 576854 | 100 | 2 प्रतिशत |

अत: इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार कार्य दिवस में सचिव (ग्रा.पं.) से निविदा क्रय कर निर्धारित अन्तिम तिथि 16.03.2026 को 1:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दें। निविदा को उसी दिन 03 बजे उपस्थित टेन्डर दाताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव में निहित है। निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार को अपेक्षित शपथ पत्र देना होगा। भुगतान से पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एवं जमानत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी। निविदा सम्बंधि जानकारी पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**

## एक नजर

### स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश



**बिजनौर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति संगठन द्वारा दयानंद इंटर कॉलेज बुखारा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की ओर से 200 महिलाओं को नि:शुल्क शुगर जांच मशीनें वितरित की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन की जिलाध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण आज शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना बेहद जरूरी है। संगठन की महामंत्री शिवानी चौहान ने कहा कि महिलाएं अक्सर परिवार की जिम्मेदारियों में अपने स्वास्थ्य को पीछे छोड़ देती हैं। महामंत्री गार्गी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की। मंत्री निधि वर्मा ने कहा कि आज के दौर में जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार है। इस अवसर पर वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, संतोष, रिंकी, पूनम शर्मा, करुणा अग्रवाल, मनीषा गुप्ता, रश्मि तोमर, नीलम चौधरी, शिखा अग्रवाल, अंशु विश्नोई, सुनीता शर्मा तथा मीडिया प्रभारी माही मसीह सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित जांच कराने का संदेश दिया।

### ब्लॉक परिसर में सफाई की मांग

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक ब्लॉक प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह ने कहा कि ब्लॉक परिसर में बने शौचालय बेहद गंदे हैं। गंदगी के कारण आम लोग शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं। ब्लॉक में मूलभूत सुविधाओं का भी टोटा है। ब्लॉक के अधिकारी तथा कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने मांग की कि ब्लॉक के जर्जर शौचालयों का पुनर्निर्माण कराया जाए तथा शौचालयों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। ब्लॉक परिसर में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जनपद को गुलदार मुक्त बनाने की मांग की गई। किसानों को निर्वाध बिजली आपूर्ति करने, फसलों को नुकसान पहुंचा रहे निराश्रित गोवंशों को गोशाला भेजना सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक का संचालन राहुल चौधरी ने किया। बैठक को ओमराज सिंह, जसराम, फैयाज, तेजपाल सिंह, सोवीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजपाल सिंह, राजवीर सिंह, भूदेव, घासीराम आदि ने संबोधित किया।

### शिविर में कौशल विकास कार्यशाला



**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में आयोजित किया गया। शासन द्वारा निर्धारित विषय 'कौशल विकास हेतु युवा' के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षिका प्रियंका जैन ने जुंबा तकनीक के माध्यम से व्यायाम कराया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेविकाओं को व्यावहारिक कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. मीनाक्षी सिंह (सहायक प्रोफेसर, गृहविज्ञान विभाग) ने सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी तथा लैपटॉप के बेसिक उपयोग से संबंधित जानकारी दी। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने कढ़ाई के नमूने तैयार किए तथा सिलाई के अंतर्गत पैटर्न बनाकर कुर्ती व ट्राउजर की कटिंग और सिलाई का अभ्यास किया। कार्यशाला को सफल बनाने में श्रीमती संतोष, रोहित, अर्जुन एवं मनोज का विशेष योगदान रहा।

### 'सबरंग' द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित

**बिजनौर।** नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'सबरंग' की होली मिलन तथा महिला दिवस के अवसर पर वृहद काव्य गोष्ठी का कल जैन धर्मशाला में आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक ओमप्रकाश परमार के सौजन्य से आयोजित गोष्ठी के अध्यक्ष डॉ. अनिल चौधरी, मुख्य अतिथि वार्ड 24 के सभासद तुफैल अहमद व विशिष्ट अतिथि सुरेश चन्द्र शर्मा रहे। मनोरंजन शर्मा के संचालन में सरस्वती वंदना से प्रारंभ गोष्ठी में डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा- 'शिकवे सारे दूर हों चढ़े प्यार का रंग/रूठे भी गलहार हो मन में भरे उमंग।' सुरेश शर्मा ने कहा- 'सैयां के भैया ने मुझे खूब सताया/ होली खेलन में सखी बड़ा मजा आया।' मनोरंजन शर्मा ने कहा- 'सियासी रंग तो बिखरे बहुत सी बार फागुन में/ चलों इस बार हम करें प्यार की बौछार फागुन में।' राशि अग्रवाल ने महिला दिवस पर कहा 'हे नारी तुम निश्छल धारा, तुम प्रेम मंत्र की भक्ति हो कई रूप जगत में है तेरे, हे नारी तुम शिवशक्ति हो।' गोष्ठी में ओमप्रकाश परमार, डॉ. सतेन्द्र शर्मा 'अंगिरस', संजीव 'एकल', विकास कुमार अग्रवाल, सुमन चौधरी, बीआर पाल, हुक्का बिजनौरी आदि ने भी काव्य पाठ किया। गोष्ठी के द्वितीय चरण में संस्था के संस्थापक सदस्य आरिफ गांधी का 'सबरंग' द्वारा सम्मान किया गया तथा उनसे कई गजलें सुनी गईं। अन्त में जहां मुख्य अतिथि तुफैल अहमद ने होली एवं महिला दिवस की सबको शुभकामनाएं दीं वहीं अध्यक्ष डॉ. अनिल चौधरी से कई गजलें सुनी गई। 'सबरंग' के निदेशक हुक्का बिजनौरी द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।

### महिला से छेड़छाड़ और धमकी का आरोप

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला तकी सराय हिंदू चौधरियान निवासी तान्या शर्मा पुत्री राजेश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 को दोपहर वह अपने परिवार के साथ घर पर होली का त्योहार मना रही थी। इसी दौरान मौहल्ले के मोहित सैनी, हिमांशु वर्मा, आकाश वर्मा, जगदीश वर्मा समेत चार-पांच अन्य लोग तथा नजीबाबाद निवासी मुकुल वर्मा एक राय होकर लाठी-डंडों के साथ उसके घर पर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान कुछ आरोपियों ने उसके साथ अशोभनीय हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने गंदी गालियां दीं और धमकी दी कि यदि आगामी कोर्ट की तारीख पर उनके पक्ष में बयान नहीं दिया गया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। महिला का कहना है कि आरोपियों द्वारा पहले भी कई बार इस तरह की घटनाएं की जा चुकी हैं और दोनों पक्षों के बीच एक मामला पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# पिस्टल-तमंचा व कारतूस के साथ दो दबोचे

## डॉ. राजकुमार हत्याकांड के बाद धामपुर में अवैध असलहों पर शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना में हुए चर्चित डॉ. राजकुमार हत्याकांड के बाद अवैध असलहों की तलाश में जुटी पुलिस को धामपुर क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। थाना धामपुर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो युवकों को अवैध असलहा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक तमंचा 315 बोर और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।



दरअसल, नगीना क्षेत्र में डॉ. राजकुमार की हत्या के मामले में पकड़े गए शूटर विकास ने पूछताछ में खुलासा किया था कि उसने हत्या में इस्तेमाल होने वाले असलहा धामपुर निवासी राजन से खरीदे थे। इस खुलासे के बाद पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर धामपुर पुलिस सक्रिय हो गई और अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े लोगों की तलाश शुरू कर दी गई।

सूत्रों से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस यह पता लगाने में जुटी थी कि राजन द्वारा किन-किन लोगों को हथियार बेचे गए हैं और किन लोगों ने उनसे असलहे खरीदे हैं। इसी कड़ी में पुलिस लगातार संदिग्ध लोगों पर नजर रखे हुए थी।

इसी दौरान 9 मार्च 2026 को थाना धामपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक अवैध असलहों के साथ सुंगमल फार्म हाउस के पास ट्यूबवेल के निकट खड़े हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए युवकों ने पूछताछ में अपने नाम विनीत कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम मौजमपुर जैतरा थाना धामपुर जिला बिजनौर तथा शमीम उर्फ माइकल उर्फ मेवा पुत्र सजाउद्दीन निवासी ग्राम उमरी कला थाना कांठ जिला मुरादाबाद बताए। तलाशी के दौरान विनीत कुमार के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और 150 रुपये नकद बरामद हुए। वहीं माइकल उर्फ मेवा के पास से एक देशी पिस्टल 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर और 250 रुपये नकद बरामद किए गए।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह तमंचा और पिस्टल राजन निवासी धामपुर से खरीदे थे और इन्हें आगे बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने जब असलहों के संबंध में लाइसेंस तलब किया तो आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बरामद असलहों को नियमानुसार सील कर सुरक्षित रखा गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मृदुल कुमार, उपनिरीक्षक सजिद अली, हेड कांस्टेबल इमरान सिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार समेत पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि डॉ. राजकुमार हत्याकांड से जुड़े अवैध हथियारों के नेटवर्क की भी गहनता से जांच की जा रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# रातो-रात कटे पेड़, कार्रवाई पर उठे सवाल

## 40 हजार प्रतिकर लेकर छोड़ने की चर्चा, जब्त बाइक लौटाने पर घिरा वन विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के गंगोडा रोड क्षेत्र में छह हरे और फलदार आम के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। खेत में खड़े आम के पेड़ों को रातों-रात काट दिए जाने से क्षेत्र में रोष का माहौल है, वहीं कार्रवाई के बाद भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम न उठाए जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।



प्राप्त समाचार के अनुसार गंगोडा रोड स्थित एक खेत में खड़े छह हरे आम के पेड़ों पर लकड़ी तस्करों ने आरी चला दी। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीन मोटरसाइकिल जब्त कर लीं। प्रारंभिक कार्रवाई से लोगों को उम्मीद जगी कि पेड़ काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी, लेकिन बाद की स्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए।

स्थानीय लोगों के अनुसार वन विभाग ने आरोपियों से करीब 40 हजार रुपये प्रतिकर वसूला। इसके बाद आरोपियों को छोड़ दिए जाने की चर्चा सामने आई। इतना ही नहीं, कार्रवाई के दौरान जब्त की गई मोटरसाइकिलें भी बाद में विभागीय आदेश के बाद वापस कर दी गईं। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बताया जा रहा है कि जिस खेत में पेड़ काटे गए उसमें तीन लोगों की हिस्सेदारी है। इनमें से दो हिस्सेदारों को यह तक पता नहीं चल पाया कि उनके खेत में खड़े पेड़ कब काट लिए गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस और वन विभाग से शिकायत की, लेकिन अभी तक उन्हें ठोस राहत नहीं मिल सकी है। पीड़ित किसान का कहना है कि वर्षों से पाले-पोसे गए फलदार आम के पेड़ों को काटकर उसे भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

कानूनी रूप से हरे पेड़ों का अवैध कटान गंभीर अपराध माना जाता है। भारतीय वन अधिनियम 1927 और उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत बिना अनुमति पेड़ काटने पर जुर्माने के साथ कारावास तक का प्रावधान है। इसके बावजूद यदि केवल प्रतिकर लेकर आरोपियों को छोड़ दिया जाता है, तो कानून के पालन पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

गौरतलब है कि बिजनौर जिला अपने स्वादिष्ट आमों के लिए भी पहचान रखता है। ऐसे में यदि इसी तरह फलदार पेड़ों का अवैध कटान होता रहा, तो पर्यावरण के साथ-साथ स्थानीय कृषि और बागवानी पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पीड़ित किसान ने पूरे मामले में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अब क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन पर टिकी है कि इस मामले में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

# सांसद चंद्रशेखर इफ्तार पार्टी में हुए शामिल

## अशरफ जमील ने किया आयोजन, हिंदू-मुस्लिम ने दिया भाईचारे का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौहल्ला बुद्धूपाड़ा में आसपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट अशरफ जमील द्वारा मौजमपुर टैम्पो स्टैंड स्थित अपनी निजी भूमि पर भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों से हजारों रोजेदारों और लोगों ने शिरकत कर रोजा खोला। इफ्तार पार्टी में दोनों समुदाय के लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिससे आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना रहा।



इफ्तार पार्टी में चंद्रशेखर आजाद (नगीना लोकसभा सांसद) विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने रोजेदारों के साथ इफ्तार किया और बाद में लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान सांसद ने कहा कि रमजान का महीना आपसी मौहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि आज एडवोकेट अशरफ जमील का जन्मदिन भी है, इसलिए सभी लोग उनके लिए खास दुआ करें कि अल्लाह उन्हें लंबी उम्र दे और उन्हें समाज की सेवा करने की और ताकत दे।

सांसद ने आगे कहा कि अशरफ जमील लगातार क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में खड़े रहने वाले व्यक्ति हैं और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे ही नौजवान और जागरूक नेतृत्व की जरूरत है, जो लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए काम करे। उन्होंने मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अशरफ जमील का ख्याल रखें और उनका साथ दें, ताकि वह आगे भी समाज और क्षेत्र के विकास के लिए मजबूती से काम करते रहें। सांसद के इस बयान से राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। नगर के लोग इसे आने वाले नगर निकाय चुनाव और संभावित चेयरमैनी की राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी तरह की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इफ्तार पार्टी में उमड़ी भारी भीड़ और सांसद का समर्थन क्षेत्रीय राजनीति में नए समीकरणों के संकेत जरूर दे रहा है।

कार्यक्रम में आसपा नेता मुदस्सिर जमा खान, साहिल मेहरा, सरफराज मलिक, फहद खान, शेरबाज पठान, खुर्शीद मंसूरी, चेयरमैन नजीबाबाद इंजीनियर मोअज्जम खान, काजी तारिक अली, डॉ. एम. फैजान खान, डॉ. शोएब खान, सलीम राशिद, नदीम अख्तर डॉ. मोअज्जिजयार खान सहित शहर व क्षेत्र के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न वर्गों के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।

## कश्मीरी से कलाली मार्ग ओवरलोड वाहनों से बदहाल, सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के कश्मीरी गांव से कलाली तक जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग भारी वाहनों के दबाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मिट्टी से लदे ओवरलोड डंपरों और ट्रैक्टर ट्रॉलियों के लगातार आवागमन से सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है।



इस मार्ग पर पक्की सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ रही है, जिससे आवागमन में बाधा आ रही है। सड़क की खराब स्थिति के कारण राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल और गहरे गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

स्थानीय निवासियों विनोद चौहान, अनिल कुमार, अमित कुमार, केशव कुमार और उदय राज सिंह ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी रोक लगाने और क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने का आग्रह किया है।

## एक नजर

### चलती स्कूटी बनी आग का गोला



**नांगल सोती।** मायापुरी निवासी करतार सिंह का युवा पुत्र शिवांत कुमार आज सुबह अपने घर से नांगल अपनी दुकान खोलने के लिए आ रहा था। नांगल-चंदक मार्ग पर हनुमान मंदिर के सामने शिवांश की इलैक्ट्रिक स्कूटी में अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते स्कूटी कुछ ही सेकंड में आग का गोला बनकर राख बन गई। हालांकि इस दौरान चालक शिवांत कुमार ने कूद कर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। कम खर्च और कम दूरी के आवागमन के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक स्कूटी का चलन बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। वहीं ये स्कूटी कम दामों पर ग्रामीणों क्षेत्रों में खूब बेची जा रही है। जानकारी के अनुसार जुगाड से बनी सस्ती स्कूटी लोगों की पहली पसंद बनी है। सस्ती होने के कारण बिना कंपनी की जुगाड से बनी स्कूटी लोग खूब खरीद रहे है। लिथियम आयन बैटरियां मोबाइल फोन और इलैक्ट्रिक वाहनों में प्रयोग की जाती है। ये बैटरियां अत्यधिक गर्म होने, डैमेज होने और ओवरचार्जिंग के चलते फट जाती है और आग पकड़ लेती है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान



**धमपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समिति की संरक्षक निर्मला कौशिक संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक व उपासना कौशिक द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की कुछ विशेष नारी शक्ति को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ संस्था की संरक्षक डॉ. रश्मि रावल द्वारा शारदे माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि रावल, अंशु दीक्षित, गरिमा छाबड़ा आदि को संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, संस्था की संरक्षक निर्मला कौशिक, शशिबाला शर्मा द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि रावल द्वारा महिला दिवस के बारे में सभी को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में शशिबाला शर्मा द्वारा बताया गया कि आज की नारी हर मुकाम हासिल कर रही है। कार्यक्रम में राखी उपासना ने बताया कि डॉ. रश्मि रावल आरएसएम महाविद्यालय की प्रधनाचार्या है व भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री है व अंशु रानी दीक्षित एक शिक्षिका एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक संघ नहटौर है व गरिमा छाबड़ा एसबीडी महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की पूर्व शिक्षिका है। ये तीनो ही समाज सेविकाएं है। इसलिए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है।

### इस्लामुद्दीन ने कराया रोजा इफ्तार



**अफजलगढ़।** मौहल्ला मुमताज हुसैन निवासी सपा के वरिष्ठ नेता इस्लामुद्दीन के आवास पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इफ्तार से पहले रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगी। इफ्तार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। सभी ने एक साथ रोजा खोलकर रमजान की बरकतों को साझा किया। इस दौरान उलेमाओं ने बताया कि रमजान का पाक महीना इंसा. नियत, सब्र, मौहब्बत और भाईचारे का पैगाम देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधयक शेख सुलेमान, सभासद मौहम्मद शाहिद, नेशनल परिवार एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील, मास्टर सलाउद्दीन, मौहम्मद शेख अब्दुल्ला, मौहम्मद निजाम उर्फ मोनू, मौहम्मद दानिश, मौहम्मद आरिश, मौहम्मद इकरार, मौहम्मद शाहनवाज, मौहम्मद सैफू समेत बड़ी संख्या में रोजेदार और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ईद पर दर्जियों की दुकानों पर बढ़ी भीड़



**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के दर्जियों की दुकानों पर कपड़े सिलाई कराने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ईद उल फितर हर अमीर-गरीब खास व आम नए कपड़े पहन कर ही ईद की नमाज अदा करता है। हालांकि रेडीमेड कपड़ों का चलन काफी बढ़ गया है, परन्तु उम्र दराज लोग रेडीमेड पैंट शर्ट के मुकाबले सिली हुई पेंट शर्ट पहनना अधिक पसंद करते हैं। इसी तरह रेडीमेड कुर्ता-पजामा के मुकाबले लोग अधिकतर सिला हुआ कुर्ता पजामा पहनने को अहमियत देते हैं। ईद पर कुर्ता पजामा हर उम्र के व्यक्ति की पहली पसंद होता है, इसलिए कुर्ता पजामा पहनने वालों की भीड़ दर्जियों की दुकानों पर बढ़ती जा रही है। काम का बोझ कम करने व समय पर पूरा काम करने की गरज से क्षेत्र के समस्त टेलर दो से तीन सिफ्टो में सिलाई के कार्य को अंजाम दे रहे हैं। कासमपुर गढ़ी के हाफिज नसीमुद्दीन टेलर, गुल्लू टेलर, हाफिज अय्यूब टेलर, अलतमश टेलर, मुस्तकीम टेलर एंव ग्राम मानियावाला के कारी फरीद टेलर, जयपाल सिंह टेलर, मौहम्मद मुकर्रम टेलर, जावेद टेलर आदि ने बताया कि आम दिनों के मुकाबले ईद के मौके पर समय का खास ध्यान रखा जाता है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# गन्ना समिति की भूमि पर निर्माण में अद्योमानक सामग्री का प्रयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सहकारी गन्ना विकास समिति की भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य में अद्येकानम सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। समिति के सभापति समेत पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच कराकर ठेकेदार के विरूद्व कठारेतम कार्यवाही करने की मांग की है।

**०सभापति व अन्य पदाधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण**

सहकारी गन्न विकास समिति की भूमि की बाउंड्रीवाल का कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर समिति के सभापति भूशंकर गुप्ता व अन्य पदाधिकारी निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान समिति की भूमि पर बनायी जा रही बाउंड्रीवाल में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जबकि निर्माण कार्य में पीली ईंट और मसाले में अत्याधिक रेत का प्रयोग किया जा रहा था। निर्धारित मानकों के विपरीत सामग्री प्रयोग करने पर सभापति ने रोष जताया ओर और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गम्भीर प्रश्नचिन्ह लगाये। इस दौरान मौके पर ही सैपल लिया गया। समिति के सभापति ने जिलाधिकारी से मामले की शिकायत कर ठेकेदार पर मानकों की अंदेखी करने और निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग कर निर्माण कार्य में गम्भीर अनियमित्तायं करने के आरोप लगाये। जबकि निरीक्षण के समय सभापति भूशंकर गुप्ता के अलावा डायरेक्टर हरिगोंदि सिंह, विशेषपाल सिंह गन्न डेलीगेट, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक भारत सिंह, गन्ना समिति सचिव दयाराम सिंह, देव प्रकाश आदि मौजूद रहे। समिति के सभापति समेत अन्य पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर ठेकेदार के विरूद्व जॉच कराकर कार्यवही करने की मांग की।



सिरसी- हजात अली की शहादत की याद में शबीहे ताबूत निकालते सोगवार।

# काबे में हुई विलादत, मस्जिद में शहादत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** हजरत अली (अ.) की शहादत इक्क्कीस रमजान चालीस हिजरी को ुहई थी। जब अब्दुरहमान इब्ने मुलजिम नामक खारिजी विद्रोही ने कूफा की मस्जिद में सुबह की नमाज के दौरान उनके सर पर जहर से उसी बुझी तलवार से हमला किया था। वै पैगम्बरे इस्लाम के चचेरे भाई, दामाद व शियों के पहले इमाम थे।

हजरत अली की शहादत की याद में हर साल की तरह इस साल भी कस्बे की शिश्या मस्जिदों में मजलिसे बरपा किए जाने के साथ याबीहे ताबूत बरामद किए गए। मजलिसों को खिताब करते हुए शिया उलेमाओं ने कहा कि हजरत अली 19 रमजान को कूफा की

**०हजरत अली के शबीहे ताबूत बरामद**

मस्जिद में नमाज पढ़ते वक्त सजदे में थे। तब इब्ने मलजिम ने जहर बुझी तलवार से सिर पर वार किया था। जिससे हजरत अली जख्मी हो गए थे और दो दिन बाद 21 रमजान को शहादत हो गयी थी।उलेमाओ ने हजरत अली की सीरत पर अमल करते हुए जिन्दगी गुजारने की जरूरत बताते हुए कहा कि मौला अली गरीबों, यतीमों, विधवाओं की मदद किया करते थे। इसलिए उनके दौरे हुकूमत में कोई भी शख्स भूखा नहीं सोता था। आप हमेशा इन्साफ से काम लेते थे। साथ ही बहादुरी में अलग ही पहचान रचाते थे। शिया मुसलमान 19 से 21 रमजान तीन दिन तक गम मनाता है। इस बीच इमाम बारगाहों में मजलिसे बरपा कर मातम किया जाता है और शबीहे ताबूत बरामद किए जाते हैं। जिसमें मर्द और औरतों के साथ ही बच्चे भी बड़ी तादाद में शरीक हाते हैं। ताबूतों के जुलूस में ठंडे पानी, चाय व दूध की सबीले लगाने के साथ ही नज्र भी तकसीम की जाती है।

# रेव ओवरब्रिज की अंदेखी बढ़ा रही जाम की समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बबराला।** नगर के रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज की मांग नागरिकों का काफी पुरानी है। इसके बाद भी ओवरब्रिज नहीं बन सका है। दिन में कई बार घंटों रेलवे फाटक के बंद होने से लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। रेलवे फाटक खुलने पर जाम की भी समस्या बन जाती है। नागरिकों ने प्रदेश सरकार से रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की है।

नगर के नागरिक पिछले 8 से 10 साल से रेलवे ाटक पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग करते चले रहे हैं। मगर, नागरिकों की मांग को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। जबकि नगर से किसान, आढ़ती, शिक्षक, छात्र-छात्राएं सहित अन्य लोग सुबह को जब रेलवे फाटक पर पहुंचते हैं, तो वह अक्सर बंद मिलता है। सभी को रेलवे फाटक के खुलने का इंतजार करना पड़ता है। रेल आने से आधा से पौन घंटे तक बंद रहता है। रेलवे फाटक बंद होने से दोनों वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। सुबह को रेलवे फाटक काफी काफी देर तक बंद होने से छात्र-छात्राओं को स्कूल पहुंचने में देरी हो जाती है। जिस कारण शिक्षक,शिक्षिकाओं की डांट तक खानी पड़ती है। रेलवे फाटक






पर नगर के नागरिक पिछले काफी समय से ओवरब्रिज बनवाने की मांग कर रहे हैं। नागरिकों की मांग के बावजूद सरकार ने अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया है. जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है। नागरिकों ने एक बार फिर सरकार से ओवरब्रिज बनवाने की मांग की है। अतुल गोयल ने कहा कि रेल आने पर बन्द फाटक पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। फाटक खुलने के दस मिनट बाद यातायात सामान्य हो पाता है। संजय शर्मा ने कहा कि मंगलवार व शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगता है।सबको इसी मार्ग से जाना होता है। घर से जाते व घर आते समय अक्सर रेलवे फाटक बंद होने से परेशानी होती है। देवप्रकाश यादव व अनिल अग्रवाल ने कहा कि रेलवे फाटक बंद मिलने से घंटों उसके खुलने का इंतजार करना पड़ता है। जिससे समय काफी बर्बाद हो जाता है। इस समस्या के निस्तारण की ठोस कदम उठाने चाहिए।

# कबडडी में विधानसभा सम्भल की टीम विजयी



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

**०खेल स्पर्धा के विजयी प्रतिभागियों का कराया ट्रायल**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विधानसभा सम्भल चंदौसी संभल एवं असमोली की विधायक खेल स्पर्धा के विजय खिलाड़ियों के विधा कुश्ती कबडडी एवं फुटबॉल के ट्रायल कराए गए।।

त्यागी स्पोर्टस स्कूल एवं कन्या गुरूकुल एवं फुटबॉल कुश्ती और कबडडी के ट्रायल का जे एल एम इंटर कॉलेज सिरसी में आयोजन किया गया। कुश्ती एवं कबडडी का आयोजन त्यागी स्पोर्ट स्कूल एवं माता राजकली देवी आर्ष कन्या गुरुकुलम कल्याणपुर मैं किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि क्षेमनाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ ने उद्घाटन किया और रामोतार पुरी महाराज राजकुमार शर्मा अभिषेक सैनी गणेश प्रजापति एवं सोनी आदि कुश्ती में कस्तूरबा गांधी की छात्रा खिलोनी 40 किलो भार वर्ग में प्रथम रही नीरज 43 किलो भार वर्ग में प्रथम रही सृष्टि 46 किलो भार वर्ग में प्रथम रही रितिका 49 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे सपना 43 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे आयुषी सागर 59 किलो भार वर्ग में प्रथम रही ललिता गौतम 57 किलो भार वर्ग में प्रथम रही तराना जहां 59 किलो भार वर्ग में प्रथम रही सुमित 45 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे सुंदरम 48 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे अखिलेश 51 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे जुबेर मलिक 55 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे आंसू 61 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे अफान 65 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे विवेक 70 किलो भार वर्ग में प्रथम रहे फुटबॉल सब जूनियर में विधानसभा चंदौसी जूनियर एवं सीनियर में विधानसभा सम्भल की टीम विजय रही। कबडडी में विधान सभा सम्भल की टीम विजय रही। ट्रायल में विजेता खिलाड़ियों को 14 मार्च से 16 मार्च तक बरेली में आयोजित जोन स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ट्रायल युवा कल्याण विभाग की तरफ से क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू चित्र वीर सिंह संजू रानी नितिन आर्य भोले सिंह त्यागी पुष्पेंद्र त्यागी एवं अनुज उपस्थित रहे।

# मौ. अशर ने नौ साल की आयु में रखा रोज़ा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** माहे रमजान की रौनक के बीच नन्हा रोजेदार चर्चा का केंद्र बना। 9 वर्षीय अशर इस्माइल ओर उनके भाई अदीब इस्माईल ने पहली बार रोजा रखकर अमन और तरक्की की दुआ मांगी।जबकि परिवार और मोहल्ले के लोगों ने उसकी हौसला अफजाई करते हुए फूलमाला पहनाकर रोजा कुशाई की और उपहार देकर दुआयें दीं।

रमजान के मुबारक महीने में जहां बुजुर्गों के साथ युवा और बच्चे भी इबादत में जुटे हैं, वहीं अशर के पहले रोजे को लेकर घर में खासा उत्साह रहा। मस्जिदों में नमाजियों की खासी तादाद देखने को मिली। शाम होते ही रोजेदारों ने परिवार के साथ इफ्तार की तैयारी शुरू कर दी। दोपहर बाद से ही घर की महिलाओं ने इफ्तार के लिए पकवान बनाने शुरू कर दिए थे। मगरिब की अजान से पहले ही दस्तरखान सजा दिया गया। अजान होते ही रोजेदारों ने अल्लाह तआला से दुआ मांगी और खजूर, पानी व शरबत से रोजा खोला। इसके बाद विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया और अल्लाह का शुक्र अदा किया। दोनों के रोजा रखने पर दादा शेख इब्राहिम, दादी अंजुम बेगम, चाचा नदीम, दानिश, ओवेस, जुनैद इब्राहिम ने उसे रोजा खुलवाकर दुआओं से नवाजा। परिवार के बड़ों ने नन्हे बच्चों को गले लगाकर उसके जज्बे की सराहना की।

# निजि भूमि पर बुल्डोर कार्रवाई कराने पहुंचा लेखपाल

**०अधिकारियों को गुमराह कर बतायी नॉन जेड ए की भूमि भूमि से सम्बंधित विवाद उच्च न्यायालय में लम्बित, 145 में कुर्क चली आ रही है भूमि**



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रशासनिक अधिकारियों को गलत रिपोर्ट देकर निजि भूमि पर बुल्डोर जस्टिस की कार्यवाही करने पहुंचे लेखपाल को विरोध का सामना करना पड़ गया। जबकि मामला उच्च न्यायालय में दो पक्षों के बीच लम्बित चल रहा है।

मौहल्ला तिवारी सराय मुन्नी माता मंदिर के निकट भूमि खाली पड़ी है। जिसके टाईटिल को लेकर मुशफिक हुसैन और मंजूर हुसैन के बीच मुकदमा लम्बित चला आ रहा है। इसके अलावा उक्त भूमि को वर्ष 1983 में धारा 145 की कार्यवाही में धारा 146 के तहत कुर्क कर उसकी देखरेख और किसी पक्ष द्वारा उस पर कोई निर्माण आदि कराया गया तो उसकी सूचना प्रशासन को देने के लिए तिवारी सराय निवासी शिवनंदन भटनागर को रिसीवर नियुक्त कर दिया गया था। मामले का अदालत से निपटारा न होने पर भूमि खाली पड़ी है। जबकि 145 का आदेश जब तक टाईटिल तय नहीं हो जाता और मुकदमें का अन्तिम निस्तारण नहीं हो जाता तब तक लागू रहेगा, लेकिन सोमवार को उस समय हद हो गयी जब लेखपाल मुकेश यादव बुल्डोजर लेकर भूमि पर पहुंच गये। लेखपाल ने जे सी बी से उसके सीमांकन को नींव की खुदाई कराना शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही भूस्वामी दोनों पक्षों के लोग वहां आ गए और लेखपाल के नेतृत्व में जे सी बी से करायी जा रही खुदाई पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। निजि भूमि को नॉन जेड की भूमि बताकर उसे सरकारी कब्जे मे लेने के प्रयासों का भू स्वामियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। जबकि लेखपाल मुकेश यादव पर अधिकारियों को गुमराह कर निजि भूमि को नॉन जेड ए की भूमि बताकर अवैध रूप से अपने कब्जे में लेने का आरोप लगाया। जबकि निजि भूमि को नॉन जेड ए की भूमि साबित करने का कुत्सित प्रयास करने वाले लेखपाल के पास कोई जवाब नहीं बन सका। मामले में उपजिलाधिकारी को भूमि सम्बंधी अभिलेख दिखाने पर जे सी बी की कार्रवाई को रोका गया।

# मौला अली ने इंसाफ और इंसानियत के लिए अपनी जिन्दगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड के गांव बुकनाला सादात में 19 रमजान को पहले इमाम हजात अली अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में गम और अकीदत का माहौल देखाने को मिला। अकीदतमंदों ने नम आंखों से मौला अली की शहादत को याद किया। पूरे गांव में गम की फिजा छाई रही और मजलिसों में मौला अली के मसाइब सुनकर लोग अश्कबार हो उठे।

मजलिस की शुरुआत मर्सिया से हुई, जिसे मोहम्मद हैदर व उनके हमनवां ने पढ़ा। इसके बाद मजलिस को खघ्तिाब मौलाना मोहम्मद हैदर साहब ने किया। उन्होंने मौला अली की जिंदगी, उनके इंसाफ, उनकी शुजाअत और उनकी शहादत का वाकया बयान किया, जिसे सुनकर मजलिस में मौजूद अकीदतमंद गम में डूब गए। इस के बाद नौहाखानी सरकार हैदर बुकनालवी और राजा बुकनालवी ने गमगीन नौहे पढ़े, जिनकी सदाओं से माहौल पूरी तरह मातमी हो गया मजलिस के बाद शबीहे ताबूत मस्जिद बनी हाशिम से बरामद हुआ, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंद मातम करते हुए साथ चले। यह शबीहे ताबूत इमामबाड़ा बनी हाशिम पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके बाद मौलाना आस्फि हुसैन साहब ने मौला अली के मसाइब बयान किए और बताया कि कैसे इस्लाम के इस अजीम रहबर ने इंसाफ और इंसानियत के लिए अपनी पूरी जिंदगी कुर्बान कर दी।

# टी 20 विश्वकप भारत के जीतने पर हर्ष व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारत ने न्यूजीलैंड को टी 20 विश्व कप के ाइनल में 96 रन से हराकर जीत अपने नाम की। जिस पर क्रिकेट प्रेमियों हर्ष व्यक्त किया।

नगर गुन्नौर के मोहल्ला सराय में भारत की जीत पर क्रिकेट प्रेमियों ने डोल नगाड़ो की थाप पर नृत्य किया। क्रिकेट प्रेमियों ने कहा कि भारत की क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर टी 20 विश्व कप ट्राफी अपने नाम कर ली।जिस पर सभी भारतवासियों को गर्व है।भारत टीम की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। भारतीय क्रिकेट इतिहास के लिए बेहद ही खास बन गई। टी 20 विश्व कप भारत ने जीतकर सभी को गौरवान्वित किया है। इस दौरान रविराज गुप्ता, केशव वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, ईशु वार्ष्णेय, कल्लू वार्ष्णेय, सतीश कुमार, बंटी, हेमन्त, एके शर्मा, सुबोध आदि रहे।

# बालिकाओं को आत्म रक्षा के साथ दिया योग का प्रशिक्षण




सम्भल- हल्लू सराय में श्रीशिव पुराण कथा में कथा का श्रवण करते श्रृद्वालु।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल, कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय गुन्नौर, पूर्व प्राथमिक विद्यालय पतरौआ व उच्च प्राथमिक विद्यालय पथरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे कि विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें। ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा, पूर्वी ने सभी बालिकाओं को फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, बैक किक एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं। साथ ही विद्यालय के पीटीआई शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि कैंप के बाद भी बालिकाओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके। ताइक्वांडो कोच ब्लैक बैल्ट धारक रेखा ने बताया कि हर बालिका को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेनी चाहिए। जिससे आत्मरक्षा के गुर के साथ साथ बालिकाएं मानसिक रूप से भी मजबूत होती हैं। ग्रामवासियों ने भी सरकार की इस योजना की प्रशंसा की। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

# रंग पंचमी पर फूलों की गोली लगने से घायल

**सम्भल।** उप नगरी सरातरीन स्थित आर्य समाज मंदिर में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रृद्वालुओं ने फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिन पर भक्तगण भाव-विभोर होकर झूम उठे और नृत्य भी किया। पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन सोनल आर्य और पूजा आर्य ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृद्वालु उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर होली के इस पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में श्री मति लक्ष्मी आर्या, प्रभा आर्या, वीना आर्या, ,विजयलक्ष्मी आर्या, बबिता वार्ष्णेय ,सुमन वार्ष्णेय, संजना आर्या, शोभा वार्ष्णेय, बबली आर्या, आशा आर्या,गायत्री आर्या, सीमा आर्या यामिनी आर्या आदि उपस्थित रहे।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बढत्ते जल स्तर पर उफान लेती गंगा नदी।

# सपा नेता ने किया नवनियुक्त एसडीएम का स्वागत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सपा नेता ने नवनियुक्त उपजिलाण्किारी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर वार्ता।

उपजिलाधिकारी न्यायिक के पद पर तैनात निधि पटेल को जिलाधिकारी डा. रोजन्द्र पैंसिया के निर्देशें पर रामनुज को उपजिलाधिकारी का दायित्व दिया गया था लेकिन दो दिन पूर्व उपजिलाधिकारी रामानुज को हटाकर उनका दायित्व उसडीएम न्यायिक निधि पटेल को का सपा नेता सईद अख्तर इसराईली ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत।

# भारतीय क्रिकेटर जिंदाबाद थे, जिंदाबाद हैं और जिंदाबाद रहेंगे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तिरंगा मार्केट के दुकानदारों व्यापारियों ने भारत द्वारा न्यूजीलैंड को हराकर विश्व विजेता बनने पर गर्व और गौरव व्यक्त किया। सभी दुकानदारों व्यापारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय जयकार की।

तिरंगा मार्केट में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोमान प्रधान ने कहा कि न्यूजीलैंड को हराते ही भारत दुनिया की ऐसी पहली टीम बन गई जिसने तीन बार विश्व कप जीता हो। अपने देश में फाइनल जीतकर दुनिया में विश्व विजेता भारत ने अपना तिरंगा फहरा दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेटर जिंदाबाद थे जिंदाबाद हैं और हमेशा जिंदाबाद रहेंगे। विश्व कप के फाइनल में सर्वाधिक बड़ा स्कोर खड़ा करने वाली भारतीय टीम को सभी ने बधाइयां दी। उप प्रधान



दुर्वेश सैनी ने भारतीय क्रिकेट टीम के सभी बल्लेबाजों को और गेंदबाजों को बधाई देते हुए विश्व चौम्पियन को नमन किया। आबिद हुसैन, हाजी हबीब, मोहम्मद आजम, मोहम्मद इरफान, ओसामा, नाजिम एडवोकेट, गजेंद्र सिंह, जितेंद्र सैनी, रोहित प्रजापति, विनय यादव, मोहम्मद अमान, अरहम, जुनैद आदि अनेक व्यापारियों ने भारतीय क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं देते हुए उनके जोश उत्साह जज्बे परिश्रम और देश के प्रति समर्पण की सराहना की। सभी ने अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय जयकार की। हिंदुस्तान जिंदाबाद भारतीय क्रिकेट जिंदाबाद के नारे लगाए। अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की।

# रोजा संयम और दूसरों को दुआ करने की देता है प्रेरणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रमजान माह में माह में जहां बड़े इबादत में लीन हैं वहीं बच्चों का जज्बा भी कम नहीं हैं। दिन भर भूखे प्यासे रहकर रोजार रखकर खुदा की इबादत में आगे हैं। मो अलजिहान खान, 12 वर्षीय मासूम ने पहला रोजा रखकर न केवल घर परिवार की खुशियों की बल्कि देश दुनिय में अमन व तरक्की की दुआ मांगी। बरखरियानं निवासी हैं। मो. अलजिहान खान गुफरान खान के बेटे है। उम्र के बारह वर्ष पूरे करते हुए अपने माता-पिता और अन्य लोगों को रमजान माह के मुकददस माह का अहतराम और रोजा रखते देखकर मासूम ने रोजा रखने के निर्णय लिया। अपने जीवन का पहला रोजा रखकर अपने परिवार के साथ देश दुनिया में भी तरक्की और अमन की दुआ के लिए अपने हाथ उठाये। मासूम के रोजा इफ्तार में सामज सेवी नाजिर खान ने पहुँचकर दुआएं दी। इस दौरान समाज सेवी नाजिर खान ने कहा कि यह पहला रोजा उनके परिवार और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूख और प्यास सहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान को संयम, धैर्य और दूसरों के लिए दुआ करने की प्रेरणा देता है।

# रेलवे स्टेशन के पास खंडहर में पड़ा मिला वेंडर का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन के नजदीक एक पुराने खंडहर में युवक का शव मिलने से सोमवार को इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार घटना जीआरपी थाना क्षेत्र की है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-5 के पास बने एक जर्जर खंडहर में सोमवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने जब खंडहर के अंदर युवक को संदिग्ध हालत में पड़ा देखा तो पास जाकर जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुछ ही देर में क्षेत्राधिकारी (सीओ) भी भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। मृतक की पहचान सोनू पुत्र भगवत सिंह के रूप में हुई है। वह संभल जिले के थाना नखासा क्षेत्र के हातिम सराय होली चौक का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सोनू पिछले करीब दस वर्षों से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में पानी बेचने का काम करता था और अधिकतर समय स्टेशन के आसपास ही रहता था। वह काशीराम कॉलोनी क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था।घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के छोटे भाई मोनू ने बताया कि वे चार भाई हैं, जिनमें सोनू सबसे बड़े थे। उन्होंने बताया कि सुबह किसी व्यक्ति ने फोन कर उनके भाई की मौत की सूचना दी थी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि शव खंडहर में पड़ा था।परिजनों ने युवक के गले पर निशान होने की बात कहते हुए हत्या की आशंका जताई है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने मौके से एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही मामले की जांच में जुटी हुई है।





# नौकरी छूटने से आहत महिला ने खाया जहर, जिला अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने का मामला सामने आया है। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की हिमगिरी कॉलोनी निवासी महिला सोमवार की सुबह करीब दस बजे मझोला क्षेत्र के काशीराम नगर स्थित अपनी मां सुषमा के घर पहुंची थीं। कुछ देर बाद ही उन्होंने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद परिवार के लोग उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है और उसे लगातार निगरानी में रखा गया है।

परिजनों ने बताया कि महिला कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में काम करती थीं। करीब दो दिन पहले अस्पताल प्रबंधन ने उन पर कुछ आरोप लगाते हुए उन्हें नौकरी से हटा दिया था। इसके बाद से वह काफी तनाव में चल रही थीं और मानसिक रूप से परेशान थीं।बताया जा रहा है कि इसी तनाव के कारण उन्होंने मायके पहुंचकर यह कदम उठा लिया। घटना के बाद परिवार के लोगों में भी चिंता का माहौल है।फिलहाल महिला का इलाज जिला अस्पताल में जारी है और डॉक्टर उसकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं।

उधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जानकारी जुटा रही है। परिजनों का कहना है कि महिला को नौकरी से हटाए जाने के बाद से वह काफी दुखी थीं, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठा लिया।

# मासूम बच्चों का कराया गया रोजा इफ्तार, मांगी अमन-चैन की दुआएं

■ मुरादाबाद के वरिष्ठ शायर मरहूम जिया शादानी के यहाँ हुआ छोटे बच्चों का रोजा इफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हर साल की तरह छोटे मासूम बच्चों का रोजा इफ्तार मुरादाबाद के सीनियर शायर मरहूम जिया शादानी के चक्कर की मिलक स्थित आवास पर कराया गया जिसमे काफी संख्या मे मासूमों ने रोजा इफ्तार कर अपने रब के आगे हाथ उठाकर मुल्क और दुनिया ने अमनो अमान की दुआएँ मांगी और मरहूम जिया शादानी और उनकी अहिल्या मरहूमा की मगफिरत की भी दुआ मांगी, अदनान जिया ने बताया कि बीते कई वर्षो से मरहूम के आवास पर छोटे बच्चों का रोजा इफ्तार कराया जा रहा है और आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा। रोजा इफ्तार मे कामरान जिया, सय्यद अदनान, डॉ कमाल, मो आजम,सादिया जिया, फैजूल आजम, सीमा, रुबा कामरान, राइमा फजाईला, उतरुबा आदि लोग मौजूद रहे।



# कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए विशेष अभियान शुरू 23 मार्च तक घर-घर सर्वे करेंगी 2787 टीमें

**मुरादाबाद।** भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के अंतर्गत समाज में छुपे हुए कुष्ठ रोगियों को खोज निकालने के उद्देश्य से जनपद मुरादाबाद में दिनांक 9 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद डॉ कुलदीप सिंह ने कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का आरंभ प्रचार वाहन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से झंडी दिखाकर किया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विभाग की टीम घर आए तो उसका सहयोग करें, जिससे लक्षण युक्त व्यक्ति को सही जानकारी उपलब्ध हो सके और सही समय पर उसका इलाज आरंभ हो सके। इस अवसर पर जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान में एक आशा और एक पुरुष कार्यकर्ता की टीम घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगे। इस अभियान के लिए पूरे मुरादाबाद जनपद में 2787 टीमों को लगाया गया है, जिसमें से 2735 टीम में सामान्य जनसंख्या के लिए और 52 टीम में घुमंतु जनसंख्या, जेल, आवासीय विद्यालयों, वृद्ध आश्रम, ईट भट्टे आदि के लिए बनाई गई है। पांच टीमों पर कार्य के पर्यवेक्षक के लिए एक सुपरवाइजर को लगाया गया है।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास कुमार, डीपीएम श्री रघुवीर सिंह, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार, अर्बन हेल्थ के लोकेश शर्मा, पैरामेडिकल वर्कर दानवीर सिंह, जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### टी-20 विश्व कप जीत पर जश्न आतिशबाजी कर मनाई खुशी

**चन्दौसी।** भारतीय टीम द्वारा तीसरी बार टी-20 विश्व कप जीतने की खुशी में स्थानीय युवाओं व क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को बधाई दी। शहर के बिसौली गेट में 'भारत माता की जय' और 'टीम इंडिया जिंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। इस मौके पर अभिनव शर्मा ने कहा कि यह जीत पूरे देश को गौरवान्वित करने वाली है। भारत पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने अपने ही देश में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का गौरव हासिल किया है, जो अब तक कोई अन्य देश नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि हमें अपनी टीम के सभी खिलाडिघ्यों पर गर्व है, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से देशवासियों को यह यादगार पल दिया है। इस अवसर पर अर्चित अग्रवाल, अभिनव शर्मा, शोभित अग्रवाल, भारत अग्रवाल, मोहित गुप्ता, शुभम अग्रवाल, विराट अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल, शिवराम वत्स, पंकज शर्मा, दीपक रतन आदि उपस्थित रहे।

### बाजार में बढ़ी भीड़ से संभल गेट पर लगा जाम

**चन्दौसी।** होली पर्व के उपरांत शहर के बाजारों में अचानक भीड़ बढ़ने लगी है। विद्यालय खुलने के साथ ही वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं, वहीं महाविद्यालयों में भी परीक्षाओं का दौर जारी है। इसके चलते बाजारों में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। दूसरी ओर ई-रिक्शाओं की संख्या लगातार बढ़ने और मालवाहक वाहनों के बेरोकटोक बाजार में प्रवेश करने से जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। सोमवार को बाजार में भारी भीड़ देखने को मिली, जिसमें सबसे अधिक जाम की स्थिति संभल गेट क्षेत्र में रही, जहां दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि संभल गेट पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए होमगार्डों की ड्यूटी लगाई गई है और वे यातायात को सुचारू रखने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण जाम की समस्या बनी हुई है। वहीं कई दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण और दुकानों के सामने खड़े वाहनों के कारण भी स्थिति और अधिक बदहाल हो जाती है, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### मानवाधिकार संघ के कैंप कार्यालय पर होली मिलन व विचार गोष्ठी आयोजित

**चन्दौसी।** रविवार को सीतारोड स्थित दुर्गा कॉलोनी में मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में कैंप कार्यालय पर होली मिलन के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्राकृतिक रंग के रूप में चंदन का तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत, बसंत ऋतु के आगमन और राधा-कृष्ण के प्रेम का प्रतीक पर्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन भगवान विष्णु द्वारा अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने और अहंकारी हिरण्यकश्यप व होलिका के विनाश की याद दिलाता है। गोष्ठी में हरीश सिंह एडवोकेट, जगदीश राणा, त्रिमोहन सिंह यादव, के.जी. गुप्ता, डॉ. दीपचंद अग्रवाल, विभुकांत शर्मा, सौरभ मिश्रा, नितेश उपाध्याय, दिनेश भारद्वाज व विपिन गुप्ता आदि ने भी होली मिलन के साथ अन्य सामाजिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपाल शर्मा ने तथा संचालन अश्विन कुमार शर्मा ने किया।

### हमला करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई न होने के कारण सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** होली पर बीचबचाव को लेकर किये गए जानलेवा हमले का पीड़ित प्रमोद अस्पताल से ही स्ट्रेचर पर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुँचा। आपको बता दे कि पीड़ित प्रमोद होलिका दहन के दिन होली दहन में शामिल हुआ था तभी वहां शरारती तत्व आपस में झगड़ा कर रहे थे और माहौल खराब कर रहे थे। प्रार्थी ने बीच विचार करने की कोशिश की तो उनमें से रवि उर्फ प्रिंस मिश्रा पुत्र निरंजन मिश्रा सूरज व जतिन पुत्रगण छोटू राजा पुत्र लोकेश व एक अन्य ने प्रार्थी पर जानबूझकर चाकू से हमला कर दिया और प्रार्थी को गहरी चोट आई है जिसमें उनकी जान जानें से बची है।

# हुल्का देवी मंदिर में लगे बसौड़ा मेले में पूजा-अर्चना करने को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस क्षेत्र कपूर कंपनी पुल के नीचे स्थित प्राचीन हुल्का देवी मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मंदिर परिसर में आयोजित बसौड़ा मेले में शहर सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है।सोमवार को सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने माता हुल्का देवी के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।स्थानीय लोगों का कहना है कि हुलका देवी मंदिर शहर के प्राचीन और प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। हर वर्ष यहां लगने वाले मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। लोगों में यह मान्यता भी है कि माता के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना अवश्य पूरी होती है, जिसके चलते हर साल यहां आने वाले भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है।मेले के अवसर पर मंदिर के आसपास प्रसाद, खिलौने और खानपान की कई अस्थायी दुकानें भी सजाई गई हैं। बच्चों, महिलाओं और युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु दर्शन के साथ-साथ मेले का आनंद भी ले रहे हैं।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि व्यवस्था बनी रहे और श्रद्धालु शांतिपूर्वक माता के दर्शन कर सकें।



# होली पर मुरादाबाद मंडल के रेलवे स्टेशनों से हुई रिकॉर्ड टिकट बुकिंग, राजस्व में हुई भारी बढ़ोतरी

**मुरादाबाद।** होली पर्व 2026 के दौरान बढ़ी हुई यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए विशेष प्रबंधों का सकारात्मक असर देखने को मिला है। इस दौरान मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों से यात्रियों की रिकॉर्ड बुकिंग हुई है और रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि दर्ज की गई है।रेलवे के अनुसार, होली पर्व 2026 के दौरान मुरादाबाद मंडल के स्टेशनों से कुल 10,73,850 यात्रियों ने टिकट बुक कराकर यात्रा की। यह आंकड़ा पिछले वर्ष होली 2025 के दौरान दर्ज 10,06,673 यात्रियों की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। इससे स्पष्ट है कि इस बार त्योहार के मौके पर यात्रियों की आवाजाही में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।राजस्व के मामले में भी मंडल को इस वर्ष लाभ मिला है। होली पर्व 2026 के दौरान टिकट बुकिंग से रेलवे को कुल 19,13,29,551 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 18,69,38,116 रुपये था। इस तरह राजस्व में करीब 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई विशेष इंतजाम किए थे। त्योहार के दौरान अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए कुल 80 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इसके अलावा कई नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए गए, जिससे यात्रियों को यात्रा में आसानी हो सके। होली के बाद लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए मार्च और अप्रैल 2026 में भी कुछ विशेष ट्रेनों का संचालन जारी रखा गया है।रेलवे प्रशासन ने स्टेशनों पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती, टिकट जांच व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं कीं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने यात्रियों से अपील की है कि वह अधिकृत माध्यमों से ही टिकट बुक करें और यात्रा के दौरान नियमों का पालन करते हुए स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। सहायता या शिकायत के लिए यात्री हेल्पलाइन नंबर 139 या रेल वन एप का उपयोग कर सकते हैं।



# एआई टूल्स से एजुकेशन, रिसर्च और इंडस्ट्रीज में नई संभावनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एफओई और सीसीएसआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवम् जनरेटिव एआई पर पांच दिनी एफडीपी में गुरुग्राम के एडुनेट फाउंडेशन के एक्सपर्ट ट्रेनर्स श्री अमन श्रीवास्तव और सुश्री दृष्टि ने की शिरकत एडुनेट फाउंडेशन, गुरुग्राम के एक्सपर्ट ट्रेनर श्री अमन श्रीवास्तव कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह कार्य संस्कृति और ज्ञान व्यवस्था को पूरी तरह बदलने वाली भावी शक्ति है। उन्होंने बताया, एआई आधारित उपकरणों के माध्यम से शिक्षा, शोध और उद्योग के अनेक क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं। एक्सपर्ट ट्रेनर सुश्री दृष्टि ने कहा, जनरेटिव एआई, बड़े भाषा मॉडल तथा एआई एजेंट जैसी तकनीकों के माध्यम से शिक्षण और अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रचनात्मक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक इन तकनीकों को समझकर उनका उपयोग करेंगे, तो वे स्टुडेंट्स के लिए अधिक रोचक और परिणामदायी शिक्षण वातावरण तैयार कर सकते हैं। ये एक्सपर्ट्स तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई और कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवम् जनरेटिव एआई पर पांच दिनी एफडीपी में बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग एफडीपी का शंखनाद हुआ। इस मौके पर गुरुग्राम के विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री अमन श्रीवास्तव और सुश्री दृष्टि, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी सीसीएसआईटी के एचओडी प्रो. शंभु भारद्वाज, डॉ. रूपल गुप्ता, श्री हरजिंदर सिंह, श्री अजय चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे। एफओई के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा, वर्तमान समय में एआई शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग के क्षेत्र में तीव्र परिवर्तन ला रही है। शिक्षकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि वे नई डिजिटल तकनीकों को समझें और उन्हें अपनी शिक्षण प्रक्रिया में समाहित करें। टीएमयू का उद्देश्य केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि नवाचार, शोध तथा रचनात्मकता की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करना है। एफडीपी में माइक्रोसॉफ्ट एलीवेट प्लेटफॉर्म के सहयोग से सभी फैकल्टीज को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और जनरेटिव एआई जैसी उभरती हुई तकनीकों का सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, जनरेटिव एआई, कंप्यूटर विजन और स्वचालन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षकों ने क्लाउड तकनीक की उपयोगिता, उसके विभिन्न मॉडल और आधुनिक डिजिटल प्रणालियों में उसकी भूमिका को विस्तार से स्पष्ट किया। जुपिटर नोटबुक के माध्यम से डेटा विश्लेषण और प्रयोगात्मक कार्यों की विधि भी समझाई गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि मशीन लर्निंग में कंप्यूटर प्रणालियां डेटा के आधार पर स्वयं सीखने की क्षमता विकसित करती हैं। इसके बाद प्रतिभागियों को ईमेल प्रबंधन, एक्सेल विश्लेषण तथा प्रोग्रामिंग सहायता के लिए कोपायलट जैसे एआई उपकरणों के उपयोग का अभ्यास कराया गया। संचालन डॉ. रूपल गुप्ता ने किया।





# चोरों का आतंक, घर में घुसकर चोरी, एक और घर में कूमल लगाया

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर चित्तू में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बना डाला। एक घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब एक लाख की नगदी पर हाथ साफ कर लिया, और दूसरे घर की दीवार में नकब लगाकर परिवार के जागने पर मोके से भाग निकले।

जानकारी के अनुसार गांव सैफपुर चित्तू निवासी रहीस ट्रक ड्राइवर हैं। शनिवार की रात्रि परिजन घर मे सो रहे थे, बताया गया रहीस की पत्नी मेहरुन्निशा जब रात्रि में जागी तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला, जिसके बाद कमरों में देखा तो सारा सामान उथल-पुथल दिखाई दिया। समान देख परिजनों ने घर मे रखे आभूषण और नगदी पर घ्यान दौड़ाया तो वह गायब मिले। रहीस की पत्नी महरून निशा ने बताया कि वह पिछले करीब डेढ़ साल से गुल्लक में पैसे जमा कर रही थीं जिसमें रखे करीब एक लाख रुपए भी चोरों ने चोरी कर लिए। बताया गया चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए और और चोरी के बाद मौके से फरार हो गए। इसी गांव के सैफपुर खरंजा स्थित किसान हाजी मुन्नन के घर में भी चोरी की कोशिश की गई। मुन्नन का मकान गांव के शुरुआती हिस्से में बना हुआ है। बताया गया कि शनिवार रात करीब दो बजे अज्ञात चोर दीवार में कूमल लगाने लगे। इसी दौरान मुन्नन के पुत्र आसिम की पत्नी की आंख खुल गई। घर में हलचल होने पर चोर घबरा गए और मौके से भाग निकले। गनीमत रही कि चोर घर के अंदर घुसकर चोरी करने में सफल नहीं हो सके। मुन्नन के घर मे चोरों द्वारा कूमल लगाकर चोरी के प्रयास करनी की जानकारी पुलिस को दी है। वहीं घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक का पैर काटना पड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** डिलारी-सुर. जननगर रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की हालत इतनी गंभीर हो गई कि इलाज के दौरान डॉक्टरों को उसका पैर काटना पड़ा। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सुरजननगर निवासी शनिदेव पुत्र स्व. दुष्यन्त कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 फरवरी 2026 की रात करीब 9.30 बजे उसका भाई सौरभ कुमार अपने दोस्त अभिषेक कुमार पुत्र स्व. आनंद कुमार के साथ बाइक संख्या यूपी21 बीआर 7086 से डिलारीदृसुरजननगर रोड स्थित सुरजननगर बैंक्वेट हॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था।

जब वे बैंक्वेट हॉल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहा ट्रक संख्या यूपी20 एटी 8880 का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सौरभ कुमार और अभिषेक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गंभीर हालत में सौरभ कुमार को एंबुलेंस से काशीपुर के केवीआर अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। बाद में परिजनों ने सौरभ को मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों को उसका गंभीर रूप से कुचला हुआ पैर जांघ के पास से काटना पड़ा। वर्तमान में सौरभ कुमार का इलाज कॉसमॉस अस्पताल मुरादाबाद में चल रहा है, जबकि अभिषेक कुमार का उपचार काशीपुर के गंगा अस्पताल में जारी है। घायल सौरभ के इलाज में व्यस्त रहने के कारण परिवार समय से रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# त्रिवेणी शुगर मिल की विशाल कृषक गोष्ठी, बसंत कालीन गन्ना बुवाई पर किसानों को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रानीनांगल शुगर यूनिट की ओर से रविवार को डिलारी क्षेत्र में एक विशाल कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोविन्दपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई, बीज शोधन, भूमि शोधन तथा गन्ना बीज आरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषक जागरूकता अभियान के तहत आयोजित इस गोष्ठी में उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम्, महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव, उप महाप्र. बंधक (विकास) सुनील कुमार मलिक और उप महाप्रबंधक (विपणन) प्रभात सिंह सहित चीनी मिल के कई अधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम् ने किसानों और गन्ना विभाग के कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए



कहा कि गन्ना फसल को लाल सड़न रोग से बचाने के लिए फसल चक्र अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों से स्वस्थ बीज के चयन और बीज शोधन के बाद ही उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को-0118, 15023, 98014, को-लख-14201, 16202 और 94184 की बुवाई करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि किसान साफ-सुथरा और जड़-पत्ती, अगोला व मिट्टी रहित गन्ना चीनी मिल को उपलब्ध कराएं, जिससे मिल और किसानों दोनों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि चीनी मिल द्वारा 27 फरवरी 2026 तक का गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है, जिससे किसानों में खुशी का माहौल है। महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव ने मंच पर उपस्थित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई पर दिए जा रहे अनुदान की जानकारी दी।

उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के लिए मृदा परीक्षण और मृदा सुधार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। साथ ही किसानों से आग्रह किया कि जिनके पास उन्नतशील बीज उपलब्ध नहीं है, वे समय रहते पड़ोसी किसानों से बीज सुरक्षित कर लें और शत-प्रतिशत बीज शोधन के बाद ही बुवाई करें। गोष्ठी में किसानों को ट्रैश मल्चर के उपयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ाने और गन्ना कटाई के बाद पेड़ी में बेहतर फुटाव के लिए इथाफोन के प्रयोग के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा बेसिक कोटा से अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों के लिए घोषित बंपर लकी ड्रॉ की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक (विकास) सुनील कुमार मलिक ने किसानों को पेड़ी प्रबंधन और श्रमिकों की कमी को देखते हुए कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय बताए। इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक सुमित चौधरी, प्रगतिशील किसान वीरेंद्र सिंह और बीर सिंह राठी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में राकेश कुमार, इस्लाम, डॉ. अकरम, प्रेमपाल और दिनेश कुमार सहित लगभग 150 किसान तथा चीनी मिल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## ईद उल फितर पर शुरू नहीं करें कोई नई परंपरा, कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक में बोले सीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ईद उल फितर के त्यौहार को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक बुलाई गई जिसमें पुलिस क्षेत्र अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहा कहीं भी कोई नई परंपरा शुरू नहीं करें पहले से जहां नमाज होती आई है वहीं नमाज अदा की जाए। उन्होंने कहा समाज में कुछ लोग अमन के दुश्मन होते हैं जो गलतफहमी पैदा करके विवाद करते हैं ऐसे लोगों को नजर में रखें और तत्काल सूचना दें। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग सोच समझकर करें कोई आपत्तिजनक सामग्री अपलोड करने वाला तो दोषी है ही उसको शेयर करने वाला भी बराबर का दोषी माना जाएगा। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने शासन की गाइडलाइन के बारे में बताया कहीं भी कोई सड़क पर अथवा सार्वजनिक स्थान पर नमाज नहीं पढ़ें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था के लिए निरोधात्मक कर्रवाई की जा रही है। आवारा पशुओं को बाड़े में बंद रखे जाने पर जोर दिया। उन्होंने अधीनस्थों को कहा शूकर पालने वालों को चिन्हित करके उनकी बैठक बुलाएं ताकि उन्हें हिदायत दे दी जाए। सफाई और निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग उठाई। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी राजू ने ईदगाह पर तैयारी के बारे में जानकारी दी।

बैठक मैं मुफ्ती हामिद अली, सिद्धार्थ शेखर, नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, हाजी अब्दुल हसन, प्रधान माजिद हुसैन अंसारी, रविंद्र सिंह, सलीम, कुर्बान अली, खलील, धर्मेंद्र, वकार अहमद खां, पुत्तन खां, सभासद आमिल सिद्दीकी, रशीद पन्ना, हप्पू राजा,मोहम्मद अली, जरीफ अहमद, जावेद, मोहम्मद कासिम अंसारी, वसीम इदरीसी, पालिका के जेई गौरव राय आदि शामिल रहे। बैठक का संचालन नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने किया।

# सरकारी घूर की जमीन पर अवैध निर्माण हटाया, राजस्व टीम ने कराया कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरियाणा में सड़क किनारे सरकारी घूर की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को राजस्व विभाग की टीम ने हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी रामपाल पुत्र रामकुमार ने सड़क किनारे स्थित सरकारी घूर के गड्ढे पर निर्माण कर लिया था, जिसकी सूचना प्रशासन को मिली। सूचना मिलने पर बिलारी राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में लेखपाल नागेश के साथ कुंदरकी पुलिस चौकी प्रभारी संजय त्यागी और पुलिस बल भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पाया कि सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण किया गया है। इसके बाद राजस्व विभाग और पुलिस की मौजूदगी में अवैध निर्माण को हटवाते हुए जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान गांव में लोगों की भीड़ भी एकत्र हो गई, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई।



## मिक्स प्लांट से चार लाख रुपये की मोटर चोरी, तीन नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र में स्थित एक हॉट मिक्स प्लांट से करीब चार लाख रुपये कीमत की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, एक निजी कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्राम माननगरवाला के पास संचालित हॉट मिक्स प्लांट की सुरक्षा के लिए दो चौकीदार राजपाल सैनी और सुभाष सैनी को तैनात किया गया था। पीड़ित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 फरवरी 2026 की सुबह करीब चार बजे चौकीदारों ने सूचना दी कि प्लांट पर लगा मोबाइल फोन चोरी हो गया है। इसके बाद पीड़ित ने मौके पर पहुंचकर प्लांट की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि प्लांट में लगी लगभग चार लाख रुपये कीमत की मोटर भी गायब है। पीड़ित के अनुसार मोटर काफी भारी थी, जिसे खोलने और ले जाने में कई लोगों की मदद लगती है। मोटर को बिना किसी वाहन के ले जाना संभव नहीं है, जिससे आशंका है कि चोरी की घटना सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि चौकीदार राजपाल सैनी, सुभाष सैनी और उनके अन्य साथियों की मिलीभगत से मोटर चोरी की गई है। मामले में पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक तेजपाल सिंह को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## बदला मौसम का मिजाज तो किसानों की पेशानी पर आया पसीना

**कांठ( शाह टाइम्स )** सुबह सवेरे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया करीब 4:00 बजे पूरा क्षेत्र घने कोहरे की चपेट में आ गया 7:00 बजे तक भी वाहनों को लाइट जला कर चलना पड़ा सूर्य देव के दर्शन तो हुए लेकिन रोशनी धरती तक नहीं पहुंच पाई लोगों को अचानक बदले मौसम के कारण गर्म कपड़े भी पहनने को मजबूर होना पड़ा। बतादे की गेहूं की फसल इस वक्त पकने की ओर है लेकिन सरसों की फसल पूरी तरह तैयार है सरसों की कटाई और निकासी इस समय चल रही है इस वक्त यदि मौसम बिगड़ता है तो किसानों को तिलहन की फसल में काफी नुकसान हो सकता है सुबह सवेरे अचानक बदले मौसम के कारण किसानों के माथे पर पसीना आने लगा किसानों को लगा कि यदि बारिश पड़ती है तो सरसों की खड़ी फसल को भी नुकसान होगा और कटी फसल तो पूरी तरह बर्बाद हो सकती है लेकिन फिर धीरे-धीरे कोहरा छट गया और धूप खिलने के बाद मौसम सामान्य हुआ तो किसानों ने भी राहत की सांस ली है।



## खुद को कसौटी पर परखने और बाकी 11 महीना में वैसा ही व्यवहार करने की सीख देने के लिए आता है रमजान का महीनाः अरमान चौधरी

**कांठ( शाह टाइम्स )** रमजान अल्लाह की इबादत का महीना है अल्लाह चाहता है कि उसका बंदा पूरी दुनिया के लिए आदर्श बने इंसान अपने सोच विचार व्यवहार कार्य सभी अच्छे होने के प्रमाण दें रमजान ऐसा बनने के लिए प्रशिक्षण भी देता है अपना मूल्यांकन करने के बाद इंसान बेहतर बनने का प्रण खुद से ले बुराइयों से बचे गुस्सा ना करें उक्त विचार रमजान को लेकर आज अरमान चौधरी रईस ने व्यक्त किए कहा कि किसी को तकलीफ ना पहुंचाए सबका सम्मान करें झूठ ना बोले जरूरतमंदों की मदद करें गरीब अमीर काले गोरे ऊंच नीच का अंतर न करें क्योंकि अल्लाह के घर मस्जिद में सभी के साथ एक ही कतार में खड़े होकर उसके समक्ष समर्पण करते हैं। इंसान भीतर की बुराइयों को खत्म करें किसी के बारे में बुरा न सोचे मन में बुरे विचार ना लाए सच्चाई का



जो रास्ता अल्लाह ने कुरान शरीफ में बताया है उस पर चले अंतिम पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की व्यावहारिकता को अपने जीवन में अपनाए। हर वर्ष रमजान इसीलिए आता है कि इंसान खुद को कसौटी पर परखे और अन्य 11 महीनो में वैसा ही व्यवहार करें जैसा अल्लाह ने करने को कहा है जिस तरह अल्लाह के समक्ष हर इंसान एक समान है वह किसी में भेद नहीं करता इस तरह इंसान को भी भेद नहीं करना चाहिए मुकद्दस रमजान का बरकतों और रहमतों से भरा महीने का तीसरा असरा शुरू होने वाला है रोजेदारों को रमजान के तीसरे सरे की आमद करीब आ गई है पड़ोसी चाहे किसी भी धर्म या समुदाय से ताल्लुक रखता हो उसकी मदद करना इस्लाम की अहम तालीमात में शामिल है।

## पहले जान से मारने की धमकी बाद में पीछा कर बाइक से टक्कर मारी तो मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना छजलैट के गांव चेतरामपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह का आरोप था की उसे ज्ञानी पुत्र मुन्नू ने 17 फरवरी को घर पर आकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी थी आज वह अपने काम से लौटकर घर वापस आ रहा था तो ज्ञानी पुत्र मुन्नू टोनी रोमी पुत्रगण रिशिपाल व तीन चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और गांव के बाहर उसकी बाइक में टक्कर मार कर उसे गिरा दिया।

जिससे उसे काफी चोट आई पीड़ित के मुताबिक उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और चले गए तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने अज्ञात सहित कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## बरसींम काटने गए किसान पर विपक्षियों ने किया जानलेवा हमला कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** वरसीम काटने गए किसान पर विपक्षियों ने हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए घायल के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सुमित कुमार निवासी कुमरिया जुमला का कहना है कि उसके पिता रामपाल सिंह पुत्र गोकल सिंह खेती-बाड़ी का काम करते हैं 8 मार्च की दोपहर को वह खेत पर वरसीम काटने गए थे वहां पर मौजूद अनूप पुत्र चतर सिंह दीपक पुत्र अनूप नितिन पुत्र रिशिपाल दीपक पुत्र रिशिपाल ने पुराने जमीनी विवाद और उसके पिता से 2022 में लिए एक लाख रुपए खपाने को लेकर कहा सुनी गाली गलौज शुरू कर दी उन्होंने विरोध किया तो अनूप दीपक नितिन और दीपक पुत्र रिशिपाल ने लोहे की रॉड से मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से पिता पर कई बार किए जिसमें उनके दोनों हाथों व पैरों की हड्डियां कई जगह से टूट गई शोर सुनकर बह मौके पर पहुंचा तो उन्होंने उसे भी जान से मारने की धमकी दी और तमंचे से कई गोली चलाई आसपास के लोग व गांव वाले मौके पर आए तो यह लोग आइंदा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए ग्रामीणों की मदद से वह अपने पिता को सरकारी अस्पताल लेकर गया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया पीड़ित के मुताबिक उसके पिता का इलाज अब कॉसमॉस अस्पताल मुरादाबाद में चल रहा है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

## पहले जान से मारने की धमकी बाद में पीछा कर बाइक से टक्कर मारी तो मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना छजलैट के गांव चेतरामपुर निवासी अरविंद कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह का आरोप था की उसे ज्ञानी पुत्र मुन्नू ने 17 फरवरी को घर पर आकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी थी आज वह अपने काम से लौटकर घर वापस आ रहा था तो ज्ञानी पुत्र मुन्नू टोनी रोमी पुत्रगण रिशिपाल व तीन चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और गांव के बाहर उसकी बाइक में टक्कर मार कर उसे गिरा दिया।

जिससे उसे काफी चोट आई पीड़ित के मुताबिक उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और चले गए तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने अज्ञात सहित कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## दराती से हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** होली की चौपाई के दौरान मारपीट और जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। हमले प्रयुक्त किए हथियार को आरोपी कब्जे से बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बाबू पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम पीलकपुर गुमानी के रूप में हुई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पीलकपुर गुमानी निवासी विनोद कुमार पुत्र रामचन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे उसके भाई से कुछ लोगों ने चौपाई के पैसों को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने वादी के भाई को गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी बाबू ने वादी के भाई पर जान से मारने की नियत से दराती (एक प्रकार का हथियार) से हमला कर दिया, जिससे उसके गले पर गंभीर चोट आई। पुलिस के अनुसार, जब आसपास के लोग एकत्रित होने लगे तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 8 मार्च 2026 की शाम 5.30 बजे आरोपी बाबू को दबोच लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 8 अंगुल के हैंडल वाली 1 बालिश्त (करीब 9 इंच) फल वाली दराती बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल अन्य चार आरोपियों दीपक, देवेंद्र, जयप्रकाश उर्फ टाइगर और रोहित की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है और उनकी तलाश जारी है।

# तहसील बार में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

**कांठ( शाह टाइम्स )** होली मिलन समारोह का आयोजन आज करीब 5 साल के अंतराल के उपरांत तहसील बार सभागार में किया गया जिसमें आए मुख्य अतिथि ग्रामीण न्यायालय के जज कुंवर सूर्यसेन विशिष्ट अतिथि तहसीलदार राजकुमार सिंह ने अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत है और सबको भाईचारा एवं प्यार का संदेश देता है। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं पत्रकारों अधिकारियों और बार के पदाधिकारियो ने अपने-अपने स्तर से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया किसी ने गीत किसी ने गजल किसी ने शेरो शायरी और किसी ने अपने कलाम सुना कर होली की शुभकामनाओं का संदेश दिया। संचालन कर रहे अधिवक्ता शहजाद रफी और मोहम्मद इकबाल ने चुटकुले और अन्य शेरो शायरी के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया। एडवोकेट कोमल सिंह चरण सिंह ढाका भू प्रकाश सिंह बिनीत नैन आदि ने अपने तरीके से होली मिलन समारोह की भव्यता में चार चांद लगाए। पत्रकार शब्बीर मोमिन ने गजल सुना कर लोगों की वाहवाही लूटी, पंकज भदौरिया ने भी अपने अंदाज में होली की शुभकामनाएं दी। अधिकारियों और अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया तहसीलदार राज. कुमार सिंह और ग्रामीण न्यायालय के जज कुंबर सूर्यसेन को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम की खुले दिल से सराहना की। कार्यक्रम में डॉक्टर विनीत नैन मोहम्मद अयूब मुसर्रत हुसैन विजयबीर सिंह कपिल राणा राजीव बिश्नोई हरपाल सिंह भू प्रकाश सिंह दीपक बिश्नोई प्रमोद शर्मा सहित काफी संख्या में अधिवक्ता एवं तहसील बार से जुड़े लोग शामिल रहे।

### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र हिलाल हुसैन व पुत्रवधू श्रीमती गुलफ्शा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **जुल्फेकार पुत्र इकरार व श्रीमती परवीन पत्नी जुल्फेकार निवासीगण इमरतपुर उधौ थाना मैनाठेर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद सं० :** 554/2025
**तारीख पेशीः** 13.03.2026
**श्रीमती तहसीन जहां बनाम नफीस अहमद।**

श्रीमती तहसीन जहां आयु लगभग 35 वर्ष पुत्री स्व. श्री मौहम्मद सुलेमान निवासनी हाल मौहल्ला- वारसीनगर, गली नम्बर-3, जामा मस्जिद तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

श्री नफीस अहमद आयु लगभग 39 वर्ष पुत्र श्री शफीक अहमद निवासी मौहल्ला ईदगाह तकिया, जनपद अमरोहा-**प्रतिवादी।**

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 03 के दिवस 13 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 03 के दिवस 09 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

### खोया-पाया सूचना

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0576142 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
**बृजेश सिंह पुत्र मुन्नू सिंह निवासी ग्राम तखतपुर हशा कुंदरकी, मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र फरमान व उसकी पत्नी राहेमीन व पुत्र सुलेमान व उसकी पत्नी चांदनी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **मुहम्मद इस्लाम पुत्र हमीदुल्ला निवासी ग्राम मल्हपुरा हरदोडॉडी थाना भगतपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### उत्तर रेलवे

**सूचना**

**अधिसूचना सं. 20/हाल्ट ठेका आवंटन/मुरादाबाद मण्डल/2023.सी** **दिनांक 06.03.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की और से मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित हाल्ट स्टेशन पर टिकिट बुकिंग अभिकर्ता की नियुक्ति किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये जाने है।

| क्रम सं. | हाल्ट का नाम | (Depot) सेवित स्टेशन | किन-किन स्टेशन के बीच |
|---|---|---|---|
| 1. | आध्यामिक नगर हाल्ट | हापुड़ | डासना, महरौली। |
| 2. | बहादुरपुर हाल्ट | शाहजहाँपुर | बन्थरा-तिलहर |
| 3. | चदंसारा हाल्ट | हापुड़ | खरखौंदा, नूरनगर |
| 4. | कस्तकलां कास्माबाद हाल्ट | हापुड़ | हापुड़, पिलखुआ |
| 5. | सिरसी मखदूमपुर हाल्ट | सम्भल हातिमसराय | सम्भल हातिमसराय, हजरत नगर |
| 6. | सुनहेटी खड़खड़ी हाल्ट | बलियाखेड़ी | बलियाखेड़ी-बुड़ियाला |
| 7 | अरसैनी हाल्ट | बालामऊ | गाजू-अटवामुखिया |
| 8 | अटवागुठिया हाल्ट | बैनिगंज | बेनीगंज- बालामऊ |

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दिनांक 01.04.2026 को 10.00 बजे से 14.00 बजे तक सहायक वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कमरे में रखे हुये बॉक्स में डाले जायेगे तथा 14.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा, एवं उसी दिन 15.00 खोले जायेगे।

उसी तिथि में 01.04.2026 बजे आवेदनकर्ता या उनके प्रतिनिधियों के सामने आवेदक खोलें जायेंगे। यदि दिनांक 01.04.2026 को कोई अवकाश होता है। तो आवेदन अगले कार्य दिवस में यथा समय डाले व खोले जायेंगे।

आवेदन पत्र पात्रता, नियम व शर्तों का पूर्ण विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है या मण्डल रेल प्रबंधक वाणिज्य शाखा से जानकारी ली जा सकती है। विलम्ब से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

778/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी**

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 29 एस.एल. आर

गाड़ी सं0 14816 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 14230 (F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14342 (F-I), 14120 (F-I), (14090 (F-I, F-II, R-I), 14318 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I),14311 (F-I),14609 (F-I),19610 (R-I), 12172 (F-I), 12402 (R-I),15120 (F-I), 19272 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 3 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई- नीलामी के तहत दिनांक 23.03.26 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 28 एस.एल. आरः

गाड़ी सं0 14320 (F-I, F-II, R-I), 14236 (F-I), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 (F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 12018 (F-I), 14887(F-I,F-II,R-I), 14304 (F-I,F-II,R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I), (12370-F-I), 14314 (R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 3 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई- नीलामी के तहत दिनांक 24.03.26 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

783/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अगला लक्ष्य ओलंपिक गोल्ड : सूर्या

**● कहा : पिछले महीने का सफर बेहद शानदार रहा हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी चाहते थे**



**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत को उसका तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जिताने के बाद, सूर्यकुमार यादव ने अब 2028 ओलंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य तय किया है। सूर्यकुमार ने अहमदाबाद में रविवार को फाइनल के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जाहिर है कि पिछले एक महीने का सफर बेहद शानदार रहा है। हालांकि इसकी शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी हम चाहते थे, लेकिन यह भी खेल का ही एक हिस्सा है। शुरुआत से लेकर आज तक का यह सत्र बहुत खास रहा है और एक टीम के रूप में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, मुझे लगता है कि वह आपके सामने ही है (ट्रॉफी)। इसलिए, मैं इससे बहुत खुश हूं और अब हमारा अगला लक्ष्य ओलंपिक गोल्ड है, और हमारी टीम इसी के लिए काम करेगी। पेरिस 1900 ओलंपिक के बाद पहली बार इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) द्वारा क्रिकेट को रोस्टर में शामिल किए जाने के बाद, 2028 में 14 से 29 जुलाई के बीच पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह टीमें ओलंपिक मेडल के लिए भिड़ेंगी। मौजूदा आईसीसी टी-20 रैंकिंग के आधार पर, पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में भारत का एशिया से क्वालीफाई करना तय है। सभी मैच लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना शहर में एक अस्थाई और विशेष रूप से बनाए गए वेन्यू, फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय पुरुष टीम फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप खिताब की मौजूदा चैंपियन है। सूर्यकुमार ने रोहित शर्मा की कप्तानी में बारबाडोस में मिली 2024 टी-20 विश्व कप जीत को एक टर्निंग पॉइंट माना। सूर्यकुमार ने कहा कि 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। हमने 2024 में एक अलग तरह का क्रिकेट खेला और वहीं से हम समझ गए कि इस टीम को आगे कैसे काम करना है, कैसे खेलना है।

# गौतम गंभीर, सूर्यकुमार यादव ने जीत का श्रेय निडर क्रिकेट को दिया

**● कीवियों पर 96 रन की शानदार जीत सूर्या, गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी**



**अहमदाबाद, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड पर भारत की 96 रन की शानदार जीत, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर की प्रेरणा देने वाली लीडरशिप में एक ऐतिहासिक जीत थी। इसमें निडर क्रिकेट का ऐसा स्टाइल दिखाया गया जिसने शुरुआती शक को दूर करके इसे दुनिया भर में जबरदस्त दबदबे में बदल दिया। जीत के बाद, टीम ट्रॉफी के साथ अहमदाबाद के हनुमान टेकरी मंदिर गई, जो टीम और फैंस दोनों के लिए जीत के स्पिरिचुअल और इमा. ेशनल महत्व को दिखाता है। भारत टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल को सफलतापूर्वक बचाने, तीसरी चैंपियनशिप जीतने और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घरेलू मैदान पर ऐसा करने वाला पहला देश बन गया, जहां 86,000 से ज्यादा फैंस ने अग्रेसिव क्रिकेट का मास्टरक्लास देखा। कोच गंभीर, जिन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से भारत के बदलाव को लीड किया है, ने टीम की फिलॉसफी को शॉर्ट में बताया कि हाई रिस्क, हाई रिवॉर्ड ही इस टी-20 फॉर्मेट में खेलने का एकमात्र तरीका है। अगर आप क्रिकेट का कोई गेम हारने से डरने लगेंगे, तो आप कभी नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम ने लगातार बड़े टोटल का टारगेट रखा, और कंजर्वेटिव खेलने के बजाय 250-260 का स्कोर बनाना पसंद किया। गंभीर ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम की बहादुरी पर भी जोर दिया कि अगर आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से ज्यादा रन बनाते हैं तो यह दिखाता है कि हमने टूर्नामेंट में किस तरह की क्वालिटी, बहादुरी और हिम्मत दिखाई। उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार की लीडरशिप की तारीफ की और पर्सनल तारीफ को कम करके आंका। सूर्य के साथ मेरी सिंपल फिलॉसफी यह है कि माइलस्टोन मायने नहीं रखते, ट्रॉफी मायने रखती हैं। इंडियन क्रिकेट में हम बहुत लंबे समय से माइलस्टोन के बारे में बात करते आ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं यहां हूं, हम माइलस्टोन के बारे में बात नहीं करेंगे। सूर्यकुमार, जिन्होंने एक एकजुट टीम कल्चर बनाया है, ने खिलाड़ियों का साथ देने और भरोसे पर गंभीर की भावनाओं को दो. हराया कि उनका बस चले, तो वो खुद बैटिंग करने आ जाएं, उन्होंने गंभीर की टीम-फर्स्ट वाली सोच के बारे में कहा, जिससे कोच का मिलकर योगदान देने पर फोकस दिखा। कप्तान ने फाइनल से पहले दबाव में हिम्मत रखने की भी अपील की कि मुश्किल हालात में हिम्मत रखो – टीम के लिए यही आसान मैसेज है, जिससे निडर सोच को और मजबूत किया गया जो भारत के कैंपेन की पहचान बन गई। कई खिलाड़ियों ने मुश्किल समय में लीडरशिप की गाइडेंस का सहारा लिया। युवा ओपनर अभिषेक शर्मा, जिन्होंने फाइनल में 52 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, ने माना कि सूर्यकुमार और गंभीर से मिले हौसले ने उन्हें मैच पर असर डालने वाले परफॉर्मेंस के रास्ते में खुद पर शक दूर करने में मदद की। स्टार परफॉर्मर संजू सैमसन, जिन्हें उनकी जबरदस्त पारियों के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, ने अपने पर्सनल सफर के बारे में बताया कि भगवान ने मेरे लिए कुछ अलग प्लान किया था, उन्होंने अपनी वापसी और भारत के रिकॉर्ड टोटल में उनके योगदान को माना, जो टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। फाइनल में भारत का पूरा दबदबा दिखा, जिसमें जबरदस्त बैटिंग और जबरदस्त बॉलिंग के दम पर 255-5 का टोटल बनाया गया, जसप्रीत बुमराह के 4-15 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड 159 पर रुक गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेशनल हस्तियों ने

## संक्षिप्त खेल समाचार

### इंडियन प्रीमियर लीग 28 मार्च से शुरु

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का सत्र अब दो दिन देरी 28 मार्च से शुरू कर 31 मई तक चलेगा। दिसम्बर 2025 में आईपीएल की ओर से सभी फेंच. इजी को बताया था कि 2026 एडिशन 26 मार्च से शुरू होगा। हालांकि, अब शुरू होने की तारीख बदलकर 28 मार्च कर दी गई है और ग्रैंड फिनाले 31 मई को होगा। आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल अगले हफ्ते 2026 सीजन के पूरे कार्यक्रम को अंतिम रुप देने के लिए बैठक कर सकती है। खबर है कि यह देरी असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से जुड़ी है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के होम ग्राउंड कोलकाता और चेन्नई पर असर पड़ेगा।

### नीता अंबानी ने टीम इंडिया को बधाई दी

**अहमदाबाद, वार्ता।** नीता अंबानी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और इस जीत को पूरे देश के लिए बहुत गर्व का पल बताया। उन्होंने एक बयान में कहा कि आज रात, एक अरब से ज्यादा दिल गर्व और खुशी से धड़क रहे थे। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने और इतिहास में तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने पर हमारे मैन इन ब्लू को दिल से बधाई। अपने घरेलू मैदान पर, अपने जोशीले फैंस के सामने यह हासिल करना, इस जीत को और भी खास बनाता है। अंबा. नी ने आगे कहा कि निडर जोश, जबरदस्त हिम्मत और पक्के विश्वास के साथ, हमारे खिलाड़ियों ने दुनिया को दिखाया कि भारत की नीली जर्सी पहनने का असली मतलब क्या है। यह जीत हर उस भारतीय की है जिसने स्टैंड से, अपने घरों से और दुनिया के हर कोने से तालियां बजाईं। आज रात, तिरंगा और ऊंचा और चमकेगा, और पूरा देश इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएं।

# गंभीर, द्रविड़ व लक्ष्मण को समर्पित ये जीत

**● इस जीत पर जय शाह , मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को भी धन्यवाद कहा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 2026 टी-20 विश्व कप की जीत को उनसे पहले कोच रहे राहुल द्रविड़ और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को समर्पित किया है। इसके अलावा उन्होंने मुख्य चनयकर्ता अजीत अगरकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह को भी धन्यवाद कहा है।

अहमदाबाद में रविवार को न्यूजीलैंड को हराते हुए खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे पहले मुझे ए ट्रॉफी राहुल भाई को समर्पित करनी चाहिए, और फिर वीवीएस लक्ष्मण भाई को भी, क्योंकि राहुल भाई ने अपने कार्यकाल में भारतीय टीम को इस परिस्थिति में रहने लायक बनाया और इसके लिए मुझे उन्हें धन्यवाद कहना चाहिए। लक्ष्मण बंद दरवाजे के पीछे निस्वार्थ भाव से भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ कर रहे हैं क्योंकि सीओई भारतीय क्रिकेट की पाइपलाइन है। अजीत को भी धन्यवाद कहना चाहिए क्योंकि उनकी काफी आलोचना होती है, लेकिन वह अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। अंत में मैं जय (शाह) भाई को भी धन्यवाद कहूंगा क्योंकि जब मैं अपने कार्यकाल के सबसे बुरे दौर में था तो बहुत सारे लोगों को फोन मेरे पास नहीं आया था, चाहे वह न्यूजीलैंड सीरीज के बाद हो या फिर दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद जिस एक व्यक्ति का मुझे फोन आया वह जय भाई ही थे। इस काम के लिए मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं उन्हें धन्यवाद कहूंगा क्योंकि मुझे अच्छे से याद है कि जब मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी तब मेरे पास किसी फ्रेंचाइजी के साथ भी मुख्य कोच का अनुभव नहीं था। लेकिन फिर भी मेरे ऊपर भरोसा जताने पर मैं इन लोगों को धन्यवाद कहना चाहूंगा। मेरा मानना है कि जब तक वे लोग हैं भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। भले ही गंभीर को एक विज. ेता टीम मिली थी, लेकिन उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर इसे एक निडर टीम में तब्दील कर दिया।

गंभीर का कहना है कि यदि बड़े ईनाम हासिल करने हैं तो टीम को निडरता के साथ क्रिकेट खेलनी होगी। पहली बात तो ये है कि खिलाड़ियों ने मुझे जिताया है। मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि आप उतने ही अच्छे कोच होते हैं जितने अच्छे आपके खिलाड़ी होते हैं। सारा क्रेडिट खिलाड़ियों को मिलना चाहिए, जिस पेशेवर तरीके से और खास तौर से साहस के साथ उन्होंने ए टूर्नामेंट खेला। जैसा कि कप्तान कहते हैं कि हम द्विपक्षीय सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट्स दोनों में अलग-अलग तरह से खेलते थे। इस एक चीज को हम बदलना चाहते थे और मुझे भरोसा है कि सभी ने यह देखा। यदि आप सेमीफाइनल और फाइनल में 250 से अधिक रन बना देते हैं तो ए आपकी क्वालिटी के साथ ही साहस को भी दिखाता है जिससे आपने टूर्नामेंट खेला है। टी-20 फॉर्मेट में सबसे अहम बात ए है कि हम हारने से डरते नहीं हैं।

क्योंकि जब आप हारने से डरते हैं तो कभी जीत नहीं पाते। मेरा हमेशा मानना रहा है कि इस फॉर्मेट में 'हाई रिस्क हाई रिवार्ड' सबसे अहम चीज है। यदि हम 110-120 पर आउट हो जाते तो भी मैं खुश रहता। लेकिन हमारा लक्ष्य हमेशा 250 रन बनाने का है। हम 160-170 वाली क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। मेरे हिंसाब से हम लंबे समय तक वैसा खेल चुके हैं। हम साउथ अफ्रीका से 100 (76) रनों से हारे थे। लेकिन हमारी सोच कभी नहीं बदली। हमारा माइंडसेट वैसा ही रहा।

# विश्वकप में मेरा बेस्ट निकल कर आया : संजू



**● कहा : न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मुझे लगा था कि मेरे सपने टूट गए**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने अहमदाबाद में फाइनल में इतिहास रच दिया, वह अपने घर में टी-20 वर्ल्ड कप का टाइटल जीतने वाली पहली टीम बन गई और कुल मिलाकर तीसरी बार ट्रॉफी उठाई। जियो हॉटस्टार के 'हायर मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, ईशान किशन, वरुण चक्रवर्ती और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने अपनी वापसी और भारत के शानदार टाइटल जीतने के बाद की भावनाओं पर बात की।

संजू सैमसन ने अपने इमोशंस के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने कहा कि यह मेरे दिमाग में था, लेकिन जब हम डेढ़ साल पहले वेस्ट इंडीज में वर्ल्ड कप खेल रहे थे, तो मैं ऐसा कुछ करने के बारे में सोच रहा था, सोच रहा था और प्रैक्टिस कर रहा था। लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज के बाद, मुझे लगा कि मेरे सपने टूट गए। मुझे लगता है कि भगवान के अपने प्लान थे और मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद मैं टूट गया था और मैंने खुद को ऐसा महसूस होने दिया कि मैं टूट गया हूं। मैं चार-पांच दिनों तक अपने बिस्तर से बिल्कुल नहीं उठा। मैं बैटिंग नहीं कर सका। मैं पूरी तरह से सिस्टम से बाहर हो गया था। मैं खुश नहीं था और मैंने ऐसा बिहेव किया जैसे मैं खुश नहीं हूं। मैंने खुद को इमोशंस महसूस करने दिए। इसलिए, मैंने इस बात को मान लिया कि मुझे जो मौके मिले, मैंने उनका इस्तेमाल नहीं किया। मैं खुद के साथ रियलिस्टिक था। मैंने उन इमोशंस से लड़ाई नहीं की और मैंने कॉन्फिडेंट होने का दिखावा नहीं किया। एक बार जब मैंने सच मान लिया, तो मैं थोड़ा जल्दी ठीक हो गया। टूर्नामेंट के बीच में वापसी ने उन्हें कैसे आजाद किया, इस पर सैमसन ने कहा कि मैं जिम्बाब्वे गेम से पहले जिम में गौती भाई से मिला था, और वहीं उन्होंने मुझसे कहा, 'संजू, तैयार रहो, तुम अगला गेम खेलने वाले हो।' मैं 100 परसेंट तैयार था। मन ही मन मैंने कहा, 'हां, अब बात करते हैं, मैं इसी का इंतजार कर रहा था।' लेकिन मैं एक बहुत सच्ची बात शेयर करना चाहता हूं, मुझे स्क्वॉड में अपने टीममेट्स के साथ मुकाबला करना पसंद नहीं है। एक बार जब हम किसी मकसद के लिए साथ मिलकर लड़ते हैं, तो मैं अपना बेस्ट देता हूं। न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान, हमेशा यही होता था, 'क्या मैं टीम का हिस्सा बनूंगा या नहीं?' जब मैं जगह के लिए लड़ रहा होता हूं तो मैं कभी अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाता। लेकिन जब मौका आया, तो हम एक साथ एक गोल, वर्ल्ड कप के लिए लड़ रहे थे, इसलिए मुझे खुशी है कि आखिर में सब ठीक हो गया। ईशान किशन ने इंडियन टीम में वापसी के अपने सफर के बारे में बताया कि सच कहूं तो, जिस पल मैं टीम से बाहर हुआ, वह मेरे लिए एक लंबा सफर था।

# पिछले कुछ महीनों से, मैं सचिन सर के लगातार संपर्क में हूं : सैमसन

**● संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मो की तरह रही**

**अहमदाबाद, वार्ता।** संजू सैमसन का 2026 एक ऐसी स्क्रिप्ट की तरह रहा है जो आमतौर पर ड्रामाटिक, फॉर्मूला वाली फिल्मों के लिए होती है, जिसमें इतने उतार-चढ़ाव होते हैं कि आप पूरे समय इमोशनली जुड़े रहते हैं।

हाल ही में 31 जनवरी को, वह तिरुवनंतपुरम में अपने घरेलू दर्शकों के सामने एक उदास इंसान की तरह दिखे, जब ईशान किशन ने ओपनर-कीपर के तौर पर उनकी वर्ल्ड कप की जगह छीन ली। सैमसन 2025 की शुरुआत से ही बैटिंग में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, और शुभमन गिल को कुछ समय के लिए जगह देने के लिए उन्हें मिडिल-ऑर्डर में भेजा गया था। सिलेक्टर्स ने उस फैसले को पलट दिया और उन्हें फिर से टॉप पर रख लिया, लेकिन रन अभी भी उनके हाथ से निकल रहे थे और किशन ने उन्हें बाहर कर दिया, जिस तरह की बैटिंग इस टीम ने इस वर्ल्ड कप साइकिल में की है। तो वहीं, अपने घरेलू मैदान पर एक डरावनी रात में, उन्होंने टूर्नामेंट से ठीक पहले टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने का अपना सपना अपनी उंगलियों के बीच से फिसलते देखा। सैमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड सीरीज के ठीक बाद, मैं टूट गया था। मैं पूरी तरह से पागल हो गया था। मैं ऐसा था 'ठीक है, मेरे सपने टूट गए हैं। मैं और क्या कर सकता हूं? लेकिन ए शब्द रविवार की एक बहुत खुशी भरी रात को आए, जहां उन्होंने निराशा से खुशी का पूरा चक्कर पूरा किया, उनके सपनों की वर्ल्ड कप रातों में से तीसरी रात भारत की जीत के साथ खत्म हुई। सैमसन ने उम्मीद के मुताबिक वर्ल्ड कप की शुरुआत बेंच पर की और तभी आए जब उन्हें एक ग्रुप गेम में बीमार अभिषेक शर्मा की जगह लेनी पड़ी। अभिषेक के ठीक होने के बाद बिब वापस पहन लिया गया। लेकिन इंडिया के टॉप-थ्री बल्लेबाज ऑफ-स्पिन के खिलाफ स्ट्रगल कर रहे थे, जिससे उन्हें सैमसन को वापस लाकर इसे तोड़ना पड़ा। इस बार ज्यादा कॉन्फिडेंट सैमसन के मौके का फायदा उठाने के संकेत मिले, जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों पर तेजी से 24 रन बनाए। उनकी बैटिंग पावर का असली रिस्टोरेशन कोलकाता के ईडन गार्डन्स में हुआ, जहां उन्होंने वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगभग नॉकआउट गेम में 50 गेंदों में 97 रन बनाए।

# सात्विक-चिराग पेश करेंगे भारतीय चुनौती




**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पुरुषों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे नंबर पर रहने वाले सात्विक-चिराग को बर्मिंघम में पहले राउंड में मलेशिया के कांग खाई जिग और एरॉन ताई की दुनिया की 33वें नंबर की टीम ने चौंका दिया। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन स्विस ओपन में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। उन्होंने यह टूर्नामेंट 2023 में जीता था। पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु, सुपर 300 मीट में नहीं खेलेंगी। सिंधु की गैरमौजूदगी में, महिला एकल में भारतीय टीम को अगुवाई करने की जिम्मेदारी मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा पर होगी। तन्वी शर्मा और अनमोल खरब भी क्वालिफायर से शुरुआत करने के बाद प्रभावित करना चाहेंगी। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन भी ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल तक की मुश्किल दौड़ के बाद स्विस ओपन में नहीं खेलेंगे।

# क्रिकेट जगत ने भारत को सराहा

**● धोनी ने लिखा : अहमदाबाद में इतिहास रचा गया, टीम , सपोर्ट स्टाफ और फैंस को बहुत-बहुत बधाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट जगत के कई जाने-माने लोगों ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में ऐतिहासिक जीत के बाद भारत को बधाई दी।

भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में टीम की कोशिश और हेड कोच गौतम गंभीर की लीडरशिप की तारीफ की। धोनी ने लिखा कि अहमदाबाद में इतिहास रचा गया, टीम और सपोर्ट स्टाफ को, और दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी फैन्स को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई। कोच साहब, आप पर मुस्कान बहुत अच्छी लग रही है। मुस्कान के साथ इंटेंसिटी एक जबरदस्त कॉम्बो है। बहुत बढ़िया। मजे करो, दोस्तों। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन जय शाह ने एक्स पर टूर्नामेंट और भारत की कामयाबी की तारीफ की। अब तक के सबसे ग्लोबल और आसान आईसीसी इवेंट का क्या जबरदस्त फिनाले था! भारत को बधाई, जो लगातार दो ञ्20 वर्ल्ड कप टाइटल जीतने वाली पहली टीम बनी। सूर्यकुमार यादव और पूरी टीम और स्टाफ को शाबाशी। न्यूजीलैंड की पुरुष नेशनल क्रिकेट टीम को भी उनके शानदार कैंपेन के लिए बधाई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने कहा कि यह जीत वर्ल्ड क्रिकेट में भारत के दबदबे को दिखाती है।उन्होंने लिखा कि इतिहास रचा गया, इतिहास फिर से लिखा गया। देश टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहा है जिसने हमारे टी-20 वर्ल्ड कप को कामयाबी से बचाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव, हेड कोच गौतम गंभीर और टीम इंडिया के हर सदस्य को उनके निडर क्रिकेट और कभी हार न मानने वाले रवैए के लिए दिल से बधाई और सलाम। हेड कोच गंभीर ने भी जीत का जश्न मनाने के लिए एक्स का सहारा लिया।

उन्होंने लिखा कि यह सिर्फ भगवान का प्लान नहीं था, यह 1-4 अरब भारतीयों का प्लान था! हर खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन है। भारत के पूर्व कप्तान विराट को. हली ने टीम के कैरेक्टर और अग्रे. सिव अप्रोच की तारीफ की। को. हली ने पोस्ट किया कि चैंपियंस। अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमने जो जबरदस्त क्रिकेट खेला, उसका कोई मुकाबला नहीं। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार कैरेक्टर दिखाया। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने लगातार दो जीत को एक ऐतिहा. सिक कामयाबी बताया। तेंदुलकर ने लिखा कि लगातार दो बार वर्ल्ड कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी-20 फॉर्मेट में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हक़दार और सही विजेता। हमारी टीम का क्या शानदार परफॉर्मेंस रहा और क्रिकेट का एक खास अंदाज दिखा। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी टीम को बधाई दी, फाइनल और पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई खिलाड़ियों के परफॉर्मेंस की तारीफ की। युवराज ने पोस्ट किया कि लगातार दो वर्ल्ड चैंपियन! वर्ल्ड कप बचाने के लिए हिम्मत चाहिए और सूर्यकुमार यादव की लीडरशिप वाली इस टीम ने सबसे बड़े स्टेज पर असली इरादे से खेला। कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ को भी बधाई।

# क्रिकेट में डीआरएस का नया नाम धोनी रोहित और सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट में डीआरएस को डिसीजन रिव्यू सिस्टम के नाम से जाना जाता है लेकिन भारत की अहमदाबाद में टी-20 विश्वकप जीत के बाद इसे अब नया नाम मिल गया है। डीआरएस को अब धोनी, रोहित और सूर्यकुमार के नाम से जाना जाएगा। एम एस धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्वकप जीता था जबकि रोहित शर्मा ने 2024 में 17 साल बाद भारत को टी-20 विश्वकप चैंपियन बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 2026 में टी-20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर भारत को तीसरी ऐतिहासिक सफलता दिलाई। इस तरह डी फॉर धोनी, आर फॉर रोहित और एस फॉर सूर्यकुमार कुल मिलाकर डीआरएस बनता है। सांख्यिकीविद श्रीकांत पोद्दार ने बेंगलुरु से यूनीवार्ता को यह दिलचस्प जानकारी देते हुए बताया भारत की जीत ने डीआरएस का नाम ही बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत ने आठ मार्च को यह खिताब जीता है। मार्च साल का तीसरा महीना है भारत ने अपना पहला विश्वकप 1983 में जीता था। भारत की मौजूदा जीत में भी 83 का अंक आता है। क्रिकेट में डीआरएस का कोई आधिकारिक बदला हुआ नाम नहीं है, लेकिन प्रशंसकों और दिग्गजों द्वारा इसे अक्सर मजाकिया या व्यंग्यात्मक रूप से नए नाम दिए जाते हैं।

# बाइक चोरी करने के आरोपी को गलशहीद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** गलशहीद थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।पुलिस के अनुसार, 8 मार्च को गलशहीद थाना क्षेत्र के एक निवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मोटरसाइकिल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के इलाकों में छानबीन की और संदिग्धों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में सोमवार को गलशहीद थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान सनी कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी भूड़े का चौराहा, असालतपुरा, थाना गलशहीद के रूप में हुई।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने पहले भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है या नहीं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में कोई और व्यक्ति शामिल तो नहीं है।फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# सरकारी जमीन पर लगी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा प्रशासन ने हटवाई



**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेरीखेड़ा में चार दिन पूर्व एससी समाज के कुछ लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी, जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने प्रशासन को दी। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिमा बिना किसी प्रशास. निक अनुमति के लगाई गई थी। सूचना मिलने पर एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीओ दीपक तिवारी व थाना बनियाठेर एसओ मनोज वर्मा मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

उपजिलाधिकारी ने बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने का कारण पूछा और इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए प्रतिमा हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने प्रतिमा को हटवाकर मौके पर लाए गए वाहन में रखकर थाना बनियाठेर पहुंचा दिया। प्रतिमा हटाने के दौरान काफी संख्या में महिलाएं भी मौके पर एकत्र हो गईं। महिलाओं का कहना था कि उसी स्थान के एक कोने में मंदिर बना हुआ है, जो बच्चों के खेलने की जगह है और उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मंदिर बनाने के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी।

इस पर एसडीएम आशुतोष तिवारी ने स्पष्ट कहा कि बिना प्रशासन की अनुमति के किसी भी प्रकार की नई परंपरा को शुरू नहीं होने दिया जाएगा और सरकारी खाद के गड्ढे की जमीन पर प्रतिमा लगाना नियमसम्मत नहीं है। फिलहाल तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए मामले को शांत कराया। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर, हल्का लेखपाल संजीव कुमार सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# एनकेबीएमजी कॉलेज के एनएसएस शिविर में साइबर सुरक्षा व डिजिटल साक्षरता पर दी जानकारी

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज चन्दौसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शि. विर के तीसरे दिन 'साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय पत्रौआ में किया गया। शिविर का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल (प्रथम इकाई) एवं डॉ. प्रियंका (द्वितीय इकाई) के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिदिन की गतिविधियों के अंतर्गत सरस्वती वंदना, लक्ष्य गीत, संकल्प गीत एवं राष्ट्रीय एकता गीत के साथ हुआ, जिसके बाद छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। प्रथम तकनीकी सत्र में एसपीईएल कोऑर्डिनेटर महिला उ0नि0 पूजा नागर ने छात्राओं को साइबर अपराध क्या है और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर, इंटरनेट या मोबाइल तकनीक के माध्यम से किए जाने वाले अपराध को साइबर अपराध कहा जाता है, जो व्यक्तियों, कंपनियों और संस्थानों के खिलाफ किए जाते हैं। उन्होंने हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, मालवेयर हमले, स्पैम ईमेल, वायरस फैलाना और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों के उदाहरण भी बताए तथा कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए संदिग्ध ईमेल, वेबसाइट और ऐप से सावधान रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर की जा सकती है और यदि किसी के साथ धोखाधड़ी होती है तो 24 घंटे के भीतर साइबर पुलिस को सूचना देना आवश्यक है। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने आसपास की मलिन बस्तियों में जाकर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अंत में स्वयंसे. विकाओं को सांस्कृतिक गति. विधियों का अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान शिविर में कर्मचारी श्रीमती सीता एवं श्री मुकेश का विशेष सहयोग रहा।



# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया आत्मरक्षा व योग प्रशिक्षण


**चन्दौसी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सम्भल, कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय गुन्नौर, पूर्व प्राथमिक विद्यालय पतरौआ व उच्च प्राथमिक विद्यालय पथरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला भी कर सकें। ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी ब्लैक बैल्ट होल्डर रेखा व पूर्वी ने सभी बालिकाओं को फ्रंट किक, फ्रें जंप किक, बैक किक एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। ग्रामीण अंचल की बालिकाएं पूरी लगन से मार्शल आर्ट सीख रही हैं। साथ ही विद्यालय के पीटीआई शिक्षकों को भी अभ्यास कराया जा रहा है ताकि कैंप के बाद भी बालिकाओं को निरंतर अभ्यास कराया जा सके। ताइक्वांडो कोच ब्लैक बैल्ट धारक रेखा ने बताया कि हर बालिका को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेनी चाहिए। जिससे आत्मरक्षा के गुर के साथ साथ बालिकाएं मानसिक रूप से भी मजबूत होती हैं। ग्रामवा. सियों ने भी सरकार की इस योजना की तारीफ की। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजना यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, गुड टच एवं बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बसल श्रम के दुष्प्रभावों आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# टिमिट में 'जॉब इंटरव्यू में सफलता' विषय पर वर्चुअल गेस्ट लेक्चर आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बीबीए छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक वर्चुअल गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था मास्टरिंग जॉब इंटरव्यूज: द पावर ऑफ बॉडी लैंग्वेज एंड टाइम मैनेजमेंट''। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता नेहा तोमर, सहायक प्राध्यापक, आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को जॉब इंटरव्यू में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. नेहा तोमर ने अपने संबोधन में बताया कि किसी भी इंटरव्यू में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि बॉडी लैंग्वेज, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और सकारात्मक संचार कौशल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरव्यू के दौरान सही तरीके से बैठने, आंखों के संपर्क, मुस्कान और आत्मविश्वास के साथ उत्तर देने के महत्व को समझाया। इसके साथ ही उन्होंने समय प्रबंधन की उपयोगिता बताते हुए कहा कि सही समय पर सही निर्णय और तैयारी से ही करियर में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और इंटरव्यू से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस सत्र से छात्रों को अपने भविष्य के करियर और प्लेसमेंट इंटरव्यू की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के डीन विपिन जैन ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और व्यावसायिक कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि टिमिट हमेशा विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।




# खनन के ओवरलोड ट्रेक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को कुचला, इलाज के दौरान मौत

**मूंढापाण्डे।** क्षेत्र के गांव होल. पुर मदनापुर में दिन और रात चल रहा है अवैध खनन, खनन कर रहे ओवरलोड तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवक को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया , फुरकान 28 पुत्र शाहिद मदनापुर चौराहे गोविंदपुर खुर्द से घर का सामान लेकर घर आ रहा था,मृतक के पिता का कहना है कि रात और दिन दबंगई दिखाते हुए रात के समय में ट्रैक्टर ट्राली डंपर से अवैध रुप से खनन करते हैं, मना करने पर खनन माफिया दबंगई दिखाते हैं कई बार हम लोगों ने खनन के मामले को लेकर अधिकारियों से भी शिकायत की है लेकिन रात के समय में खनन माफिया खनन करते हैं, ऐसे ही एक मामला मदनपुर का सामने आया है तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने बाइक सवार युवक के ऊपर मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को चढ़ा दिया जिसकी वजह से फुरकान पुत्र शाहिद बुरी तरह से घायल हो गया घायल फुरकान का उपचार चल रहा था, उपचार के दौरान दिल्ली के निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान फुरकान की मौत हो गई मौत की खबर सुनते परिवार वालों में कोहराम मच गया है ,





# कार और बाइक की भिड़ंत में महिला गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र में स्योंडारा गांव के पास मोड़ पर बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दंपति घायल हो गए। हादसे में महिला को गंभीर चोटें लगी हैं। मिली जानकारी के अनुसार कुंद. रकी थाना क्षेत्र के तख्तपुर निवासी मोहन अपनी पत्नी संतोष के साथ बाइक से बेरनी शिव मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे। जब वे स्योंडारे गांव के मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक कार से उनकी बाइक को टक्कर मार दी इसमें दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए, जिसमें संतोष पत्नी सुरजीत को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची। ईएमटी दिपांशु और पायलट हरिओम ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को ईआरसीपी की सहायता से प्राथमिक उपचार दिया और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पहुंचाकर भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा- फरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने भी घायलों की मदद कर उन्हें एंबुलेंस तक पहुंचाने में सहयोग किया।



## एक नजर

### किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी की बैठक में महिला दिवस व होली महोत्सव मनाया



**चन्दौसी।** किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली महोत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष डॉ. नीलम वार्ष्णेय ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और समाज में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिश्रम और लगन के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभा अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, रूबी वार्ष्णेय, सीमा अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, अंजू गुप्ता, अंजू अग्रवाल, आशा गोस्वामी, निधि अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### जायंट्स ग्रुप चन्दौसी वेस्ट ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप चन्दौसी वेस्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल डॉ. अंजू सिंह, डॉ. प्रेम कांता, एडवोकेट रंजना शर्मा एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष संगीता भार्गव ने सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और कहा कि जब नारी सशक्त होगी तभी समाज सशक्त बनेगा। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। डॉ. वंदना सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें समान अवसर प्रदान करना तथा समाज में उनके सम्मान और गरिमा को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि रेनू सिंह ने महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार, आत्मनिर्भरता और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सम्मान के महत्व को रेखांकित किया। एडवोकेट रंजना शर्मा ने कहा कि आधुनिक दौर में महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश की सीमा सुरक्षा से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्याम गोआनी और डॉ. मोनिका ने संयुक्त रूप से किया। अंत में प्रशासनिक निदेशिका नीरा एरन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रितु गोयल, डॉ. मोनिका बहल, सरिता अग्रवाल, नीरू वार्ष्णेय, प्रतिभा जिंदल, अनुभा वार्ष्णेय, अंशु नागर, योजना गुप्ता, पदमा भार्गव, डॉ. तनवी अग्रवाल, जया दीक्षित, नीलम राय, नेहा बंसल, मनीषा गुप्ता, संगीता गुप्ता, कविता बच्चन, डॉ. विदुषी, कमलेश अग्रवाल व विनीता गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

### खूंखार कुत्तों का बढ़ा आतंक, 14 लोग पहुंचे अस्पताल



**चन्दौसी।** शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खूंखार कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि संयुक्त चिकित्सालय के रेबीज विभाग में प्रतिदिन सैकड़ों लोग कुत्ते के काटने की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी संभल से भी शिकायत की गई थी, जिस पर उन्होंने कुत्तों की गणना कर उन्हें शेल्टर हाउस भेजने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके सोमवार को शहर में कुत्तों ने जमकर उत्पात मचाया। सबसे पहले बिसौली गेट क्षेत्र में कुत्तों के झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया, वहीं संभल गेट पर सुबह के समय कुत्तों ने राहगीरों पर आक्रमण कर दिया। अलग-अलग स्थानों पर हुए हमलों में करीब 14 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां सभी को रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए। पीडिघ्तों का कहना है कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा व खूंखार कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। फिलहाल कुत्तों के हमलों से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और लोग प्रशासन से इस समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'कौशल विकास हेतु युवा' शीर्षक के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आयोजन ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के संयोजन में किया गया। शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर की गई, जिसके बाद गांव में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

रैली के उपरांत आयोजित विचार गोष्ठी में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के महत्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान, चन्दौसी का शैक्षिक भ्रमण किया, जहां छात्रावास निरीक्षक श्री आशुतोष कुमार ने रेलवे द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्टेशन मास्टर, टिकट निरीक्षक सहित ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न परीक्षाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि चन्दौसी का रेलवे प्रशिक्षण संस्थान भारत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा प्रशिक्षण केंद्र है। भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों ने रेल संग्रहालय का भी अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित ऐतिहासिक वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

**मंगलवार, 10 मार्च 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# संघर्ष के परिणाम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने पूरे क्षेत्र की स्थिति को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल सुरक्षा और कूटनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति प्रणालियों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो अनेक देशों को महंगाई और खाद्य असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ इसी तरह की परिस्थितियां पहले रूस और यूक्रेन के युद्ध के दौरान भी देखने को मिली थीं, जब वैश्विक बाजार में खाद्यान्न और उर्वरकों की आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा था। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष ने पश्चिम एशिया की स्थिरता को प्रभावित किया है, जिसके कारण तेल और गैस की आपूर्ति में व्यवधान पैदा हो रहा है। इसका असर अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी दिखाई देने लगा है। हालांकि ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चर्चा अधिक हो रही है, लेकिन इसके साथ एक और गंभीर संकट उभरता दिखाई दे रहा है, जो उर्वरकों की आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। यदि उर्वरकों की सप्लाई लंबे समय तक बाधित रहती है तो इसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ेगा और दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य संकट और महंगाई की स्थिति पैदा हो सकती है। पश्चिम एशिया को वैश्विक स्तर पर उर्वरक उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। दुनिया में निर्यात होने वाले यूरिया का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से होकर गुजरता है। इसके अलावा दुनिया में इस्तेमाल होने वाले सल्फर का करीब 45 प्रतिशत भी इसी मार्ग से परिवहन किया जाता है। यूरिया कृषि के लिए सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाला उर्वरक है और अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर पैदा होने वाले लगभग आधे अनाज के उत्पादन में इसकी अहम भूमिका होती है, लेकिन वर्तमान हालात में होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की सख्त निगरानी और बढ़ते सैन्य तनाव के कारण जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इससे उर्वरकों की आपूर्ति श्रंखला धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है और हर गुजरते दिन के साथ स्थिति और अधिक चिंताजनक बनती जा रही है। करीब चार वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ था, तब भी वैश्विक बाजार में इसी तरह की स्थिति पैदा हो गई थी। उस समय दो बड़े झटके देखने को मिले थे पहला गेहूं की आपूर्ति में अचानक कमी और दूसरा उर्वरकों की कीमतों में तेज वृद्धि। रूस और यूक्रेन मिलकर दुनिया के कुल गेहूं निर्यात का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करते हैं। युद्ध के शुरुआती दौर में जब इन दोनों देशों से निर्यात रुक गया था, तब वैश्विक बाजार में गेहूं की भारी कमी महसूस की गई थी। हालांकि कुछ समय बाद रूस से गेहूं और उर्वरकों का निर्यात फिर से शुरू हो गया था। इसके साथ ही भारत जैसे देशों ने भी गेहूं के निर्यात में बढ़ोतरी करके वैश्विक आपूर्ति को संतुलित करने की कोशिश की थी। लेकिन वर्तमान संकट की प्रकृति कुछ अलग है, क्योंकि इस बार समुद्री मार्ग ही बाधित हो रहे हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर अधिक गहरा असर पड़ने की आशंका है। इस संघर्ष का एक और गंभीर पहलू यह है कि ईरान ने क्षेत्र के कुछ अन्य देशों में स्थित ऊर्जा और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया है, जिससे उत्पादन गतिविधियों पर असर पड़ा है। समुद्री मार्ग से होने वाले यूरिया व्यापार में कतर की ऊर्जा कंपनी फंजंतम्दमतहल की लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मानी जाती है।

## आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए



जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएं भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए, इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है, इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है, भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है, तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए, यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# टी-20 क्रिकेट : टीम इंडिया का वर्चस्व

## सोने सा सैमसन और जस्सी जैसा कोई नहीं




भारतीय टीम ने टी-20 क्रिकेट में अद्भुत खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड जैसी सशक्त टीम को एक तरफा मात देकर लगातार दूसरी बार T-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीती जो अपने आप में अभी तक एक विश्व कीर्तिमान भी है क्योंकि अभी तक कोई भी टीम लगातार दो बार T-20 में विश्व चैंपियन नहीं बन सकी है हालांकि टीम इंडिया ने इस फॉर्मेट में तीसरी बार वर्ल्ड कप जीता है सबसे पहले महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007, 2024 में रोहित शर्मा की कैप्टनशिप में और अब 2026 में सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में एक नया सूर्योदय हुआ है। यूं तो हम पहले भी कई बार चैंपियन बन चुके हैं मगर इस बार की जीत के मायने बिल्कुल अलग है। नॉक आउट मैचों में टीम इंडिया ने जो बेमिसाल प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को इतना रन टारगेट दिया कि अपनी बारी आने से पहले ही सेमीफइनल में इंग्लैंड और फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पूरी तरह हार मान बैठी थी। सेमीफाइनल में इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के सामने 254 रनों का टारगेट और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 256 रनों का लक्ष्य भारतीय टीम ने दिया था। यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा T-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम , 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।

टीम इंडिया की मौजूदा खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस बल्लेबाजी, क्षेत्ररक्षण या गेंदबाजी के क्षेत्र में दुनिया की तमाम टीमों को बौना साबित करती है बल्लेबाजी में जहां सलामी जोड़ी के रूप में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन तीसरे स्थान पर ईशान किशन ने अपनी उपस्थित इंटरनेशनल मंच पर दिखाकर सबको हैरान कर दिया है क्योंकि क्योंकि तीनों की बैटिंग स्टाइल पावर प्ले खत्म होने के बाद भी 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा रहती है जिससे विपक्षी टीम में लगातार दबाव में बिखरती जाती है और टीम इंडिया निखरती जाती है इनके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, शिवम दुबे व हार्दिक पांडडा जैसे हार्ड हीटर टीम में मौजूद है जो किसी भी लक्ष्य को भेद सकते हैं वहीं दूसरी और गेंदबाजी की बात अगर की जाए तो दुनिया का नंबर एक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती स्पिन गेंदबाजी की अगवाई करते हैं तो वही दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी की कमान अपने हाथों में खुद लेकर टीम के लिए संकटमोचक साबित होते हैं सेमीफाइनल में और फाइनल में मिली जीत का आधार भी जसप्रीत बुमराह ही रहे हैं। दुनिया की तमाम क्रिकेट एक्सपर्ट भी मानते हैं कि पिच सपाट हो या उछाल भरा हो जसप्रीत बुमराह दुनिया के किसी भी विकेट पर विपक्षी बल्लेबाजों को धराशाई कर देते हैं।

**यह टीम इंडिया की प्रतिबद्धता कड़ी मेहनत और कुशलता का प्रमाण है कि लगातार दो बार 120 गेंदों में 250 प्लस का स्कोर बनाना हर किसी टीम के बूते की बात नहीं है। इसके अलावा सुपर 8 का वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मैच में टीम इंडिया का 195 रनों का चेस भी अपने आप में टीम इंडिया की उपलब्धि बयान करता है। भारत की मौजूदा टी-20 क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक स्टार खिलाड़ी है इस टीम को देखकर 1980 के दशक की वेस्टइंडीज टीम , 2000 के बाद की रिकी पोंटिंग के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है।**

संजू सैमसंग की वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 की नाबाद पारी सेमी फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 89 और फाइनल में भी न्यूजीलैंड के खिलाफ तेज तर्रार 89 रनों की पारी हमेशा क्रिकेट इतिहास में याद रखी जाएगी। सूर्य कुमार यादव की यह टीम क्रिकेट की दुनिया में कई दशक तक याद रखी जाएगी। याद रखे जाने के कई महत्वपूर्ण कारण ये हैं कि जो भारतीय खिलाड़ी बल्लेबाजी



**नासिर राना**

कर रहे हैं वो नेक्स्ट लेवल बेटिंग कही जा सकती है। अब से 20 वर्ष पूर्व 2005 में जब टी-20 क्रिकेट की शुरुआत हुई, तब 150 रनों का लक्ष्य बहुत बड़ा माना जाता था। जैसे-जैसे फटाफट क्रिकेट का दौर बढ़ता गया, वैसे-वैसे ही इस फॉर्मेट में रन टारगेट भी बढ़ता चला गया। मौजूदा दौर में यदि कोई टीम अभी भी 200 रन बना लेती है, तो सामने वाली टीम को मैच जीतने में पसीने छूट जाते हैं, जबकि टीम इंडिया ने इस चुनौती को और बड़ा कर दिया है। पिछले दो-तीन वर्षों से देखने में आ रहा है कि टीम इंडिया 240 से 260 रनों का टारगेट कई बार प्रतिद्वंद्वी टीमों को दे चुकी है।

# शीतला अष्टमी : भक्ति, स्वास्थ्य व समर्पण का संगम

**शीतला माता से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक प्रसिद्ध कथा के अनुसार, एक गांव में एक महिला ने शीतला माता की पूजा न करके ताजा भोजन बनाया और अपने परिवार को खिलाया। माता शीतला इस पर कुपित हो गई और उस गांव में चेचक का प्रकोप फैल गया। जब गांव वालों ने पश्चाताप कर माता की विधिवत पूजा की और बासी भोजन ग्रहण किया तो रोग समाप्त हो गया। इस घटना के बाद से लोग शीतला अष्टमी पर बासी भोजन खाने की परंपरा का पालन करने लगे। एक अन्य कथा के अनुसार, एक बार भगवान शिव और माता पार्वती ने देवी शीतला से उनके प्रभाव के बारे में पूछा।**



**श्वेता गोयल**

शीतला अष्टमी, जिसे 'बसोड़ा' के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे विशेष रूप से भारत के विभिन्न हिस्सों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार होली के बाद चौत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है और मुख्य रूप से देवी शीतला माता की उपासना के लिए समर्पित है, जिनको लेकर मान्यता है कि वे चेचक, फोड़े-फुंसी, त्वचा संबंधी रोगों तथा अन्य संक्रामक बीमारियों से रक्षा करती हैं। पंचांग के अनुसार शीतला अष्टमी का व्रत इस साल 11 मार्च 2026 को रखा जाएगा। चौत्र मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी 11 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 1:54 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन 12 मार्च को भोर के समय 4:19 बजे तक रहेगी, ऐसे में उदया तिथि के अनुसार शीतला अष्टमी 11 मार्च को मनाई जाएगी। शीतला अष्टमी का मुख्य उद्देश्य शीतला माता की पूजा करना है, जिन्हें रोगों से मुक्ति और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। इस दिन लोग बासी भोजन का भोग लगाकर और शीतला माता की पूजा करके उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। चूंकि इस दिन बासी भोजन खाने की परंपरा है, इसीलिए कई स्थानों पर इसे बसोड़ा पर्व के रूप में जाना जाता है। शीतला माता की पूजा में बासी भोजन का भोग लगाया जाता है, जिसे एक दिन पहले बनाया जाता है। इस भोजन में आमतौर पर मीठे चावल, दही, पूड़ी और सब्जी शामिल होती हैं।

### पुराणों में शीतला अष्टमी की महिमा

पुराणों में भी शीतला अष्टमी की महिमा उल्लेखित है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और देवी भागवत जैसे ग्रंथों में देवी शीतला की महत्ता का उल्लेख किया गया है। शीतला माता को रोग-निवारण करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है और उन्हें शांत, सौम्य और वात्सल्यपूर्ण स्वरूप में देखा जाता है। उनकी सवारी गधा मानी जाती है और उनके हाथों में झाड़ू तथा कलश होता है, जो स्वच्छता और रोग निवारण का प्रतीक हैं। शीतला अष्टमी का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक महत्व भी है। यह त्योहार हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं से जोड़ता है और हमें स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की याद दिलाता है तथा यह भी स्मरण कराता है कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना चाहिए। शीतला माता की पूजा करने से हमें स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व का अहसास होता है। शीतला माता की पूजा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इस पर्व की शुरुआत प्राचीन काल में हुई मानी जाती है, जब समाज में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए विशेष पूजा-पद्धतियों को अपनाया गया। चेचक जैसी बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए शीतला माता की आराधना की जाने लगी। मान्यता है कि जो भक्त इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखते हैं और माता की पूजा करते हैं, उन्हें रोगों से मुक्ति मिलती है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### लोक परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं

शीतला अष्टमी के साथ कई लोक परंपराएं जुड़ी हुई हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न रूपों में प्रचलित हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में यह पर्व विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में तो शीतला माता के बड़े-बड़े मंदिर हैं, जहां इस दिन श्रद्धालु विशेष रूप से दर्शन करने जाते हैं। इस दिन घरों में चूल्हा जलाने की मनाही होती है क्योंकि माना जाता है कि बासी भोजन में शीतलता होती है, जो शरीर को ठंडक प्रदान करती है और बीमारियों से बचाती है। इस दिन विशेष रूप से महिलाएं अपने घर की सफाई करती हैं और रोगों से बचाव के लिए शुद्धता बनाए रखने का संकल्प लेती हैं। कई स्थानों पर लोग इस दिन गधे की पूजा भी करते हैं क्योंकि गधे को शीतला माता का वाहन माना जाता है। कुछ स्थानों पर इस दिन गधों को स्नान कराकर उन्हें भोजन खिलाने की परंपरा भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद को फुटबॉल का पेले कहने वाले ओली की गति सबसे बुरी

नेपाल का चुनाव परिणाम आ चुका है। काठमांडू के पूर्व मेयर जो एक उच्च शिक्षित इंजिनियर के साथ साथ रैपर भी हैं,इनकी सुनामी में कम्युनिस्ट नेता प्रचंड को छोड़ सबके सब लापता हो गए। एमाले नेता और चार बार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली कहते थे कि दुनिया में कोई मां का लाल नहीं है जो उन्हें हटा सके,केपी ओली आज द केपी ओली कहते हुए वे खुद को फुटबाल का पेले मानते थे। झापा क्षेत्र संख्या पांच से केपी ओली 50,000 अधिक के अंतर चुनाव सारे हैं। हराया कौन है? वही 35 वर्षीय गबरू जवान जिले दुनिया वालेन शाह के नाम से जाना रही है।

काठमांडू का मेयर रहते टाइम मैगजीन ने इस शख्स को दुनिया के सौ बड़ी शख्सियतों में सुमार कर बड़ी से बड़ी शख्सियतों को चौंका दिया था। नेपाल में विरोधी तो उपहास तक उड़ाने लगे। इस सबसे बेफिक्र बालेन शाह चुपचाप अपना काम करते रहे। बताने की जरूरत नहीं कि 2023 में वे काठमांडू जैसे नेपाल के सबसे बड़े महानगर का मेयर निर्दल चुनाव लड़ कर जीते थे। ठीक 6 महीने पूर्व जेन जी आंदोलन का बड़ा चेहरा बनकर उभरे बालेन शाह चुनाव की घोषणा के बाद पूर्व गृहमंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए और एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को नेपाल की राजनीति से करीब कघ्रीब रुखसत कर दिया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी लहर में सभी पुरानी पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने को जूझते हुए दिखाई पड़ीं। सबसे बड़ी व पुरानी पार्टी नेपाली कांग्रेस के हिस्से में महज 18 सीटें आई। इसके नीचे बाकी सभी पार्टियां रहीं। 275 के संसद में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 185 सदस्यों के बीच दस पांच सदस्यों वाली ए पार्टियां करेंगी क्या,अब इस पर बहस शुरू हो गई है। नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की .ढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अ"याशी पूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गई। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुई तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गई। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सुनामी से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा प्रचंड बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी। सरकार बालेन शाह के नेतृत्व में बनना तय है। पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने बालेन शाह को पार्टी में शामिल होते ही प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। नेपाल की राजनीति में पत्रकार से राजनेता बने रवि लामी छाने की इस चुनावी बिसात की तारीफ हर ओर हो रही है। नई सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री होंगे,यह भी तय है। सरकार गठन के पूर्व उन्होंने लंबे समय तक सरकार में रहे राजनीतिक दलों से 40 साल का हिसाब लेने का बयान देकर पुरानी राजनीतिक दलों में खलबली मचा दी है। उनका यह बयान भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुली जंग के ऐलान के रूप में देखा जा रहा है।

बता दें कि नेपाली कांग्रेस हो या एमाले, घूम फिर कर सरकार इन्हीं के नेतृत्व में बनती रही है। देखा जाए तो 2008 के बाद नेपाल में सरकार सरकार का खेल ऐसा चला कि ए जनता की ताकत को ही भूल गए। ए लोग केवल अपने और अपने परिवार के विकास तक ही सीमित रहे। एमाले और नेपाली कांग्रेस के एक से एक बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। जैसा कि रवि लामी छाने ने कहा, यदि वे इस पर अमल कर ले गए तो यकीन मानिए, एमाले और नेपाली कांग्रेस के ढेर सारे बड़े नेता सलाखों के पीछे होंगे। मुमकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ इस मुहिम में इस बार नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा भी न बच पाएं। इन दोनों पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप है। ओली सरकार में बहुत कम दिनों तक गृहमंत्री रहे रवि लामी छाने की छवि एक सख्त गृहमंत्री की उभर कर जनता के सामने आई थी। उन्होंने एक से एक राजनीतिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता में अपनी छवि ईमानदार नेता की बना ली थी। अमरीकी पृष्ठभूमि के रवि लामी छाने का रुख भारत के प्रति कैसा होता है यह देखना दिलचस्प होगा। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने चुनाव परिणाम में पार्टी की बढ़त के बीच काठमांडू में मीडिया के सवालों के जवाब में साफ कहा कि भारत से मधुर संबंध को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उसे साथ लेकर नेपाल को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन बालेन शाह जो हैं तो चीन के खिलाफ लेकिन भारत के प्रति उनके रुखघ्को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है क्योंकि बतौर मेयर उनका अपने कक्ष में ग्रेटर नेपाल का लगाया मानचित्र भारत को खटकता रहा क्योंकि इस नक्शे में भारत के कई इलाकों को नेपाली भू-क्षेत्र दर्शाया गया है। खैर तब वे मेयर थे अब वे एक ऐसे राष्ट्र के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं जिसका संबंध भारत से केवल खानापूर्ति जैसा नहीं है, दोनों के बीच रोटी बेटी का सदियों पुराना रिश्ता है ही, दोनों देश भौगोलिक, रीत रिवाज और सांस्कृतिक सभ्यता की दृष्टिकोण से भी एक दूसरे से जुड़े हैं। भारत नेपाल के संबंधों को नजदीक से जानने वालों द्वारा दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों और समझौते की पुनर्समीक्षा की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल नेपाल की संभावित बालेन सरकार इसे लेकर शायद ही कोई जल्दबाजी दिखाएं।



**यशोदा श्रीवास्तव**

माना कि वे राजनीति के मजे मजाए खिलाड़ी न हों लेकिन एक उच्च शिक्षित शख्सियत तो हैं ही। वेशक वे नेपाल के अबतक के इतिहास में सबसे कम उम्र 35 वर्ष के प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं लेकिन यह उनके सरकार चलाने में आड़े आए,ऐसी सोच ठीक नहीं है। बालेन शाह से नेपाल के युवाओं और महिलाओं को काफी उम्मीदें हैं। वे जेन जी आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे। आज उनकी इस बात को लेकर तारीफ हो रही है कि जो शख्स नेपाल के दुश्वारियों को भांप कर सरकार अपदस्थ करने का माद्दा रखता हो, उसके सरकार चलाने में किसी संशय की गुंजाइश नहीं है। ऐसे चुनाव परिणाम की आशा विपक्षी दलों को नहीं थी। पुरानी कोई भी पार्टी विपक्ष के लायक भी सीटें जीतने की स्थिति में नहीं आ पाई। इसी चुनाव में नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा की भी परीक्षा हो गई। सबसे बुरे दौर में नेपाली कांग्रेस आ खड़ी हुई। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जंग के बीच ईरान में नए युग की शुरुआत

## अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई बने ईरान के नए सर्वोच्च नेता, पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का लेंगे स्थान



■ ईरानी सेना अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है

**तेहरान/नई दिल्ली।** अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। वह अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई का स्थान लेंगे, जो 28 फरवरी को इजरायल-अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने बताया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की विशेषज्ञों की परिषद (असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स) ने सोमवार तड़के अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का तीसरा नेता घोषित किया। एक बयान में, परिषद ने कहा कि अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की 'शहादत' के तुरंत बाद, युद्ध की स्थिति, दुश्मन की धमकियों और असेंबली के कार्यालयों पर बमबारी के बावजूद, उन्होंने नया नेता चुनने में कोई संक. ोच नहीं किया। बयान में कहा गया कि अपने संवैधानिक और आंतरिक कर्तव्यों के अनुरूप, परिषद ने तेजी से एक असाधारण सत्र बुलाने और उत्तराधिकारी नियुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। आठ सितम्बर 1969 को मशहद में जन्मे मोजतबा खामेनेई, अली खामेनेई के दूसरे बेटे हैं। 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने अमेरिका और इजरायल के साथ युद्ध शुरू होने के एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद उन्हें इस्लामिक गणराज्य का नया सर्वोच्च नेता नामित किया है। अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद, तीन सदस्यीय एक अस्थायी नेतृत्व परिषद ने नया नेता चुने जाने तक देश का नेतृत्व किया। इस परिषद में जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और न्यायपालिका प्रमुख गुलामहुसैन मोहसेनी-एजेई शामिल थे। एमएनए के अनुसार, ईरानी सेना, अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है। सोमवार तड़के जारी बयानों में, ईरान के अधिकारियों और संगठनों ने नए चुने गए नेता के प्रति अपनी वफादारी की घोषणा की। ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने खामेनेई के प्रति निष्ठा जताते हुए एक बयान में पुष्टि की कि वे दुश्मनों की साजिशों के खिलाफ खड़े रहेंगे और देश की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शिया धर्मगुरु खामेनेई (56) ईरानी सत्ता के गलियारों में सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं और उन्हें शक्तिशाली 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) का करीबी माना जाता है। ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने ईरानी लोगों से नए चुने गए नेता के पीछे खड़े होने और 'एकता बनाए रखने' का आग्रह किया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि खामेनेई का बेटा उन्हें 'अस्वीकार्य' होगा। उन्होंने कहा था कि यदि नियुक्ति उनकी इच्छा के अनुसार नहीं हुई, तो ईरान का नया नेता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।

## नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने कुनो राष्ट्रीय उद्यान में दिया पांच शावकों को जन्म

**नई दिल्ली।** नामीबिया से आई चीता 'ज्वाला' ने मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस जन्म के साथ, भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत की चीता संरक्षण यात्रा में यह एक और महत्वपूर्ण सफलता है। यादव ने इसे 'प्रोजेक्ट चीता' के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों के समर्पित प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने यह भी बताया कि इन शावकों के जन्म के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या 53 हो गई है।



**नई दिल्ली। ईरानी सांस्कृतिक केंद्र और दूतावास के दौरे के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती बात करते हुए।**

## चीन ने 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले अलगाववादियों को कड़ी सजा दी

**बीजिंग।** चीन ने 2025 में 'ताइवान की स्वतंत्रता' की मांग करने वाले कट्टर अलगाववादियों को कड़ी सजा दी है। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय संसद सत्र में विचार-विमर्श के लिए जमा की गई रिपोर्ट के अनुसार, चीन में अलगाव रोधी कानून को सख्ती से लागू किया गया है। सुप्रीम पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने उसी दिन समीक्षा के लिए जमा की गई अपनी वर्क रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए अलगाववाद को भड़काने के अपराधों के लिए कट्टर 'ताइवान की स्वतंत्रता' के अलगाववादियों को कानून के अनुसार सजा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो के खराब रोस्टर प्रबंधन के कारण काहिरा में फंसे 250 यात्री

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की रोस्टर प्रबंधन में विफलता एक बार फिर सामने आई है, लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट को पायलट-ड्यूटी से संबंधित नियमों के कारण काहिरा में उतारना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 2 लंदन से मुंबई जा रही थी, लेकिन पायलट की ड्यूटी की अधिकतम सीमा का उल्लंघन हो रहा था, इसलिए उड़ान को मिस्र की राजधानी काहिरा में उतारा गया। उन्होंने बताया कि उड़ान काहिरा से मंगलवार सुबह मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। उड़ानों की ट्रैकिंग करने वाली एजेंसी फ्लाइट रडार के अनुसार, यह उड़ान भारतीय समय के अनुसार, सोमवार तड़के 3:05 बजे लंदन से रवाना हुई थी।

### अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ इजरायल जाएंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद, उद्यमी जेरेड कुशनर मंगलवार को इजरायल जाएंगे। मीडिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों नेता दौरे के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे।

### बेल्जियम के लिएज में सिनेगॉग के बाहर धमाका

**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम के लिएज शहर में एक सिनेगॉग (यहुदी उपासना स्थल) के पास विस्फोट हुआ। बेल्गा समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में स्थानीय पुलिस के हवाले से जानकारी दी गई है कि सोमवार को हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इमारत को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:00 बजे (03:00 जीएमटी) हुआ। धमाके के कारण इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। सिनेगॉग के सामने वाली सड़क की घेराबंदी कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया में युद्ध का कोई उद्देश्य साफ नहीं: जैक सुलिवन

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ईरान से जंग पर जताई चिंता, ट्रम्प की रणनीति की आलोचना की



■ अमेरिकी संसद में एच-1बी प्रतिबंध खत्म करने को विधेयक पेश, डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती
■ ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष अब अपने दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है। इसके बाद भी ये संघर्ष कम होने के बजाय और भयावह रूप लेता नजर आ रहा है। इसी बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहक. ार जैक सुलिवन का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन के ईरान के साथ युद्ध को लेकर चिंता व्यक्त की है। साथ ही ट्रम्प की ईरान के साथ युद्ध नीति की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा है कि युद्ध एक स्पष्ट रणनीतिक उद्देश्य के बिना भटक सकता है, भले ही अमेरिकी सैन्य अभियान सामरिक स्तर पर सफल दिख रहे हों।

सुलिवन ने सीएनएन के शो 'फरेद जकारिया जीपीएस' में कहा कि अमे. रिकी सेना बहुत कुशल, साहसी और पेशेवर है, लेकिन युद्ध का अंतिम उद्देश्य अब भी साफ नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह युद्ध अमेरिकी सैनिकों के लिए खतरा पैदा कर रहा है, और अब तक सात सैनिकों की जान जा चुकी है। उनका कहना है कि प्रशासन ने युद्ध के लिए कई अलग-अलग वजहें बताई हैं, लेकिन कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है, और यह समय के साथ बदलती रहती हैं। सुलिवन ने आगे कहा कि युद्ध के शुरुआती एक हफ्ते से भी ज्यादा समय बाद अस्पष्ट रणनीति एक गंभीर जोखिम है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन की वेनेजुएला में पहले की कार्रवाई से गलत सबक लेने की भी आलोचना की। उनका कहना है कि इससे यह संदेश जा सकता है कि अमेरिका कहीं भी, किसी भी समय सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही सुलिवन ने चेतावनी दी कि इस युद्ध के अनपेक्षित भू-राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं, जिससे खासकर रूस को फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि रूस अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों की जानकारी हासिल कर ईरान को मदद दे सकता है। इसके अलावा पूर्व सलाहकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू करने का फैसला यूक्रेन के लिए अमेरिका के समर्थन को कमजोर करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह युद्ध भू-राजनीति में खतरनाक मिसाल बना सकता है, और चीन इसे यह सोचकर देख सकता है कि ताइवान पर सैन्य कार्रवाई करने की उसकी क्षमता बढ़ गई है। सुलिवन ने निष्कर्ष निकाला कि युद्ध के बिना स्पष्ट रणनीति के जारी रहने से न सिर्फ अमेरिकी सैनिक खतरे में हैं, बल्कि यह दुनिया भर में बड़े देशों के लिए गलत संदेश भी भेज सकता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा एच-1बी वीजा से संबंधित लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक नया विधेयक पेश किया गया है। डेमोक्रेटिक सांसद बोनी वाटसन कोलमैन ने यह विधेयक पेश कर राष्ट्रपति ट्रम्प के उस फैसले को निरस्त करने की मांग की है, जिसमें एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त वेतन शर्तें और भारी शुल्क लगाए गए थे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सितम्बर 2025 में एक ऐसे फैसले की घोषणा की थी, जिसके तहत एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वेतन स्तर को काफी बढ़ा दिया गया और ऐसे कर्मचारियों को रखने वाले नियोक्ताओं पर एक लाख डालर का शुल्क भी लगाया गया। इस फैसले का उद्देश्य कथित तौर पर अमेरिकी श्रमिकों के हितों की रक्षा करना था। हालांकि, डेमोक्रेटिक सांसद कोलमैन का मानना है कि यह 'अल्पदृष्टि वाली घोषणा' अमे. रिकी नियोक्ताओं, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और शोध संस्थानों के लिए बड़ी बाधाएं खड़ी कर रही है। ये संस्थान उच्च कौशल वाले पेशेवरों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। कोलमैन ने जोर देकर कहा कि एच-1बी वीजा प्रोग्राम कभी भी घरेलू वर्कफोर्स का विकल्प नहीं रहा है, बल्कि यह अमेरिकी और वैश्विक प्रतिभा के बीच एक सेतु का काम करता है, जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करता है। एच-1बी वीजा प्रोग्राम अमेरिकी नियोक्ताओं को उन विशेष क्षेत्रों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जहाँ कुशल श्रमिकों की कमी होती है। विशेष रूप से टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में इस कार्यक्रम की महत्ता सर्वविदित है। कोलमैन के विधेयक को कई लोगों का समर्थन मिला है। समर्थकों का कहना है कि अधिक वेतन सीमा और महंगे शुल्क के कारण कार्यक्रम को कड़ा बनाने से उन संस्थानों के लिए आवश्यक प्रतिभा को आकर्षित करना मुश्किल हो गया है, जो नवाचार (इनोवेशन) और महत्वपूर्ण सेवाओं को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने से पहले नेतन्याहू से भी बात होगी: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा।

'द टाइम्स ऑफ इजराइल' के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वर्तमान सैन्य कार्रवाई से पहले ईरान इजराइल को नष्ट करने के करीब था। उन्होंने कहा कि ईरान इजराइल और उसके आसपास की हर चीज को तबाह करने जा रहा था। हमने मिलकर काम किया है। हमने उस देश को नष्ट कर दिया है जो इजराइल को मिटाना चाहता था। यह पूछे जाने पर कि क्या अभियान को रोकने का अधिकार पूरी तरह से अमेरिका के पास है या इस निर्णय में इजराइल का भी समान प्रभाव है, ट्रम्प ने संकेत दिया कि दोनों नेता एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह कुछ हद तक आपसी है। हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूंगा, लेकिन हर बात को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अंतिम फैसला उनका होगा, लेकिन नेतन्याहू के विचारों पर भी विचार किया जाएगा। जब ट्रम्प से पूछा गया कि यदि अमेरिका अपनी तरफ से कार्रवाई रोक देता है, तो क्या इजराइल स्वतंत्र रूप से सैन्य अभियान जारी रख सकता है, तब उन्होंने इस संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसकी आवश्यकता होगी। ये टिप्पणियां तब आई हैं जब व्हाइट हाउस ने सुझाव दिया है कि यह संघर्ष चार से छह सप्ताह तक चल सकता है, हालांकि ट्रम्प ने किसी विशिष्ट समय सीमा की घोषणा नहीं की है। यह लड़ाई 28 फरवरी को अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के साथ शुरू हुई थी। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। यह साक्षात्कार ईरान द्वारा मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुने जाने की घोषणा के कुछ ही समय बाद हुआ।

## पाक में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में करीब 20 आतंकी ढेर किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मुठभेड़ में करीब 20 आतंकियों को ढेर कर दिया है।

खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने पांच अलग-अलग खुफिया अभियानों में 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने रविवार को बताया कि ये अभियान 6 और 7 मार्च को चलाए गए थे। सबसे बड़ी कार्रवाई बाजौर जिले में हुई, जहां भीषण गोलाबारी के बाद पांच आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इसके अलावा बन्नू, डेरा इस्माइल खान, खैबर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में हुई मुठभेड़ों में आठ अन्य आतंकी मारे गए। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने रविवार रात पंजाब प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के चार आतंकवादियों को मार गिराया। पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के अनुसार, पंजाब का डेरा गाजी खान जिला एक बड़े आतंकवादी हमले से बाल-बाल बच गया, क्योंकि 'फितना अल-खवारिज' (टीटीपी) के चार आतंकवादी सीमावर्ती गांव जोतार के पास सीटीडी के साथ गोलीबारी में मारे गए। इलाके में लगभग 15 आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक खुफिया ऑपरेशन चलाया, जिन्होंने डीजी खान में पुलिस चेकपाइंट और अन्य सरकारी ठिकानों पर हमला करने की योजना को अंतिम रूप दिया था।

## फिलीपींस के बाद अब इंडोनेशिया खरीदने जा रहा है ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल एक बार फिर सुर्खियों में है और फिलीपीन्स के बाद इंडोनेशिया भी अपने सशस्त्र बलों के लिए यह मिसाइल प्रणाली खरीदने जा रहा है। इंडोनेशिया की मीडिया रिपोर्टों में वहां के रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उसने ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद को अंतिम रूप दे दिया है। लंबे समय से चली आ रही बातचीत के बाद इस सौदे को अंतिम रूप दिया गया है। हालाकि अभी इस बारे में कोई औपचारिक अनुबंध नहीं हुआ है।

# ईरान की मदद क्यों नहीं कर रहे हूती विद्रोही

## 10 दिन बाद भी जंग से दूर शिया लड़ाके, समर्थन में सिर्फ बयान दे रहे ईरान के सहयोगी माने जाते हैं यमन के हूती विद्रोही

■ अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं
■ पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी

**तेहरान।** इजरायल और अमे. रिका के ईरान पर हमले के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव फैल गया है। इस जंग में ईरान, इजरायल, सऊदी, लेबनान, यूएई जैसे मिडिल ईस्ट के कुल 12 देश शामिल हो चुके हैं। हालांकि जंग के 10 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक यमन इससे दूर है। यमन में हूती विद्रोही रहते हैं जो कि ईरान के सहयोगी माने जाते हैं।

अक्टूबर 2023 में गाजा जंग शुरू होने के बाद कई बार इजरायल और हूती विद्रोही एक-दूसरे पर हमला कर चुके हैं। पिछले साल जून में इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन जंग चली थी, तब भी हूती विद्रोही इस जंग में शामिल थे। हालांकि इस बार 28 फरवरी से जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले शुरू किए, तब से अब तक हूती विद्रोहियों ने ईरान का समर्थन केवल बयानों के जरिए ही किया है। हालांकि यह साफ नहीं है कि वे आगे भी इस जंग से दूर रहेंगे या नहीं। यमन अभी तक इजरायल और अमे. रिका के हमलों से बचा हुआ है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि हूती जंग में हिस्सा लेंगे। फिलहाल उनका इससे दूर रहना किसी रणनीति से जुड़ा हो सकता है। मिडिल ईस्ट मामलों पर नजर रखने वाले लुका नेवोला ने अल जजीरा से कहा कि हूती विद्रो. हियों की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि अमेरिका और इजरायल की सीधी जवाबी कार्रवाई से बचा जाए। पिछले साल अगस्त में इजरायल ने यमन में हवाई हमले किए थे, जिनमें हूती सरकार के कम से कम 12 सीनियर मेंबर मारे गए थे। इनमें प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी और आर्मी चीफ मोहम्मद अल-घुमारी भी शामिल थे। यह हूती विद्रोहियों के लिए बहुत बड़ा नुकसान था। अमेरिका तथा इजरायल के साथ टकराव में उनकी सबसे बड़े नुकसान में से एक माना गया था। अहमद अल रहावी की मौत 28 अगस्त 2025 को सना (यमन) में इजरायली एयरस्ट्राइक में हुई थी। इस घटना और पिछले साल हुए अन्य हमलों के बाद हूती लीडरशिप अब ज्यादा सतर्क हो गया है। उन्हें डर है कि अगर वे बड़ा कदम उठाते हैं तो उनके नियंत्रण वाले इलाकों पर भारी हवाई हमले हो सकते हैं। नेवोला के मुताबिक हूती विद्रोहियों को इजरायल की खुफिया क्षमता से भी डर है और उन्हें आशंका है कि उनकी टॉप लीडरशिप को निशाना बनाया जा सकता है।

# ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 115 डॉलर के पार निकला, एक्सपर्ट बोले: 150 डॉलर तक पहुंच सकती हैं कीमत




■ दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है, सऊदी अरब, इराक व कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। आज यानी 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25 प्रतिशत बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था।

क्रूड आयल बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 'स्ट्रेट आफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के जवाब में, ईरान ने कतर, सऊदी अरब और कुवैत की आयल फैसिलिटीज पर ड्रोन हमले किए हैं। इन हमलों के कारण इन देशों को अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ी है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने धमकी दी है कि वे क्षेत्र के अन्य ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाएंगे। 2 मार्च को ईरान ने ड्रोन से सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको की तेल रिफाइनरी रास तनूरा पर हमला किया था। यह दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। ब्रेंट क्रूड आज 10प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेड कर रहा है। 28 फरवरी को शुरू हुई जंग के बाद से 10 दिन में कच्चा तेल करीब 50प्रतिशत महंगा हो चुका है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के दौरान ये 100 डॉलर के पार निकला था। जानकारों का मानना है कि तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। ये 5 से 6 रुपये लीटर तक महंगा हो सकता है। हालांकि भारत सरकार का कहना है कि हमारे पास पर्याप्त तेल है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह बैकअप इतना है कि अगर सप्लाई पूरी तरह रुक भी जाए तो भी देश की पूरी सप्लाई चेन 7 से 8 हफ्तों तक आसानी से चल सकती है। यानी आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कमी की ज्यादा चिंता नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया था कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट दी जा रही है। इसके लिए अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की ओर से भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया था, लेकिन अमेरिका भारत पर इसकी खरीद रोकने का दबाव बनाता रहा है।

## नेपाल संसदीय चुनाव में 14 महिलाओं की जीत

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही में संपन्न संसदीय चुनाव में 14 महिलाएं संसद के लिए चुनी गई हैं, जो कुल सीटों का करीब आठ प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इनमें से 13 सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट नेपाली कांग्रेस के खाते में गई है। यह आंकड़ा पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। वर्ष 2022 के चुनाव में केवल 9 महिला उम्मीदवार ही जीत पाई थीं, जो कुल सीटों का करीब 5.45 प्रतिशत थीं। नेपाल के संविधान में संसद में महिलाओं के लिए कम से कम 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का प्रावधान है, लेकिन अब तक राजनीतिक दल इस लक्ष्य को पूरा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत इस बार 14 महिलाओं की जीत के साथ उनका प्रतिनिधित्व लगभग 8.48 प्रतिशत तक पहुंचा है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीटें हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के जरिए चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपा. तिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से संसद में आते हैं। इस बार चुनाव में कई महिला उम्मीदवारों ने बड़े नेताओं को हराकर जीत हासिल की।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108